





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 337 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.1 2081 शुक्रवार, 28 फरवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## ममता बोलीं- भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती

कोलकाता, 27 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में कहा, 'भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ईसी की मदद से फर्जी वोटरों को वोटर लिस्ट में शामिल किया।'ममता ने कहा- भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग के ऑफिस में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। ज्यादातर वोटर गुजरात और हरियाणा से हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में विपक्ष इन तथ्यों का पता नहीं लगा पाया। उन्होंने कहा- मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें।

# महाकुंभ में कोई कमी रही हो तो माफ करना : मोदी



प्रयागराज, 27 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ के समापन पर पीएम मोदी ने ब्लॉग लिखा है। इसका शीर्षक है- 'एकता का महाकुंभ-युग परिवर्तन की आहट'। उन्होंने लिखा जब एक राष्ट्र की चेतना जागृत होती है, जब वो सैकड़ों साल की गुलामी की मानसिकता के सारे बंधनों को तोड़कर नव चैतन्य के साथ हवा में सांस लेने लगता है, तो ऐसा ही दृश्य उपस्थित होता, जैसा हमने महाकुंभ में देखा। इतना विशाल आयोजन आसान नहीं था।

मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करता हूं कि अगर हमारी आराधना में कुछ कमी रह गई हो तो क्षमा करिएगा। श्रद्धालुओं की सेवा में भी अगर हमसे कुछ कमी रह गई हो, तो जनता का क्षमाप्रार्थी हूं।

पीएम ने सीएम योगी की तारीफ की। उन्होंने कहा- योगी जी के नेतृत्व में शासन, प्रशासन और जनता ने मिलकर इस एकता के महाकुंभ को सफल बनाया। केंद्र हो या राज्य, यहां ना कोई शासक था, ना कोई प्रशासक था, हर कोई श्रद्धा भाव से भरा सेवक था। आजादी के बाद भारत की इस शक्ति के विराट स्वरूप को अगर हमने जाना होता और इस शक्ति को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की ओर मोड़ा होता, तो ये गुलामी के प्रभावों से बाहर निकलते भारत की बहुत बड़ी शक्ति बन जाती, लेकिन हम तब ये नहीं कर पाए।

## महाकुंभ के सफाईकर्मियों के लिए योगी का बड़ा एलान

### 10 हजार का बोनस... 16000 माह न्यूनतम वेतन और मुफ्त इलाज की घोषणा



प्रयागराज , 27 फरवरी (एजेंसियां)। महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी घोषणा की है। महाकुंभ में लगे यूपी के सफाई कर्मचारियों को 10 हजार का अतिरिक्त बोनस मिलेगा। इसके अलावा न्यूनतम 16000 प्रति माह वेतन की घोषणा की है। इसके अलावा महाकुंभ में कार्यरत सभी कर्मियों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। अप्रैल से कर्मचारियों के खाते में रुपये भी भेजे जाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को पहले आठ से 11 हजार रुपये माह मिलते थे। अब इसे अप्रैल से बढ़ाकर कम से कम 16 हजार किया जाएगा।

इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को आयुष्मान योजना से जोड़कर जन आरोग्य बीमा का भी लाभ दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ 2025 के दौरान सबसे बड़े समन्वयित सफाई अभियान का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने आज पुरस्कार प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार समेत प्रदेश कैबिनेट के मंत्रियों और अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन किया। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के समापन के बाद प्रयागराज में नाव चालकों से बातचीत करते हुए सीएम ने कहा, "पंजीकरण के बाद हर नाव चालक को 5 लाख रुपये की बीमा योजना दी जाएगी। नाव खरीदने के लिए धनराशि दी जाएगी। जिन लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा नहीं है, उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर किया जाएगा।"

## प्रोफेसर को डीन बनाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे की प्रशंसा करने के आरोपी एनआईटी-कालीकट के प्रोफेसर को डीन नियुक्त करने का मामला तूल पकड़ने लगा है। कांग्रेस ने इस मामले में मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा यह फैसला ""गांधी का दिखावा और गोडसे का महिमामंडन करने'' की सरकार की मानसिकता का हिस्सा है।

डॉ. शैजा ए को 7 मार्च से योजना व विकास विभाग का डीन नियुक्त किया गया है। महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर नाथूराम गोडसे की कथित प्रशंसा करने के आरोप में डॉ. शैजा के खिलाफ पुलिस में मामला लंबित है। कांग्रेस संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, केरल में एक प्रोफेसर जो सार्वजनिक रूप से कहती हैं कि उन्हें भारत को बचाने के लिए गोडसे पर गर्व है, उन्हें मोदी सरकार ने एनआईटी-कालीकट में डीन बना दिया है। उन्होंने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के बीच चयन नहीं कर सके और वह अब भाजपा के सांसद हैं। रमेश ने एक्स पर कहा, यह सब गांधी का दिखावा करो, गोडसे का महिमामंडन करो है।

# तेलंगाना टनल हादसा, डरे मजदूर काम छोड़ रहे

## एसपी बोले- 8 लोग कब मिलेंगे कह नहीं सकता
## 5वें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी




हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इसमें 8 मजदूर फंस गए। इन्हें सुरक्षित निकालने के लिए आज पांचवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ताजा अपडेट के अनुसार, रेस्क्यू टीमों ने फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए अब टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के हिस्से और अन्य बाधाओं को काटकर रास्ते से हटाना शुरू कर दिया है। वहीं, हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के मारे काम छोड़कर जा रहे हैं। इधर, नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि फंसे हुए लोग आज मिल जाएंगे या नहीं। टनल के अंदर क्षतिग्रस्त कन्वेयर बेल्ट के आज ठीक होने की उम्मीद है। इसके बाद मलबे को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

### टनल बोरिंग मशीन को काटा जा रहा

रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे एक अधिकारी ने बताया कि गैस कटिंग मशीनें अंदर ले जाए गए हैं। रात में भी टनल बोरिंग मशीन और अन्य रुकावटों को रास्ते से काटकर हटाया गया।

तेलंगाना के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को बताया कि टनल में फंसी टीबीएम को गैस कटर से काटकर हटाया जाएगा। इसके बाद आर्मी, नेवी , रैट माइनर्स और एनडीआरएफ की टीम फिर से आठ लोगों को बचाने का के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। हालांकि उनकी सुरक्षा को लेकर भी समझौता नहीं किया जाएगा।

### डरे हुए मजदूरों ने काम छोड़ना शुरू किया

हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के कारण काम छोड़कर चले गए हैं। सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल प्रोजेक्ट में 800 लोग काम कर रहे हैं। इनमें से 300 लोकल और बाकी झारखंड, ओडिशा और उत्तर प्रदेश से हैं।

अधिकारी ने यह भी कहा कि शुरुआत में मजदूरों में डर जरूर है। हालांकि कंपनी ने उनके लिए आवासीय कैंप बनाए हैं। कुछ लोग वापस जाना चाह सकते हैं, लेकिन हमारे पास इस बात की कोई रिपोर्ट नहीं है कि सभी मजदूर एक साथ छोड़कर जा रहे हैं।

रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ के 145 और एसडीआरएफ के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है। उसे भी रेस्क्यू में लगाया गया है।

# वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरी

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही जेपीसी ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। जेपीसी की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में एनडीए सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे जेपीसी के पास भेजा गया था। इसके बाद जेपीसी ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी।

# हिंदी ने 25 भाषाओं को खत्म किया : स्टालिन

### यूपी-बिहार कभी हिंदी क्षेत्र नहीं थे; भाजपा ने स्टालिन के बयान को मूर्खतापूर्ण बताया

चेन्नई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि जबरन हिंदी थोपने से 100 सालों में 25 नॉर्थ इंडियन भाषाएं खत्म हो गईं।

स्टालिन ने गुरुवार को X पर पोस्ट करते हुए कहा- एक अखंड हिंदी पहचान की कोशिश प्राचीन भाषाओं को खत्म कर रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार कभी भी हिंदी क्षेत्र नहीं थे। अब उनकी असली भाषाएं अतीत की निशानी बन गई है।

स्टालिन ने लिखा- दूसरे राज्यों के मेरे प्रिय बहनों और भाइयों, क्या आपने कभी सोचा है कि हिंदी ने कितनी भारतीय भाषाओं को निगल लिया है? भोजपुरी, मैथिली, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी,



संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली, कुरुख, मुंडारी, और कई सारी भाषाएं अब अस्तित्व के लिए हांफ रहे हैं। वहीं बीजेपी ने स्टालिन के बयान को मूर्खतापूर्ण बताया।

चेन्नई में डीएमके की रैली में उदयनिधि स्टालिन ने कहा- धर्मेंद्र प्रधान ने हमें खुलेआम धमकी दी है कि फंड तभी जारी किया जाएगा जब हम तीन-भाषा फॉर्मूला स्वीकार करेंगे। लेकिन हम आपसे भीख नहीं मांग रहे हैं। जो राज्य हिंदी को स्वीकार करते हैं, वे अपनी मातृभाषा खो देते हैं। केंद्र लैंग्वेज वॉर शुरू न करें।

तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने कहा- केंद्र हमारे ऊपर हिंदी न थोपे। अगर जरूरत पड़ी तो उनका राज्य एक और लैंग्वेज वॉर के लिए तैयार है।

5वीं और जहां संभव हो 8वीं तक की क्लासेस की पढ़ाई मातृभाषा, स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा में करने पर जोर है। वहीं, गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जा सकती है। साथ ही, हिंदी भाषी राज्यों में दूसरी भाषा के रूप में कोई अन्य भारतीय भाषा (जैसे- तमिल, बंगाली, तेलुगु आदि) हो सकती है।

## एफआईआर के बिना भी मिल सकती है अग्रिम जमानत

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि अग्रिम जमानत का प्रावधान जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होता है। यानी, अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तब भी वह अग्रिम जमानत के लिए अदालत जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने यह फैसला सुनाया।

अदालत ने पिछले साल 16 मई को इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। फैसला सुनाते हुए, सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि अग्रिम जमानत से जुड़े दंड प्रक्रिया संहिता और नए कानून 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' के प्रावधान, जीएसटी और कस्टम कानूनों पर भी लागू होंगे। इस फैसले के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को जीएसटी या कस्टम कानून के तहत गिरफ्तारी का डर है, तो वह अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है, भले ही एफआईआर दर्ज न हुई हो। इस मामले में विस्तृत फैसला आना अभी बाकी है। यह याचिका 2018 में राधिका अग्रवाल नाम की महिला तरफ से दायर की गई थी।

# मणिपुर सीएम की रेस में 3 नाम, तीनों मैतेई

इंफाल, 27 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में भाजपा एक बार फिर से मैतेई कम्युनिटी के नेता को मुख्यमंत्री बना सकती है। रेस में तीन नाम आगे चल रहे हैं। तीनों मैतेई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह भी मैतेई समुदाय के हैं। हालांकि, कुकी के साथ भाजपा के कई मैतेई विधायक अब उनके खिलाफ हैं।

मणिपुर में कुकी-मैतेई के बीच 3 मई 2023 से हिंसा हो रही है। बीरेन सिंह पर हिंसा के दौरान मैतेइयों को कुकी के खिलाफ उकसाने के आरोप हैं। 9 फरवरी को उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। न

ए नाम पर विधायकों में सहमति नहीं बनने पर केंद्र ने 13 फरवरी को राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया।

## सैम पित्रोदा बोले- भारत में मेरी प्रॉपर्टी नहीं

### राजीव-मनमोहन सरकार में सैलरी नहीं ली; भाजपा नेता का दावा- 150 करोड़ की जमीन पर कब्जा किया

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। राहुल गांधी के करीबी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा पर कर्नाटक के एक भाजपा नेता ने 150 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है। इस पर पित्रोदा ने कहा- भारत में मेरे पास कोई जमीन, घर या शेयर नहीं है।

कर्नाटक भाजपा नेता एन आर रमेश बेंगलुरु से पार्षद रह चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पित्रोदा ने 5 अफसरों की मदद से बेंगलुरु के येलहंका में 12.35 एकड़ की सरकारी जमीन अवैध रूप से हासिल की। उन्होंने लीज की अवधि खत्म होने के बाद भी जमीन वापस नहीं की। जमीन की वैल्यू 150 करोड़ रुपए है।

रमेश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कर अनुरोध किया कि जमीन कब्जे मामले में शामिल अधिकारी समेत सभी लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज होना चाहिए।

बीजेपी नेता रमेश ने अपनी शिकायत में कहा कि पित्रोदा ने 23 अक्टूबर 1993 को मुंबई महाराष्ट्र के को-ऑपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार ऑफिस में फाउंडेशन फॉर रिवाइटलाइजेशन ऑफ लोकल हेल्थ ट्रेडिशन नाम से एक ऑर्गनाइजेशन रजिस्टर किया था। पित्रोदा ने कर्नाटक राज्य वन विभाग से औषधीय जड़ी-बूटियों के संरक्षण और रिसर्च के लिए एक रिजर्व वन क्षेत्र को लीज पर देने का अनुरोध किया।

पित्रोदा के अनुरोध पर विभाग ने 1996 में बेंगलुरु के येलहंका के पास जरकबांडे कवल में बी ब्लॉक में 12.35 एकड़ आरक्षित वन भूमि को पांच साल की लीज पर दे दिया।

## विधानसभा के बाहर रोके गए आप विधायक, अमानतुल्लाह को एंट्री

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि आप के 21 निष्कासित विधायकों को पुलिस ने बैरिकेड लगाकार विधानसभा में नहीं घुसने दिया। सिर्फ अमानतुल्लाह को ही एंट्री मिली। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आप ने 22 सीटों पर जीत हासिल की थी। विधानसभा के गेट के बाहर आप नेता आतिशी की अधिकारियों के साथ बहस भी हुई। इसे लेकर पूर्व सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया। उन्होंने लिखा कि बीजेपी ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दी। ऐसा दिल्ली विधानसभा के इतिहास में कभी नहीं हुआ कि चुने हुए विधायकों को विधानसभा परिसर के अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा। आप नेता संजीव झा ने कहा कि हमारे ये संवैधानिक अधिकारों का हनन है। दरअसल, दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान हंगामा मचा था. स्पीकर ने आप के 21 विधायकों को 3 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया था। निलंबन 28 फरवरी तक है. जिस दिन एलजी का अभिभाषण था उस दिन अमानतुल्लाह अब्सेंट थे, इसलिए उन्हें बाहर नहीं किया गया था। आज जब वह विधानसभा पहुंचे तो उन्हें विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेने दिया गया है।

पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि बीजेपी वालों ने सरकार में आते ही तानाशाही की हदें पार कर दी। जय भीम के नारे लगाने के लिए तीन दिन के लिए आम आदमी पार्टी के विधायकों को सदन से निलंबित किया। और आज आप विधायकों को विधानसभा परिसर में घुसने भी नहीं दिया जा रहा।




# दिल्ली से भगाई 'आपदा' अब पंजाब पर मंडरा रही

## सिसोदिया बना रहे शराब नीति; मान की नींद उड़ी

चंडीगढ़, 27 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा निशाना साधा है। वीरवार को अपने एक्स पर एक वीडियो शेयर कर जाखड़ ने कहा कि दिल्ली से भगाई आपदा अब पंजाब पर मंडरा रही है। बीते कुछ दिनों से जिस प्रकार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पंजाब में बने हुए हैं उससे मुख्यमंत्री भगवंत मान को नींद तक नहीं आ रही है और उनका ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ है। जाखड़ ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि पंजाब की नई शराब नीति मनीष सिसोदिया तैयार कर रहे हैं, इस नई शराब नीति पर आज कैबिनेट की बैठक में ड्राफ्ट पर चर्चा हुई है और इसे लगभग फाइनल कर दिया गया है। जाखड़ ने कहा कि उन्हें अब सीएम मान और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की चिंता है। क्योंकि दिल्ली में जो शराब नीति बनाई गई थी, उसी के तर्ज पर अब पंजाब में नई शराब नीति बनाई जा रही है।

# एमपी हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से 'सुप्रीम' इनकार

## यूनियन कार्बाइड के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान का मामला



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मध्य प्रदेश के पीथमपुर में खतरनाक अपशिष्ट के निपटान संबंधी आज के परीक्षण पर भी रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कचरे के निपटान का विरोध करने वाली नागरिक संस्थाओं के सदस्यों सहित पीड़ित पक्षों से इस मामले पर सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट के पास जाने को कहा। जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई), राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के विशेषज्ञों ने मुद्दों पर अपने विचार दिए हैं, जिन पर उच्च न्यायालय के साथ-साथ विशेषज्ञ पैनल ने भी गौर किया है। शीर्ष अदालत ने कचरे के निपटान का विरोध करने वाली नागरिक संस्थाओं के सदस्यों सहित पीड़ित पक्षों से इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के पास जाने को कहा।

**कोर्ट ने 25 फरवरी को प्राधिकारियों से कहा था**

इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने 25 फरवरी को प्राधिकारियों से कहा था कि वे उसे मध्य प्रदेश के धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान के संबंध में बरती गई सावधानियों के बारे में अवगत कराएं।

**पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक संयंत्र में निपटान के लिए ले जाया गया था**

अब बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से लगभग 377 टन खतरनाक कचरे को भोपाल से 250 किलोमीटर और इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक संयंत्र में निपटान के लिए ले जाया गया था। 5,479 लोग मारे गए थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से दो-तीन दिसंबर, 1984 की रात को अत्यधिक जहरीली गैस 'मिथाइल आइसोसाइनेट' (एमआईसी) का रिसाव हुआ था, जिसके कारण 5,479 लोग मारे गए थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। इसे दुनिया की सबसे भयावह औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है।

# खजूर में छिपाकर लाया था 13 लाख का सोना, दिल्ली एयरपोर्ट पर पकड़ा गया

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली एयरपोर्ट पर सोने की स्मगलिंग का एक ऐसा मामला सामने आया, जिसमें खाद्य सामग्री में छिपा कर सोने की तस्करी की जा रही थी। दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम डिपार्टमेंट ने गोल्ड तस्करी के मामले में एक यात्री पकड़ा, जो खजूर के अंदर सोना छिपाकर लाया था। एक यात्री को जेद्दा से दिल्ली आ रही फ्लाइट एसवी-756 से पहुंचा था। कस्टम विभाग के मुताबिक, ग्रीन चैनल से बाहर निकलते समय उसकी गतिविधियों पर शक होने पर रोका गया। इसके बाद यात्री के बैग की चेकिंग की गई, जिसमें एक्स-रे स्कैनिंग में कुछ संदिग्ध फोटो दिखाई दी। बाद में जब उसे डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) से चेक किया गया तो अधिकारियों का शक और बढ़ गया। बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें खजूर के अंदर छिपाकर रखा गया 172 ग्राम सोना बरामद हुआ। यह सोना कटे हुए टुकड़ों और एक चेन के रूप में था। मामले में कस्टम विभाग की जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यात्री ये सोना किसे सौंपने वाला था।

# बार मालिक पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश, वारदात सीसीटीवी में कैद

पुणे, 27 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे से एक दिल दहलाने वाली बड़ी खबर सामने आई है। इसमें मामूली से अनबन को लेकर बार मालिक पर पेट्रोल डालकर उसे जिंदा जलाने की कोशिश की गई। जिसके बाद पीड़ित बार मालिक इस तरह की वारदात को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात पुणे के भारती विद्यापीठ इलाके में स्थित संजीवनी बार एंड रेस्टोरेंट बार के बाहर कुछ लोग गुंडागर्दी कर रहे थे तो इस हरकत को लेकर बार के मालिक ने उन्हें डांटा जिसके चलते इन लोगों ने बार के मालिक को जमकर पीटा।

# इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गांजा तस्करी का पर्दाफाश, दो विदेशी महिलाएं गिरफ्तार



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने दो थाई महिलाओं को गांजे की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिलाओं के पास से 27.08 किलो गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 27.09 करोड़ बताई जा रही है। दरअसल, ये मामला 19 फरवरी 2025 का है। जब फ्लाइट नंबर एसईआर377 से फुकेत से आई दो थाई महिला यात्रियों को एयरपोर्ट के ग्रीन चैनल से गुजरते वक्त कस्टम अधिकारियों ने रोका। उनके साथ चार बड़े ट्रॉली बैग थे। जब उनके बैग्स की एक्स-रे जांच की गई तो उनमें कुछ संदिग्ध चीज़ें दिखी। इसके बाद अधिकारियों ने बैग्स को खोलकर बारीकी से चेक किया। बैग की जांच के दौरान 54 पॉलीथिन पैकेट बरामद हुए। जिनमें हरे रंग का एक नशीला पदार्थ मिला। जब पदार्थ की जांच की गई जांच में गांजे की पुष्टि हो गई। कस्टम विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। इसके बाद दोनों को 21 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद गांजे को भी कस्टम ने अपने कब्जे में लिया है। कस्टम अधिकारियों के मुताबिक ये मामला इंटरनेशनल ड्रग तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है। अब ये पता लगाने की कोशिश की जा रही है

# परिचित ने बिजनेसमैन को किडनैप कर बेटे से मांगे 25 लाख, जान से मारने की धमकी भी दी'

मुंबई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। मुंबई की वकोला पुलिस ने एक बुजुर्ग बिजनेसमैन के अपहरण के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। पुलिस ने मुंबई के कांदिवली और राम मंदिर इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पीड़ित को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित कपड़ा व्यापारी है। वह अक्सर कच्छ और मुंबई के बीच यात्रा करता रहता है। 20 फरवरी को मुंबई पहुंचने पर उसे एक परिचित ने बहला-फुसलाकर अपने दो साथियों की मदद से अगवा कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने व्यापारी के बेटे से 25 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। जिसके बाद पीड़ित के परिवार ने नजदीकी वकोला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। वकोला पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज करने के जांच शुरू की।

# 'नेता रहने के लायक नहीं', किस बीजेपी लीडर पर फायर हुआ हाई कोर्ट, जमकर सुनाया



कोच्चि, 27 फरवरी (एजेंसियां)। केरल हाई कोर्ट ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले बीजेपी नेता पीसी जॉर्ज को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वो 30 साल से विधायक हैं और इतनी जल्दी उकसावे में आ जाते हैं तो वो नेता रहने लायक ही नहीं हैं। पीसी जॉर्ज के वकील ने तर्क दिया था कि वह 74 वर्ष के वरिष्ठ राजनेता हैं, जिन्होंने 30 वर्षों तक पूंजर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा कि ये घटना एक चैनल पर बहस के दौरान हुई थी, जिसमें उनके साथ डिबेट कर रहे पैनलिस्ट ने उन्हें उकसाया और आरोप लगाए, जिसके बाद याचिकाकर्ता की जुबान फिसल गई और उन्होंने ऐसा बयान दे दिया, जिस पर केस दर्ज हो गया।' वकील ने अग्रिम जमानत मांगते हुए कहा कि हालांकि उन्होंने तुरंत सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर टिप्पणी के लिए माफी भी मांगी थी। केरल हाई कोर्ट के जज ने पीसी जॉर्ज को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा, 'अगर याचिकाकर्ता जैसे राजनेता, जिनके पास विधायक के रूप में करीब 30 सालों का अनुभव है, उन्हें इस तरह आसानी से उकसाया जा सकता है तो वह नेता बने रहने लायक नहीं हैं।' हाई कोर्ट के आदेश में कहा गया, 'आजकल धर्म, जाति आदि के आधार पर बयान देने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ये हमारे संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ हैं। इन प्रवृत्तियों को शुरू में ही खत्म कर देना चाहिए। अगर कोई इसका उल्लंघन करता है तो क्या कोई अपराधी केवल जुर्माना देकर भी अपराध से बच सकता है, यह संसद और विधि आयोग द्वारा विचार किए जाने वाला मामला है।' अदालत ने ये भी कहा कि याचिकाकर्ता को पहले भी इसी तरह के एक मामले में जमानत दी गई थी और जमानत की शर्त यह थी कि वह ऐसा कोई भाषण या बयान नहीं देंगे जिससे इन अपराधों के घटित होने की आशंका हो। उच्च न्यायालय ने कहा, 'याचिकाकर्ता ने शर्तों का उल्लंघन किया है। अगर यह न्यायालय इस तरह के मामलों में जमानत देता है तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा। लोग सोचेंगे कि जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने पर भी उन्हें अदालत से अग्रिम जमानत मिल जाएगी। समाज में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए।'

**बीजेपी नेता ने डिबेट में क्या कहा था?**

बीती 5 जनवरी को एक टीवी शो के दौरान पीसी जॉर्ज ने कथित रूप से मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'भारत में सभी मुस्लिम आतंकी और सांप्रदायिक हैं। इस बयान को लेकर ईराट्टुपेट्टा के रहने वाले मोहम्मद शिहाब ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था। फिलहाल वह 14 दिनों की पुलिस रिमांड में हैं।

# नकली पुलिस दरोगा कर रहे थे गाड़ियों की चैकिंग असली पुलिसवालों ने घेराबंदी करके दबोचा

ग्वालियर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। ग्वालियर में बाइक सवार दो युवकों द्वारा खुद को पुलिस दरोगा बताकर वाहन चालकों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक मिनी ट्रक और लोडिंग वाहन को रोककर कागजात जांचने के बहाने धमकाया और वाहन में तोड़फोड़ की। पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक साथी फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी मुरैना के कैलारस निवासी हैं और फरार आरोपी की तलाश जारी है। टना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के रेसकोर्स रोड की है, जहां भिंड निवासी आकाश भदौरिया का लोडिंग वाहन चालक राजू शाक्य देर रात 3 बजे महाराज बाड़े की ओर जा रहा था। तभी तीन बाइक सवार युवकों ने बुलट अड़ाकर वाहन रोका और खुद को दरोगा बताकर कागजात मांगे।

# अचानक सीने में दर्द, फिर हार्ट अटैक से मौत

रायगढ़, 27 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में नगरपालिका स्कूल के 14 वर्षीय छात्र की एक 'थीम पार्क' में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। छात्र वहीं कई अन्य स्टूडेंट्स के साथ घूमने गया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार को उस समय हुई जब घनसोली के निगम स्कूल के छात्र घूमने के लिए खोपोली स्थित 'इमेजिका थीम पार्क' गए थे। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान आठवीं कक्षा के छात्र आयुष धर्मेंद्र सिंह को बेचैनी महसूस होने लगी और वह बेंच पर बैठ गया और फिर अचानक बेहोश हो गया। अधिकारी ने बताया कि छात्र को पार्क के कर्मचारियों और शिक्षकों की मदद से परिसर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसके बाद आयुष धर्मेंद्र सिंह को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# निकाय चुनाव से पहले सीएम नायब सैनी पहुंचे दिल्ली, पीएम मोदी से मिले

## दिल्ली जीत पर दी बधाई



चंडीगढ़, 27 फरवरी (एजेंसियां)। निकाय चुनाव से पहले वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अचानक दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सैनी ने दिल्ली विधानसभा की ऐतिहासिक जीत पर पीएम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्लीवासियों को भी केंद्र की हर योजना का लाभ मिलेगा। वहीं केंद्र सरकार के साथ मिलकर चलने से दिल्ली के कार्यों की गति दोगुनी होगी। सैनी ने हरियाणा के आधारभूत विकास और भविष्य की परियोजनाओं के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी दी। मोदी ने हरियाणा में केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजनाओं की रिपोर्ट ली।

भविष्य में केंद्र सरकार के साथ मिलकर हरियाणा के सतत विकास और विकसित भारत 2047 के संकल्प में हरियाणा की भागीदारी पर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई। आगामी निकाय चुनाव को लेकर भी सैनी और मोदी में चर्चा हुई। तीस मिनट चली बैठक के बाद सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सहयोग से हरियाणा को और भी विकसित बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

# एक के बाद एक भूकंप से दहलता भारत, 10 दिनों में दिल्ली, बिहार, असम में क्यों लगे झटके?

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। पिछले कुछ समय से देश के अलग-अलग राज्यों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। आमतौर पर इन भूकंप के झटकों को सुबह के समय महसूस किया गया। 17 फरवरी को दिल्ली में सुबह-सुबह 4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गए। इनका केंद्र दिल्ली-एनसीआर में ही था। आज भी नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, 27 फरवरी की सुबह असम में भूकंप से लोगों के बीच दहशत फैल गई। अचानक से सोते-सोते लोग अपने-अपने घरों से उठकर बैठ गए। भूकंप के कारण लोग सहम गए। असम में ये भूकंप मोरीगांव जिले में रिक्टर पैमाने पर 5.0 तीव्रता का मापा गया। राज्य में आए इस भूकंप के झटके को कई अलग-अलग जगहों पर भी महसूस किया गया।

# 'मर्सिडीज गिफ्ट' वाला बयान देकर फंसीं नीलम गोरे

## उद्धव ठाकरे की नेता ने भेजा लीगल नोटिस



मुंबई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधान परिषद की सदस्य और उप सभापति नीलम गोरे के एक बयान से शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे नाराज दिख रहे हैं। नीलम गोरे के 'मर्सिडीज' वाले बयान के तीन दिन बाद अब शिवसेना यूबीटी की ओर से उन्हें लीगल नोटिस भेजा गया है। उद्धव गुट का दावा है कि नीलम गोरे ने अपने बयान से न केवल उद्धव ठाकरे बल्कि अविभाजित शिवसेना की छवि खराब करने की भी कोशिश की है। दरअसल, रविवार (23 फरवरी) को मराठी साहित्य सम्मेलन में भाषण देते हुए नीलम गोरे ने दावा किया था कि अविभाजित शिवसेना में बड़े पद पाने के लिए नेताओं को उद्धव ठाकरे को मर्सिडीज गाड़ियां गिफ्ट करनी पड़ती थीं।

***लीगल नोटिस में क्या लिखा है?***

रिपोर्ट के मुताबिक, अब शिवसेना यूबीटी नेता सुषमा अंधारे की ओर से एडवोकेट असीम सरोदे ने नीलम गोरे को लीगल नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि नीलम गोरे ने शिवसेना यूबीटी और पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के खिलाफ मानहानिकारक बयान दिया है और अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन जैसे बड़े मंच से उनका अपमान किया गया है। नोटिस में इस बात का जिक्र है कि नीलम गोरे दावा करती हैं कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में जब अविभाजित शिवसेना थी, तब महत्वपूर्ण पद केवल उन्हें मिलते थे, जो ठाकरे को मर्सिडीज कार गिफ्ट करते थे। वहीं, उन्होंने यह भी दावा किया था कि पार्टी के अंदर नियुक्ति केवल उन लोगों की हुई जिन्होंने उद्धव ठाकरे को अपनी आर्थिक ताकत दिखाई।

नोटिस में लिखा गया है कि ये सब बेतुके बयान हैं और अविभाजित शिवसेना की छवि खराब करने के उद्देश्य से दिए गए हैं। नोटिस में लिखा गया है कि नीलम गोरे के बयान को मीडिया में दिखाया गया है, जिससे शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे की छवि खराब हुई है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने भी उस सम्मेलन में भाषण दिया, लेकिन कोई भी आपत्तिजनक बयानबाजी नहीं की।

**ऐसे बयान के लिए साहित्यिक मंच को चुना जाना गलत**

नोटिस में यह भी कहा गया है, "यह अफसोसजनक है कि आपने (नीलम गोरे) आधारहीन आरोप लगाने और प्रमुख उद्धव बालासाहेब ठाकरे के साथ-साथ तत्कालीन अविभाजित शिवसेना को बदनाम करने के लिए साहित्यिक मंच को चुना है।" नोटिस में यह भी लिखा गया है कि अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के आयोजकों ने भी सार्वजनिक रूप से नीलम गोरे के बयान पर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था कि 'हम किसी को भी ऐसे बयान देने से नहीं रोक सकते लेकिन हम उनसे साहित्यिक सम्मेलनों का सम्मान करने की उम्मीद करते हैं। यह स्थान ऐसे आरोप लगाने के लिए नहीं था।'

# बांसबाड़ा-जलई मार्ग पर घूमता दिखा गुलदार, लोगों में दहशत, दो दिन पहले ही महिला को बनाया था निवाला

रुद्रप्रयाग, 27 फरवरी (एजेंसियां)। रुद्रप्रयाग बांसबाड़ा-जलई मोटर मार्ग पर एक गुलदार घूमता दिखाई दिया, जिसके बाद से यहां क्षेत्र में लोगों में दहशत का माहौल है। दरअसल दो दिन पहले ही गुलदार ने यहां एक महिला को अपना निवाला बना डाला। महिला को मारने वाले गुलदार को वन विभाग ने आदमखोर घोषित कर दिया है। रुद्रप्रयाग के जखोली ब्लॉक मुख्यालय से लगे देवल गांव में खेत में घास काट रही बुजुर्ग महिला को गुलदार ने मार डाला था। घटना के बाद से ग्रामीणों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग से गुलदार को आदमखोर घोषित कर जल्द मारने की मांग की है। लम्बाड़ में एक महिला को घायल किया

# इडली खाने से कैंसर! एक्सपर्ट्स के दावे के बाद जांच में जुटी एफएसएसएआई, लिए सैंपल



बेंगलुरु, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बेंगलुरु में खाने के शौकीनों के लिए चौंकाने वाली खबर है। खासकर होटलों में जाकर इडली का लुत्फ उठाने वाले ग्राहकों को अब काफी सावधान रहना होगा। इसका कारण खाद्य विभाग की तरफ से किए गए परीक्षण में पाया गया तथ्य है। खाद्य विभाग की जांच से पुष्टि हुई है कि बेंगलुरु के कई होटलों में तैयार की जाने वाली इडली असुरक्षित है। खाद्य विभाग को बेंगलुरु के विभिन्न हिस्सों से इडली के सैंपल लिए थे और उनको लैब में भेजकर टेस्ट कराया। लैब की रिपोर्ट के मुताबिक 35 से अधिक इडली के नमूने असुरक्षित हैं। बेंगलुरु में कई स्थानों पर इडली बनाने के लिए कपड़े के स्थान पर प्लास्टिक कवर का उपयोग किया जा रहा है। प्लास्टिक का उपयोग न केवल इडली बनाने में किया जा रहा है, बल्कि भोजन परोसने और पैकेजिंग में भी किया जा रहा है। प्लास्टिक शीट गर्मी के संपर्क में आने पर हानिकारक पदार्थ उत्सर्जित करती है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी थी कि यह कैंसरकारी है। विशेषज्ञों की चेतावनी के बाद खाद्य विभाग ने बेंगलुरु में कई स्थानों से इडली के नमूने इकट्ठा किए हैं। खाद्य एवं मानक विभाग ने बेंगलुरु के विभिन्न हिस्सों से 500 से अधिक इडली के नमूने एकत्र किए, इनमें से 35 से अधिक इडली नमूने असुरक्षित पाए गए। हालांकि अभी कुछ नमूनों का इंतजार किया जा रहा है। खाद्य विभाग पूरी रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद प्लास्टिक पेपर पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। इससे पहले कर्नाटक के खाद्य विभाग ने गोल गप्पे की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई थी। राज्य में में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 260 जगहों से पानीपूरी के सैंपल लिए, जिनमें से 41 सैंपल में नकली रंग और कैंसर पैदा करने वाले तत्व मिले थे। इसके अलावा खाद्य विभाग ने गोभी मंचूरियन, और अन्य फास्ट फूड के खिलाफ कार्रवाई की थी और कहा था कि इनमें रसायनों और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल के कारण कैंसर हो सकता है। रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने रोडामीन-बी नाम के फूड कलर पर प्रतिबंध लगा दिया।

# दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को बताया 'चुनावी हिंदू', पूछा किसलिए महाकुंभ नहीं गए



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने कांग्रेस सांसदों राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राहुल और प्रियंका गांधी को 'चुनावी हिन्दू' करार दिया है और कहा है कि इसलिए वे लोग प्रयागराज महाकुंभ नहीं पहुंचे। प्रवेश वर्मा का कहना है, चुनाव खत्म होते ही ये लोग टोपी पहन लेते हैं। वहीं, दिल्ली विधानसभा परिसर में आम आदमी पार्टी के विधायकों की रोक पर मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि सदन में जब उप राज्यपाल संबोधित कर रहे हों तो उनकी बात काटकर हंगामा नहीं कर सकते। उस दौरान वे (आप विधायक) नारे नहीं लगा सकते। प्रवेश वर्मा ने दावा किया कि विधायकों का निलंबन सही आधार पर हुआ। दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा गुरुवार (27 फरवरी) को दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि दिल्ली की कई सड़कें और पुलियां टूटी पड़ी हैं, लेकिन पिछली सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, यह पुलिया दो साल से खराब पड़ी थी, लेकिन कोई फॉलो-अप नहीं हुआ। अब हमने तुरंत टेंडर देने का निर्देश दिया है और अप्रैल तक इस पुलिया को चालू करने की दिशा में काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने पिछली सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा, "अरविंद केजरीवाल सरकार की अनदेखी की वजह से इस प्रोजेक्ट की लागत दोगुनी हो गई है। पिछले 10 साल में अरविंद केजरीवाल की सरकार का एक भी मंत्री यहां निरीक्षण करने तक नहीं आया।"

**पिछली सरकार के खर्चों की होगी जांच**

मंत्री ने कहा, "पिछली सरकार ने जनता के पैसों का सही इस्तेमाल नहीं किया। आखिर अरविंद केजरीवाल ने जनता के पैसे कहां खर्च किए?" उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार इस पूरे मामले की गहन जांच करेगी और जनता को सही जानकारी देगी।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, 6 जिलों से 104 हथियार और गोला-बारूद बरामद

इंफाल, 27 फरवरी (एजेंसियां)। हिंसा से प्रभावित उत्तर भारतीय राज्य मणिपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि संघर्ष प्रभावित मणिपुर के छह जिलों में लोगों ने स्वेच्छा से कुल 104 हथियार और गोलाबारूद जमा किए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये हथियार कांगपोकपी, इंफाल पूर्व, विष्णुपुर, थौबल, इंफाल पश्चिम और काकचिंग जिलों में बुधवार को जमा किए गए। यह समय सीमा अधिकारियों द्वारा हथियार जमा करने के लिए दी गई सात दिन की अवधि समाप्त होने से एक दिन पहले थी। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने 20 फरवरी को संघर्ष प्रभावित राज्य के लोगों से सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए



हथियारों को स्वेच्छा से जमा करने का आग्रह किया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस अवधि के दौरान हथियार जमा करने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

सुविचार: अपनी उड़ान के लिये किसी की राय ना मांगे बस अपने ऊपर विश्वास रखना

# मुख्यमंत्री और उद्योग मंत्री ने दुबई के एमार प्रतिनिधियों के साथ बैठक की



हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दुबई स्थित एमार प्रॉपर्टीज के प्रबंधन ने राज्य सरकार से संपर्क किया है और विभिन्न मामलों में कंपनी की लंबित परियोजनाओं पर विवादों के समाधान पर चर्चा की है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने गुरुवार को सचिवालय में एमार प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। एमार के संस्थापक और प्रबंध निदेशक मोहम्मद अलबर, भारत में यूएई के पूर्व राजदूत डॉ. अहमद अल बन्ना, एमार समूह के सीईओ अमित जैन और कंपनी के अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रमुख मुस्तफा अकरम ने बैठक में भाग लिया।

एमार प्रॉपर्टीज ने 2001 में तत्कालीन राज्य सरकार के साथ हैदराबाद में कन्वेंशन सेंटर, होटल, गोल्फ कोर्स, विला और अन्य परियोजनाओं के निर्माण जैसी परियोजनाओं में निवेश करने के लिए समझौते किए थे। उस दौरान कंपनी द्वारा एपीआईआईसी के साथ किए गए समझौतों में कथित अनियमितताओं के मामले में सीबीआई और ईडी ने मामले दर्ज किए।

मामलों की जांच और अदालतों में सुनवाई अभी भी जारी है। तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पिछली बीआरएस सरकार ने अक्टूबर 2015 में एमार प्रॉपर्टीज द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय सचिव स्तरीय समिति का गठन किया था। विदेश मंत्रालय और भारत के सॉलिसिटर जनरल ने भी इस मामले पर राज्य सरकार को कई सुझाव दिए थे। एमार प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान अधिकारियों ने इन सभी मुद्दों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। चूंकि जांच एजेंसियों द्वारा जांचे गए मामले और आरोप पत्र कानूनी मुद्दों से संबंधित हैं, इसलिए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को एमार समझौता दस्तावेजों, अदालती मामलों के विवरण, केंद्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की गहन जांच करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने एमार प्रॉपर्टीज मामले को सुलझाने के लिए 2015 में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पिछली सरकार द्वारा गठित समिति के अलावा कानूनी विशेषज्ञों की एक समिति के गठन का भी आदेश दिया।रेवंत रेड्डी ने कानूनी विवादों का अध्ययन करने और सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के लिए यूएई सरकार की मंजूरी से एक कानूनी एजेंसी स्थापित करने के कंपनी के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा गठित समिति उनसे परामर्श करेगी और आगे के सुझाव और सलाह देगी। मुख्य सचिव शांति कुमारी, महाधिवक्ता सुदर्शन रेड्डी, विशेष मुख्य सचिव (उद्योग) जयेश रंजन, विशेष मुख्य सचिव (वित्त) रामकृष्ण राव, सीएमओ सचिव शेषाद्रि, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी, टीजीआईआईसी के एमडी विष्णुवर्धन रेड्डी और कानून सचिव तिरुपति भी बैठक में मौजूद थे।

## रेलवे विशेष ट्रेन सेवाएं चलाना जारी रखेगा

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए भुवनेश्वर और यशवंतपुर के बीच रेलवे विशेष ट्रेन सेवाएं चलाना जारी रखेगा। ट्रेन नं. 02811 (भुवनेश्वर-यशवंतपुर) शनिवार को 1 मार्च से 26 अप्रैल तक चलेगी। ट्रेन नं. 02812 (यशवंतपुर-भुवनेश्वर ) सोमवार को 3 मार्च से 28 अप्रैल तक चलेगी। ये विशेष ट्रेनें खुरदा रोड, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीककुलम आरडी, विजियानगरम, कोट्टावलासा, डुवावाड़ा, समलकोट, राजमंड्री, विजहयाद, विजयाल, संभ्रह, सनापुर, सनापुर धर्मवरम, एसएसएसपी निलयम और हिंदुपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

## रमजान: अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक ने शहर की मस्जिदों में व्यवस्था की समीक्षा की

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक, शेख यास्मीन बाशा, आईएएस ने मक्का मस्जिद, रॉयल मस्जिद और सचिवालय मस्जिदों के लिए रमजान के पवित्र महीने के संबंध में चल रही व्यवस्थाओं पर अल्पसंख्यक कल्याण के अधिकारियों और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हैदराबाद के साथ एक समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण निदेशक ने रमजान 2025 के लिए उपरोक्त मस्जिदों की व्यवस्थाओं के लिए अलग से व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए तथा जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उनकी जानकारी प्रतिदिन ग्रुप में पोस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि उपरोक्त सभी मस्जिदों में शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक नियमित ड्यूटी के बाद इफ्तार के समय व्यवस्थाओं की जांच के लिए एमडब्ल्यू विभाग के 30 कर्मचारियों को रोस्टरवार तैनात किया गया है। इसके अलावा, कार्यों को शुरू करने के लिए दी गई अनुमति की समीक्षा की गई है और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हैदराबाद ने सूचित किया है कि, सभी विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक आइटम कार्य, रसायन और उपकरण, कालीनों की सफाई, कॉयर फुट मैट, फ्लोर मैट, डोर मैट प्रदान करना, नए वाटर कूलर प्रदान करना, अतिरिक्त मजदूर प्रदान करना, हाउस कीपिंग आइटम, जेनरेटर की सर्विसिंग आदि जैसे सभी कार्य शुरू हो गए हैं और यह रमजान, 2025 के पवित्र महीने की शुरुआत से दो दिन पहले पूरा हो जाएगा। मक्का मस्जिद, रॉयल मस्जिद और सचिवालय मस्जिदों के सभी कर्मचारियों को नज़राना (यानी रमजान महीने में काम करने के लिए एक महीने के वेतन के बराबर) जारी करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। अंत में, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, हैदराबाद को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं कि सभी उपासकों और रोजेदारों को सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और यदि उपरोक्त तीन मस्जिदों में कोई और आवश्यकता उत्पन्न होती है, तो इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा किया जाना चाहिए।

## कालेश्वरम आयोग के समक्ष पेश हुए पूर्व ईएनसी

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तीन पूर्व इंजीनियर-इन-चीफ (ईएनसी)- नल्ला वेंकटेश्वरलू, मुरलीधर राव और नरेंद्र रेड्डी- ने गुरुवार को कालेश्वरम आयोग के समक्ष गवाही दी। सत्र के दौरान, आयोग ने तीनों ईएनसी से एक साथ पूछताछ की और मामले के तथ्यों को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। आयोग ने पाया कि इंजीनियरों ने कई दस्तावेज छिपाए थे और डिजाइन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और निर्माण कंपनी और सरकार के बीच समझौतों के बारे में चिंता जताई थी। अन्नाराम और सुंडिला बैराज के स्थानों में बदलाव के पीछे के निर्देश के बारे में पूछे जाने पर, अधिकारियों ने संकेत दिया कि संशोधनों का आदेश तत्कालीन मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और तत्कालीन सिंचाई मंत्री हरीश राव ने दिया था। बैराजों में पानी भरने की अनुमति किसने दी, इस बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में पूर्व ईएनसी ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री और तत्कालीन सिंचाई मंत्री के निर्देशों के बाद पानी का भंडारण किया गया था। इसी तरह, जब आयोग ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए व्यापकॉन को काम आवंटित करने के निर्देश के बारे में पूछा, तो यह स्पष्ट किया गया कि व्यापकॉन को यह कार्य केवल पिछले प्रशासन के निर्देशों के आधार पर सौंपा गया था।

# सुरंग में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान जारी: उत्तम



नगरकुरनूल, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एसएलबीसी (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञों और उन्नत उपकरणों के साथ बहु-एजेंसी बचाव अभियान जोरों पर है। सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने आश्वासन दिया कि बचाव और राहत अभियान दो से तीन दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा, और सुरंग का काम दो से तीन महीने में फिर से शुरू हो जाएगा। गुरूवार को नागरकर्नूल जिले में डोमलपेंटा के पास एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना स्थल पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मंत्री ने इस घटना को भारतीय इतिहास की सबसे जटिल और जटिल सुरंग दुर्घटनाओं में से एक बताया, उन्होंने कहा कि पहली बार, बचाव अभियान के लिए इतनी सारी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को एक एकीकृत कमान के तहत एक साथ लाया गया है । "सुरंग आपदाओं में विशेषज्ञता रखने वाली ग्यारह शीर्ष एजेंसियां बेजोड़ समन्वय और विशेषज्ञता के साथ काम कर रही हैं। मंत्री ने आगे कहा कि बचाव दल चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं और फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए सबसे उन्नत तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं। साइट पर प्लाज्मा कटर, उच्च श्रेणी के शटर और मलबा हटाने वाली मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ रणनीति की देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाधाओं को दूर करने के लिए सुरंग बोरिंग मशीनों और डीवाटरिंग प्रक्रियाओं को फिर से सक्रिय किया गया है। उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, "यह एक बेहद चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन है और इस क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ इसमें शामिल हैं। वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं और अपनी जान जोखिम में डालकर इस बचाव कार्य को पूरा कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि श्रमिकों और बचावकर्ताओं दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइट पर एहतियाती प्रतिबंध लगाए गए हैं। उत्तम कुमार रेड्डी ने बचाव कार्यों की आलोचना करने के लिए बीआरएस नेताओं, खासकर हरीश राव की कड़ी निंदा की। उन्होंने सुरंग दुर्घटना के लिए पिछली बीआरएस सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उसने एक दशक तक एसएलबीसी परियोजना की उपेक्षा की।

## बीएसएनएल को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए: ईटेला राजेंद्र

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरी के सांसद ईटेला राजेंद्र ने आज कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए और हैदराबाद को इसमें बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। आज हैदराबाद में आयोजित दूरसंचार सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेने वाले सांसद ईटेला राजेंद्र ने कहा कि सभी सांसद बीएसएनएल के पुनरुद्धार का समर्थन करेंगे। वह चाहते हैं कि बीएसएनएल इस अवधारणा पर आए कि वह दूरसंचार क्षेत्र में सर्वोच्च है और एक महान कंपनी के रूप में विकसित होने के लिए आवश्यक योजनाएं तैयार करे। उन्होंने कहा कि जब बिना केबल वाली कंपनियां बढ़ रही हैं, तो बीएसएनएल को भी इसी तरह बढ़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विचार था कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को सुधार करना चाहिए और कहा कि वे इलेक्ट्रॉनिक युग में हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल एक ऐसी कंपनी है जो लाभ और हानि के लिए नहीं बल्कि सेवा उन्मुखता के साथ काम करती है।

# सिकंदराबाद डिवीजन ने 69वां रेलवे सप्ताह मनाया

### 69 कर्मचारियों/अधिकारियों को रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए

हैदराबाद , 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद डिवीजन ने गुरुवार को रेल कलारंग, न्यू भोईगुडा, सिकंदराबाद में 69वां रेलवे सप्ताह मनाया। इस अवसर पर सिकंदराबाद डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक भरतेश कुमार जैन मुख्य अतिथि थे और उन्होंने कार्यक्रम के दौरान 69 कर्मचारियों/अधिकारियों को व्यक्तिगत रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य परियोजना प्रबंधक/जी जी. सुब्रमण्यम, अपर मंडल रेल प्रबंधक/ओ आर. गोपाल कृष्णन, अपर मंडल रेल प्रबंधक/आई एम. गोपाल, शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए भरतेश कुमार जैन ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और वर्ष 2024 के दौरान उनके द्वारा की गई सराहनीय सेवा की सराहना की। मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि सिकंदराबाद मंडल पिछले दो वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और अपनी साख को मजबूत करते हुए शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में से एक के रूप में जोनल स्तर पर पहचान अर्जित की है। श्री भरतेश कुमार जैन ने सिकंदराबाद मंडल की पूरी टीम को उनके समर्पण और उत्कृष्ट टीम वर्क के लिए बधाई दी। उन्होंने कर्मचारियों को मंडल की विकास गति को बनाए रखने के लिए इसी तरह के प्रयास जारी रखने की सलाह दी।



उन्होंने कहा कि ट्रेन संचालन की सुरक्षा मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। सिकंदराबाद डिवीजन ने विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के दौरान महाप्रबंधक की क्षेत्रीय दक्षता शील्ड भी प्राप्त की, जिसमें वाणिज्यिक शील्ड; सर्वेक्षण और निर्माण शील्ड (गुंटूर डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सर्वश्रेष्ठ ट्रैक शील्ड (गुंटकल डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सिविल इंजीनियरिंग शील्ड (विजयवाड़ा डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); वर्क्स शील्ड (नांदेड़ डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); मैकेनिकल शील्ड (हैदराबाद डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सर्वश्रेष्ठ लोडिंग प्रयास शील्ड (विजयवाड़ा डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); शिकायत निवारण मशीनरी; एचआरडी (कार्मिक) शील्ड (गुंटूर डिवीजन के साथ संयुक्त रूप से); सुरक्षा शील्ड; सर्वश्रेष्ठ रखरखाव एमआरवी शील्ड; स्टोर डिपो शील्ड और नवाचार शील्ड शामिल हैं। सर्वश्रेष्ठ डीजल/इलेक्ट्रिक लोको शेड: इलेक्ट्रिक लोको शेड/काजीपेट सर्वश्रेष्ठ स्टोर डिपो शील्ड -एम एंड ई, लालगुडा और इलेक्ट्रिक लोको शेड, काजीपेट को मिला।



नीलकंठ महादेव जाट समाज कोतुर, आगामी कार्यकाल के लिए सर्वसहमति से अध्यक्ष चुने जाने पर बाबुलाल कुलकधाणियां का राजस्थानी परम्परा से सम्मान करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारी व समाज बन्धु।




## शिक्षक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक नाबालिग लड़की ने आदिबटला पुलिस से संपर्क कर अपने स्कूल शिक्षक के खिलाफ कथित रूप से यौन उत्पीड़न करने की शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार, आदिबतला के नादेरगुल में एक सरकारी स्कूल में काम करने वाला गिरीश, लड़की को परेशान कर रहा था और उस पर अपने प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार करने का दबाव बना रहा था। उसने लड़की और उसके परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुँचाने की धमकी भी दी। आगे और अधिक उत्पीड़न सहन न कर पाने पर लड़की ने पुलिस से संपर्क किया। मामला दर्ज कर गिरि को हिरासत में ले लिया गया।



## एक दिन में दो बाघों की मौत

### एक को ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला, दूसरा कार की टक्कर से मरा

लखीमपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। खीरीलखीमपुर में पिछले 24 घंटे के अंदर दो बाघों की मौत हो गई है। एक को ग्रामीणों ने पीट-पीटकर मार डाला। वहीं दूसरा बाघ कार एक्सीडेंट में मारा गया। पहला मामला दुधवा टाइगर रिजर्व से सटे फुलवरिया गांव का है। यहां रात एक बाघ ने अचानक घर में घुसकर महिला पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और लाठी-डंडों से बाघ पर हमला बोल दिया। इस हमले में बाघ बुरी तरह से जख्मी हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला भी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# तेजस्वी यादव बोले- '2025 में सबका हिसाब होगा'

### सात मुद्दे जिसे तेजस्वी यादव ने एक्स पर गिनाया

- ना विशेष राज्य का दर्जा
- ना रोजगार पर चर्चा
- ना स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार पर खर्चा
- ना कल–कारखानों और उद्योगों की व्यवस्था
- ना पलायन रोकने की कोई विस्तृत योजना
- ना कोई ट्रेन और निवेश का कोई बड़ा प्रोजेक्ट
- ना बाढ़–सूखाड़ जैसी आपदाओं से स्थायी समाधान के लिए विशेष आर्थिक सहायता

## 7 मुद्दे उठाए, कहा- 'एनडीए सरकार को जवाब देना होगा'



पटना, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए सरकार पर हमला किया है। उन्होंने 7 मुद्दों को उठाया है जिसे केंद्रीय बजट में नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि 2025 के होने वाले विधानसभा चुनाव में हिसाब होगा। बिहार में बदलाव का भी दावा किया है। तेजस्वी यादव ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर एनडीए सरकार को निशाने पर लिया।

**'11 वर्षों की एनडीए सरकार को जवाब देना होगा'**

तेजस्वी यादव ने लिखा, जिस बिहार को सबसे अधिक आर्थिक मदद और विशेष राज्य के दर्जे की आवश्यकता थी, उसे फिर से भाजपा-एनडीए सरकार ने केंद्रीय बजट में नजरअंदाज कर दिया। क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल बिहार की आवाज यूं ही अनसुनी करते रहेंगे? प्रदेश में 20 वर्षों की एनडीए सरकार और केंद्र में 11 वर्षों की एनडीए सरकार को जवाब देना होगा। 2025 में सबका हिसाब होगा, बिहार में बदलाव होगा!

बता दें कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर जोर-शोर से पार्टियां जुट गईं हैं। विपक्षी दल सरकार को घेरने के लिए मुद्दा खोजने लगे हैं तो वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष भी इस बार 225 सीट बिहार में जीतने का दावा कर रहा है। इस बीच बिहार में बुधवार को कैबिनेट विस्तार भी हो गया है। अब देखना होगा कि चुनावी साल है तो आने वाले वक्त में और किन-किन मुद्दों पर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी करता है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जीएसटी विभाग पर लगाया हर्जाना



प्रयागराज, 27 फरवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिना कारण आदेश पारित करने पर जीएसटी विभाग पर पांच हजार रुपए का हर्जाना लगाया है । कोर्ट ने विभाग द्वारा जारी आदेश को भी रद्द कर दिया। कोर्ट ने दो महीने के भीतर हर्जाने की राशि जमाकर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश जस्टिस पीयूष अग्रवाल ने नोएडा की वैरोक पॉलिमर्स लिमिटेड कंपनी की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया। जीएसटी विभाग ने ऑटो पार्टस निर्माण करने वाली कंपनी वैरोक पॉलिमर्स लिमिटेड को नोटिस जारी कर 2017-18 के दौरान दाखिल रिटर्न में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 4874527 रुपये का जुर्माना और 507148 रुपए का ब्याज लगाते हुए भुगतान की मांग की। कंपनी ने कारण बताओं नोटिस का विस्तृत जवाब दाखिल किया। जीएसटी विभाग ने जवाब को खारिज कर दिया। इसके बाद कंपनी ने इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची कंपनी के अधिवक्ता ने दलील दी कि नोटिस में लिखित गलतियों को समझाते हुए जवाब दिया गया था। इसके बाद भी बिना किसी उचित कारण के आपत्ति को खारिज कर दिया। जीएसटी विभाग के आदेश को रद्द किया जाना चाहिए।

वहीं शासकीय अधिवक्ता ने याचिका का विरोध किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कहा कि याची कंपनी की आपत्ति को अधिकारियों ने बिना कोई उचित कारण बताए कारण खारिज कर दिया है। यह नैसर्गिग न्याय के विपरीत है। न्यायिक और प्रशासनिक आदेश भी कारण सहित होने चाहिए। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए जीएसटी विभाग के आदेश को रद्द कर दिया है।

# बिहार में बढ़ेगा तापमान

## पश्चिमी विक्षोभ ला सकता है इन जिलों में हल्की बारिश



पटना, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के विभिन्न शहरों में तापमान में दो से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान में यह वृद्धि दर्ज की जाएगी। जिससे राज्य में गर्मी का असर महसूस किया जाएगा। मार्च के पहले सप्ताह में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के वैज्ञानिकों ने बताया कि पर्वतीय इलाकों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। यदि यह विक्षोभ प्रभावी रहा तो अधिकतम तापमान नियंत्रित रहेगा। लेकिन न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। जिससे रात के समय में भी हल्की गर्मी महसूस की जा सकती है।

**राज्य के इन जिलों में 28 फरवरी और 1 मार्च को होगी बारिश**

मौसम विभाग ने 28 फरवरी को कैमूर, औरंगाबाद, रोहतास, गया, नवादा, जमुई, भागलपुर और बांका में आंशिक बारिश की संभावना जताई है। वहीं, 1 मार्च को कटिहार, नवादा, जमुई, भागलपुर और बांका में भी हल्की बारिश हो सकती है।

## युवक की गोली मारकर हत्या, दो टुकड़ों में हिंडन में मिली लाश; छह में से चार आरोपी गिरफ्तार



बागपत, 27 फरवरी (एजेंसियां)। जिस अनहोनी की आशंका जताई जा रही थी वही हो गई। छपरौली से लापता फैसल कुरैशी की बाइक के रुपयों की रंजिश में पड़ोसियों ने हत्या कर दी। उसका शव 11 दिन बाद दो टुकड़ों में मिला। एक बोरे में सिर और दूसरे में धड़ देखकर पुलिस भी असहज हो गई। अपहरण कर नशीली गोलियां खिलाकर फैसल को तीन गोलियां मारी, फिर मांस काटने वाले बुगदे से गर्दन काटी। दोनों बोरों को पत्थर के साथ हिंडन में फेंका गया। पुलिस ने छह में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर हिंडन नदी से शव बरामद कर लिया है। वहीं, मुहल्ले में तनाव को देखते हुए पीएसी व पुलिस तैनात की गई है। छपरौली के देवेगौड़ा रोड पट्टी कुरैशियान निवासी 21 वर्षीय फैसल कुरैशी पानीपत में कास्मेटिक सामान की दुकान पर नौकरी करता था।

वह 13 फरवरी की शाम अपने घर आया था। 15 फरवरी की दोपहर मोबाइल पर काल आने के बाद घर से चला गया था, फिर वापस नहीं लौटा। स्वजन ने छपरौली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में पड़ोस के परवेज के परिवार के लोगों पर फैसल की हत्या करने का शक जताते हुए पुलिस अधिकारियों से शिकायत की थी। पुलिस ने आरोपित परवेज को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो उसने फैसल की हत्या का राज उगल दिया।

# बिहार विधानसभा चुनाव में 29 सीटों पर लड़ने की तैयारी में सुभासपा

## 17 मार्च को सीतामढ़ी में रैली के बाद ये है प्लान



लखनऊ, 27 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में एनडीए घटक में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अब बिहार में भी अपनी जमीन तैयार करेगी। पार्टी की नजर बिहार के पिछड़े वर्ग के मतदाताओं पर है। पार्टी एनडीए के साथ बिहार विधानसभा चुनाव में 29 सीटों पर लड़ने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सुभासपा विधानसभावार अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला और युवा सम्मेलन करने जा रही है। पार्टी 17 मार्च को सीतामढ़ी में भी एक रैली का आयोजन करेगी।

तीन महीने में बिहार में 24 रैलियां कर चुकी है सुभासपा प्रदेश सरकार में मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर बिहार में चुनाव लड़ने की तैयारियों की समीक्षा लगातार कर रहे हैं। सुभासपा नवादा, पश्चिमी चंपारण, सासाराम, नालंदा, औरंगाबाद, गया और बेतिया सहित 28 जिलों में अपने लिए 29 सीटें मांग रही है। पिछले तीन महीने में पार्टी बिहार में 24 रैलियां कर चुकी है।

**जमीनी स्तर पर की जा रही तैयारी**

पार्टी ने पूर्णिया में ही 30 जनवरी को अपनी अंतिम रैली की थी। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरूण राजभर ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बाहर सुभासपा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पिछले दो साल से बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी जमीनी स्तर पर की जा रही है।

**29 सीटों पर लड़ने की तैयारी**

ओबीसी वर्ग की बहुलता वाली 29 सीटों पर पार्टी ने लड़ने की तैयारी की है। इन विधानसभा क्षेत्रों में जल्द ही ओबीसी, महिला और युवा सम्मेलन होंगे। इन कार्यक्रमों के लिए पार्टी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## एनकाउंटर में इनामी बदमाश सोनू उर्फ निजाम मेहर को लगी गोली, गिरफ्तार किया गया

नोएडा, 27 फरवरी (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद सोनू उर्फ निजाम मेहर उर्फ मेहरुद्दीन को गिरफ्तार किया, जिस पर 50,000 रुपये का इनाम था। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया, ₹दादरी पुलिस ने सोनू उर्फ निजाम मेहर उर्फ मेहरुद्दीन को गिरफ्तार किया है। उस पर 50,000 रुपये का इनाम है और वह बागपत का रहने वाला है। उसे पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। एडीसीपी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि थाना दादरी पुलिस बसंतपुर बांगर जाने वाली सड़क के पास जांच कर रही थी। तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो वह नहीं रुका। उन्होंने बताया कि भागने के दौरान सोनू उर्फ निजाम ने गोली चला दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के बाद सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आरा में भीषण सड़क हादसा, 4 की मौत, गुप्ता धाम से मुंडन कराकर लौट रहे थे लोग

आरा, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के आरा में गुरुवार की अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। 10-12 की संख्या में लोग घायल हुए हैं जिनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुप्ता धाम से मुंडन कराकर ये सभी लोग लौट रहे थे। इसी दौरान आरा-बक्सर मुख्य मार्ग पर शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर फौजी पेट्रोल पंप के पास घटना हो गई। गुप्ता धाम से लौटने वाले लोग एक पिकअप ऑटो में सवार थे। कहा जा रहा है कि पेट्रोल पंप के पास चालक गाड़ी लगाकर तेल के लिए गया था। इसी दौरान किसी बड़ी गाड़ी ने पिकअप ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद अफरातफरी मच गई। पिकअप पुल से नीचे जा गिरा। गुप्ता धाम से लौट रहे लोगों को पटना के दानापुर जाना था। घटना की सूचना मिलने के बाद शाहपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया गया।

# बिहार में कैबिनेट विस्तार पर सीएम नीतीश कुमार के करीबी रहे आरसीपी सिंह ने उठाए सवाल



पटना, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में कैबिनेट विस्तार के बाद तमाम विपक्षी पार्टियां सवाल खड़े कर रहीं हैं। आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी के संयोजक आरसीपी सिंह की बिहार में हुए कैबिनेट विस्तार पर प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने गुरुवार (27 फरवरी) को एक्स पर पोस्ट कर सवाल खड़े किए हैं। एक्स पर लिखा, अंततः बिहार में चुनाव के कुछ महीने पूर्व एनडीए सरकार में मंत्रियों के सभी पद भर दिए गए हैं। नवनियुक्त मंत्रियों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। इस विस्तार में महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना, यादव समाज एवं अल्पसंख्यकों की अनुपस्थिति,सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास, सबका प्रयास के संकल्प की अनदेखी नहीं तो और क्या है? पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आगे लिखा, कुछ और उदारता बरतने से सर्वसमाज में अच्छा संदेश जाता एवं समावेशी समाज के निर्माण की जड़ें और मजबूत होती। बता दें कि बिहार में बुधवार (26 फरवरी) को सात विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। उन विधायकों में दरभंगा के विधायक संजय सरावगी, जाले के जिवेश मिश्रा, साहेबगंज के राजू कुमार सिंह, सिकटी के विजय कुमार मंडल, बिहार शरीफ के सुनील कुमार, रीगा के मोतीलाल प्रसाद और अमनौर के कृष्ण कुमार मंटू शामिल हैं।

**आरसीपी सिंह की पार्टी का किससे होगा गठबंधन?**

सीएम नीतीश के करीबी रहे आरसीपी सिंह ने कुछ दिनों पहले गठबंधन को लेकर भी बयान दिया था। मीडिया ने उनसे बातचीत के दौरान पूछा था कि आपकी पार्टी का किसके साथ गठबंधन होगा? इस पर उन्होंने कहा था कि हमने गठबंधन को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं लिया है। हमारे मन में किसी के खिलाफ कोई बात नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा था कि नीतीश सरकार 20 साल से सत्ता में है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। अब हम चाहते हैं कि बदलाव होना चाहिए। बिहार के चुनावी समीकरणों पर बात करते हुए आरसीपी सिंह ने कहा था कि बिहार में जितने भी दल हैं वो हमारी ताकत जानते हैं और हम उनकी ताकत जानते हैं। हम उनसे सहयोग मांगेंगे और उनका सहयोग भी करेंगे। हम किसी को नापसंद नहीं करते। हम सबको पसंद करते हैं।

## 8 दिन से लापता पुलिसकर्मी का शव नाले के पास से हुआ बरामद 2 आरोपी गिरफ्तार

अलीगढ़, 27 फरवरी (एजेंसियां)। अलीगढ़ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 8 दिन से गायब एक पुलिसकर्मी का शव नाले में पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस के द्वारा शव की शिनाख्त पुलिसकर्मी के रूप में की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा। पुलिस ने इसके बाद घटना को बारीकी से लेते हुए पूरे मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के दौरान कई सीसीटीवी खंगाले गए तो मामला कुछ और ही निकला। पूरे मामले में पुलिस के द्वारा फिलहाल गुमशुदी को हत्या में तब्दील करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दरअसल 38 बटालियन पीएसी में तैनात आरक्षी अमित कुमार का शव 26 फरवरी 2025 को अलीगढ़ के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के नगला कलार इलाके में एक नाले से बरामद हुआ है। पुलिस ने पूरे मामले में हत्या की आशंका जताई है और दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

## तीन बच्चों के मुस्लिम पिता ने छिपाई पहचान, हिंदू युवती से कर ली शादी

मुरादाबाद, 27 फरवरी (एजेंसियां)। साहब! मुझे बचा लो। नहीं तो मेरा पति मुझे जान से मार डालेगा... ये शब्द हैं उस हिंदू युवती के, जिसने अपने ही पति पर धोखाधड़ी और जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मुरादाबाद की इस युवती ने बताया कि तीन साल पहले राज नामक युवक से उसकी दोस्ती फिर शादी हुई। लेकिन कुछ समय बाद उसे पता चला कि राज तो मुस्लिम है। उसने खुद को हिंदू बातकर युवती को प्रेम जाल में फंसाया था। यही नहीं, उसकी एक और बीवी एवं तीन बच्चे भी हैं। पीड़िता का ये भी कहना है कि इकरार उसका 3 बार गर्भपात भी करवा चुका है। अब इकरार उसके साथ मारपीट कर रहा है और दहेज भी मांग रहा है। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी इकरार समेत उसके परिजनों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मझोला थाना क्षेत्र की रूबी ने इकरार पर हिंदू बनकर शादी करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि इकरार ने अपना नाम पहले राज बताया था और हिंदू बताकर शादी की थी।

## हुक्काबार में लड़कियों की सौदेबाजी कराने वाली नंदिनी गिरफ्तार, इवेंट प्लानर बनकर देती थी धोखा



गोरखपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। शहर में होटल और हुक्का बार की आड़ में चल रहे देह व्यापार के बड़े रैकेट की एक अहम कड़ी नंदनी उर्फ परी शर्मा को पुलिस ने रामगढ़ताल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। नंदनी लंबे समय से इवेंट प्लानर के नाम पर लड़कियों को झांसे में लेकर शाहपुर स्थित जेनिस बाटल हुक्का बार के संचालक अनिरुद्ध ओझा से मिलवाती थी। इसके बाद नौकरी और मापडलिंग के नाम पर उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया जाता था। सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 13 वर्षीय किशोरी के बयान के बाद नंदनी का नाम सामने आया था। पीड़िता ने नंदनी और रेशमा दोनों का जिक्र किया था, जिसके बाद पुलिस ने रेशमा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस को लंबे समय से नंदनी की तलाश थी और सुबह पुलिस ने उसे नौकायन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोपहर में पुलिस ने नंदनी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इवेंट प्लानर के रूप में लड़कियों को मॉडलिंग और नौकरी का लालच देती थी। उन्हें शाहपुर स्थित जेनिस बाटल हुक्का बार में लाती थी।यहां पहले उन्हें नशे का आदी बनाया जाता था, फिर धीरे-धीरे देह व्यापार के धंधे में धकेल दिया जाता था।मना करने पर लड़कियों को ब्लैकमेल कर जबरन इस धंधे में धकेला जाता था। पुलिस ने बताया कि नंदनी मोहद्दीपुर में ओरियन माल के पीछे किराए पर रहती थी, लेकिन दिसंबर में उसने वहां का कमरा छोड़ दिया था।

## सजा सुनते ही हत्या का आरोपी कोर्ट से हुआ फरार, पुलिस ने खदेड़ा अब मामला हुआ दर्ज

पटना, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दहेज हत्या मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद एक व्यक्ति पटना सिविल कोर्ट से फरार हो गया। पुलिस ने कुछ दूर तक उसका पीछा भी किया, लेकिन अंततः वह फरार हो गया। अब पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला पीरबहोर थाना क्षेत्र का है। घटना के संबंध में पीरबहोर थाना अध्यक्ष अब्दुल हलीम ने बताया कि फुलवारी शरीफ के रामपुर फरीदपुर निवासी विनय ठाकुर पर परिवार न्यायालय पटना में अपनी पत्नी की हत्या का मुकदमा चल रहा था।

न्यायालय ने आरोपी विनय ठाकुर को हत्या का दोषी करार दिया था। मामला पटना के सिविल कोर्ट के एडीजी 25 में चल रहा था, जिसमें न्यायालय ने विनय कुमार को दोषी ठहराया था। इस मामले में इस मामले में विनय के पिता माता और भाई को बरी कर दिया था। कोर्ट ने पुलिस को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था।

# संभल मस्जिद की रंगाई-पुताई को हाईकोर्ट ने माना जरूरी, एएसआई से मांगी रिपोर्ट, पूछा सवाल



संभल, 27 फरवरी (एजेंसियां)। संभल की शाही जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की इजाजत की मांग से जुड़े मामले पर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने इस बात को स्वीकार किया कि मस्जिद की रंगाई पुताई जरूरी है। कोर्ट ने इस बात पर सहमति जताई कि रमजान का महीना शुरू होने से पहले ही इसका काम शुरू किया जाना चाहिए, हालांकि कोर्ट ने विवादित इस मामले पर एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट ने विवादित ढांचे को नुकसान पहुंचाए बिना रंगाई पुताई के काम को कैसे कराया जा सकता है, इसे लेकर हाईकोर्ट ने आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया यानी एएसआई से रिपोर्ट मांगी है। इस सिलसिले में एएसआई को तीन सदस्य एक कमेटी गठित कर आज ही रिपोर्ट तैयार करने को कहा है और पूछा है कि वो बताए कि रंगाई पुताई का काम कैसे कराया जा सकता है जिससे विवादित जगह को भी नुक़सान न हो।

**हाईकोर्ट ने रंगाई-पुताई को माना जरूरी**

इस कमेटी में एएसआई का कोई अधिकारी, एक विशेषज्ञ और एक प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहेगा। कमेटी जरूरत पड़ने पर आज ही विवादित मस्जिद परिसर का निरीक्षण करेगी। इसके बाद अपनी रिपोर्ट तैयार कर यह बताएगी कि विवादित परिसर को कोई नुकसान पहुंचाए बिना किस तरह से रंगाई पुताई कराई जा सकती है या नहीं। इस मामले पर हाईकोर्ट में कल सुबह 10:00 बजे फिर से सुनवाई होगी। हाईकोर्ट कल की सुनवाई में ही अपना फैसला सुना देगा। इस मामले पर आज जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच में सुनवाई की गई। इस दौरान कोर्ट ने यह मान लिया है कि रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई पुताई जरूरी है। लेकिन, उसका स्वरूप क्या होगा यह कोर्ट कल तय करेगी। बता दें मुस्लिम पक्ष ने रमजान से पहले संभल मस्जिद की रंगाई-पुताई करने की इजाजत मांगी है लेकिन, हिंदू पक्ष की तरफ से मस्जिद कमेटी की याचिका का विरोध किया गया। हिंदू पक्ष ने कहा कि रंगाई पुताई के नाम पर विवादित परिसर से छेड़छाड़ की जा सकती है।

## गाजियाबाद में चलती कार में युवती से गैंगरेप

गाजियाबाद, 27 फरवरी (एजेंसियां)। गाजियाबाद में बाजार से घर जा रही महिला को कार सवार तीन युवकों ने अगवा कर लिया। उसके साथ मारपीट की, नशीला इंजेक्शन लगाकर उसके साथ गैंगरेप किया। उसके शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ भी डाला। आरोप लगाया कि एक युवक ने उसके प्राइवेट पार्ट में बोतल डालने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो उसे पीटा। फिर उसे घायल अवस्था में रेलवे क्रासिंग के पास फेंक कर फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही पीड़िता की तहरीर पर तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। मामला कविनगर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता के मुताबिक- मैं रात को बाजार से अपने घर जा रही थी। इस बीच कार सवार तीन युवकों ने मुझे अगवा कर लिया। चलती कार में मेरे साथ गैंगरेप किया। एक ने मेरे प्राइवेट पार्ट में बोतल डालने की कोशिश की। विरोध पर उसे जमकर पीटा।

## पहले किया घपला, फिर कॉलेज की चाभियां लेकर फरार हो गई प्रिंसिपल रद्द करनी पड़ी बच्चों की परीक्षा

बरेली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के केपीआरसी कला केंद्र इंटर कॉलेज में वित्तीय अनियमितताओं के चलते प्रिंसिपल ममता कुमारी को उनके पद से हटा दिया गया। जांच में उनके खिलाफ दो लाख रुपये के गबन का मामला प्रमाणित पाया गया था। हालांकि कॉलेज प्रशासन की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब बर्खास्तगी के बाद ममता कुमारी कॉलेज की महत्वपूर्ण चाबियाँ लेकर फरार हो गई। ऐसे में वार्षिक परीक्षाओं को स्थगित करना पड़ा, जिससे सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया। केपीआरसी इंटर कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल ममता कुमारी पर आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कॉलेज के फंड से दो लाख रुपये का गबन किया। शिक्षा विभाग के सामने मामला आने पर जांच शुरू की गई, जिसमें आरोप सही पाया गया। ऐसे में शिक्षा विभाग ने पहले उन्हें निलंबित किया और बाद में उनकी सेवाएं पूरी तरह समाप्त कर दीं। 1 फरवरी को कॉलेज प्रबंधन समिति ने आधिकारिक रूप से ममता कुमारी को पद से हटा दिया और उनके स्थान पर दीपा शर्मा को नया प्रिंसिपल नियुक्त किया गया। बर्खास्तगी के बाद ममता कुमारी कॉलेज के ऑफिस और अलमारियों की चाबियाँ लेकर गायब हो गईं। इससे कॉलेज प्रशासन के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई क्योंकि परीक्षाओं से संबंधित दस्तावेज और अन्य जरूरी रिकॉर्ड उनके पास ही थे।

## 1500 रुपये देकर क्या इज्जत खरीद ली? महिला अपराध पर भड़के संजय राउत



मुंबई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि पिछले ढाई से तीन सालों में महाराष्ट्र में महिलाओं पर अत्याचार के मामले बहुत बढ़ गए हैं। महिलाओं के अपहरण, हत्या और बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सत्ताधारी पार्टी की महिला नेता अब क्या कर रही हैं? पुणे में जो घृणास्पद घटना घटी, उसके बाद इन नेताओं ने केवल औपचारिक बयान दिए। अगर किसी और सरकार के कार्यकाल में यह होता, तो यही महिलाएं मंत्रालय के बाहर हंगामा करतीं। एक महिला, जिसे आप अपनी 'लाडकी बहन' कहते हैं, उसे सिर्फ 1500 रुपये देकर क्या आपने उसकी इज्जत खरीद ली? उन्होंने कहा कि क्या सरकार ने गुंडों को महिलाओं का शोषण करने का लाइसेंस दे दिया है? मुख्यमंत्री को पालकमंत्री से और पुणे पुलिस कमिश्नर से जवाब मांगना चाहिए, क्योंकि उनके कार्यकाल में अपराध और गुंडागर्दी बढ़ी है। गुंडों को सिर्फ पुलिस स्टेशन में बैठाने का नाटक बंद किया जाए। पुणे में सबसे ज्यादा रंगदारी, पुलिस की अवैध वसूली, अपहरण और सत्ताधारी दल के संरक्षण में गुंडागर्दी चल रही है। पुलिस पर दबाव है और वे यह बात स्वीकार भी करते हैं। संजय राउत ने कहा कि बस में जो अत्याचार हुआ, वह निर्भया कांड जैसा ही था, बस सौभाग्य से पीड़िता की जान बच गई। हमारे शिवसैनिकों ने स्वारगेट में जोरदार आंदोलन किया, अब उन पर ही मुकदमे दर्ज किए जाएंगे। मैं पुलिस कमिश्नर को चुनौती देता हूं कि पुणे में खुलेआम घूम रही गैंग पर कार्रवाई करें।

## नजफगढ़ को किया जाए नाहरगढ़ विधायक ने उठाई मांग विधानसभा क्षेत्र में लगाये जाएं सीसीटीवी

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की नजफगढ़ की विधायक नीलम पहलवान ने दिल्ली विधानसभा से गुजारिश किया कि नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के समय में इसे नजफगढ़ किया गया था जबकि, दिल्ली देहात का यह इलाका नाहरगढ़ के नाम से जाना जाता था। दिल्ली विधानसभा सत्र के तीसरे दिन उन्होंने कहा कि कई याचिकाओं और कोशिश के जरिए इस मुद्दे को उठाया गया।

इसमें हमारे सांसद प्रवेश वर्मा के माध्यम से लगातार प्रयास किया जा रहा है। अध्यक्ष जी मुझे आपसे बड़ी उम्मीद हैं कि इसका नाम बदला जाएगा। वहीं आरके पुरम से विधायक अनिल शर्मा ने मोहम्मदपुर गांव



का नाम माधवपुरम करने की मांग की है।

**पहले भी उठ चुकी नाम बदलने की आवाज**

नाम बदलने को लेकर ये कोई पहला मौका नहीं है जब दिल्ली में इलाकों के नाम बदलने की मांग उठी हो। इससे पहले मुस्तफाबाद का नाम बदलने की मांग इलाके के विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने की थी। अब बीजेपी विधायक नीलम पहलवान ने नजफगढ़ का नाम बदलने की आवाज उठाई है। मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद का नाम शिव विहार रखने की मांग की थी।अब नीलम पहलवान ने नजफगढ़ का नाम नाहरगढ़ रखने की मांग की है। विधायक नीलम पहलवान ने कहा कि नाम बदलने को लेकर बहुत सारी कागजी कार्रवाई की गईं, लेकिन इसके बाद भी आजतक नाम नहीं बदला गया। नजफगढ़ का नाम बदलने की हमने कई बार अपील की। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली देहात में मास्टरप्लान आता है तो वह भी तरक्की करेगा। मेरी विधानसभा भी विकास की ओर आगे बढ़ेगी।

**विधानसभा क्षेत्र में लगाये जाएं सीसीटीवी**

आज दिल्ली विधासभा में सीसीटीवी का मुद्दा भी पटल पर रखा गया। विश्वास नगर से एमएलए ओ पी शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी लगाए जाने चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से काफी जरूरी है। पिछली सरकार में ही इसे लगा दिया जाना चाहिए था, लेकिन अब तक इस पर कोई काम नहीं हो सका है। सभी विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन 2000 सीसीटीवी लगाए जाने थे, लेकिन इनमें से अभी तक कई विधानसभाक्षेत्रों में सीसीटीवी नहीं लगाया गया है।

## इन्वेस्टर्स मीट पर बरसे कमलनाथ, 10 सालों इतनी मीट हुई, रोजगार तो मिले नहीं



छिंदवाड़ा, 27 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हाल ही में हुई इन्वेस्टर मीट को लेकर सरकार पर निशाना साधा। गुरुवार सुबह 10:30 बजे छिंदवाड़ा पहुंचे कमलनाथ ने मीडिया से चर्चा के दौरान सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में इन्वेस्टर मीट तो हो गई, लेकिन इसका कितना क्रियान्वयन होगा, यह देखना बाकी है। उन्होंने सरकार की घोषणाओं को सिर्फ दिखावा बताते हुए कहा कि बड़ी-बड़ी घोषणाओं से रोजगार के अवसर नहीं मिलेंगे। कमलनाथ ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, "पिछले 10 वर्षों में कई इन्वेस्टर मीट हुईं, लेकिन रोजगार के अवसर आज तक उपलब्ध नहीं हो पाए। सरकार सिर्फ आंकड़े दिखाकर जनता को गुमराह कर रही है, जबकि धरातल पर कोई बदलाव नहीं हो रहा।" उन्होंने सवाल किया कि इन्वेस्टर मीट के माध्यम से कितनी परियोजनाएं वास्तव में शुरू हुईं और उनमें से कितनी युवाओं को रोजगार देने में सफल रहीं। कमलनाथ ने मध्यप्रदेश की जीडीपी को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य में जीडीपी का गिरता ग्राफ चिंता का विषय है। "जिस तरह से जीडीपी रेशो संकट में है, यह प्रदेश के लिए खतरनाक संकेत है। अगर यही स्थिति रही, तो भविष्य में यह बड़ी चुनौती बन सकती है।" उन्होंने आगे कहा कि सरकार को सिर्फ आंकड़ों के बजाय वास्तविकता पर ध्यान देना चाहिए और आर्थिक सुधार के ठोस कदम उठाने चाहिए।

## विधानसभा परिसर में आप विधायकों की एंट्री पर रोक को लेकर भडके संजय सिंह

### बोले- ' दिल्ली एक शुरुआत है,अब ये पूरे देश में होगा'

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा परिसर में आम आदमी पार्टी के विधायकों को एंट्री पर रोक लगा दी गई है। शुक्रवार (28 फरवरी) तक सदन से आम आदमी पार्टी के 21 विधायकों को सस्पेंड किया गया था, लेकिन परिसर में भी विधायकों की एंट्री पर अब रोक लगा दी गई है। इस पर 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। संजय सिंह ने अपने सोशल मीडिया हैंडस एक्स पर ट्वीट कर कहा, भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार हुआ है जब दिल्ली के आम आदमी पार्टी के विधायकों को विधानसभा परिसर में जाने से रोका जा रहा है। दिल्ली एक शुरुआत है। अब ये पूरे देश में होगा।



उन्होंने आगे कहा, सारे विपक्ष को विधानसभाओं और संसद के परिसर से भी बाहर किया जाएगा। मैं हैरान हूं भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार हुआ है, जब दिल्ली के आप विधायकों को विधानसभा परिसर में जाने से रोका जा रहा है।

वहीं दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और आप नेता आतिशी ने कहा, पुलिस अधिकारी कह रहे हैं कि आप विधायकों को दिल्ली विधानसभा परिसर में जाने से रोक दिया गया है। वे कह रहे हैं कि उनके पास स्पीकर से आप विधायकों को गेट पर रोकने के आदेश हैं। देश के पूरे संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी चुने हुए विधायक को विधानसभा के परिसर में जाने से रोका गया हो बता दें सत्र के दूसरे दिन उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक सदन में हंगामा कर रहे थे। इस वजह से स्पीकर ने वहां मौजूद सभी 21 विधायकों को तीन दिन यानी 28 फरवरी तक के लिए निलंबित कर दिया था।

## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्री समेत तीन की मौत; मंदिर दर्शन कर घर लौटते समय हुआ हादसा

सागर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। जिले के कर्रापुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम तिंसुआ के पास तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बुधवार रात का है। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। पुलिस के मुताबिक, सेमरादांत निवासी हेतराम पटेल (45) अपनी बेटी प्रीति (18) और गांव के ही अंकित लोधी (19) के साथ बाइक पर सवार होकर सागर आए थे। उन्होंने बेटी का पेट दर्द का इलाज कराया और फिर बहेरिया तिगड्डा स्थित बड़े शंकर मंदिर में दर्शन किए।

## उज्जैन के आश्रम पहुंचे आसाराम

### शिष्य बोले मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहे; जांच के बाद ही प्रवेश, कैमरा-फोन पर बैन



उज्जैन, 27 फरवरी (एजेंसियां)। 22 फरवरी को इंदौर के आश्रम से गायब हुआ आसाराम उज्जैन पहुंच गया है। यहां मंगलनाथ स्थित आश्रम में ठहरा है। बड़ी संख्या में अनुयायी उससे मिलने आ रहे हैं। सांदीपनि आश्रम के पास बना आसाराम का ये आश्रम कई दिनों से वीरान पड़ा था। लेकिन अब इसे फूलों और रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया है। यहां लोगों को जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। मोबाइल, कैमरा या अन्य गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। सभी को आश्रम के बाहर ही मोबाइल जमा करना पड़ रहा है। गार्ड बाहर से भी आश्रम की तस्वीरें नहीं लेने दे रहे हैं। आश्रम से जुड़े लोगों का कहना है कि आसाराम किसी भी अनुयायी से नहीं मिल रहा है। वह केवल अपना मेडिकल ट्रीटमेंट ले रहा है। हालांकि, शिष्य रोज आश्रम पहुंच रहे हैं लेकिन आसाराम कमरे से बाहर नहीं निकल रहा है। वह कब और कैसे यहां पहुंचा, इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल सकी है। सूत्रों का कहना है कि वह दो दिन पहले ही उज्जैन पहुंचा है। इससे पहले कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आसाराम इंदौर के आश्रम गया था, जहां प्रवचन देते उसका एक वीडियो भी सामने आया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च तक सशर्त जमानत दी है**

सुप्रीम कोर्ट ने 7 जनवरी को आसाराम को 31 मार्च तक सशर्त जमानत दी थी। कोर्ट ने उसे अपने अनुयायियों से मिलने की सख्त मनाही की है। प्रवचन देने पर भी रोक लगाई है। लेकिन इंदौर में उसके प्रवचन देने की तस्वीरें आई थीं। वह समर्थकों से मिल रहा था। खुलकर बातचीत कर रहा था। इससे पहले पालनपुर (गुजरात) आश्रम का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें वह सामूहिक रूप से भक्तों से मुलाकात करता नजर आया था। प्रवचन देने के मुद्दे के मीडिया में आने के बाद आसाराम इंदौर से निकल गया था। नाबालिग और महिला से रेप केस में सजा काट रहा आसाराम जमानत मिलने के बाद इंदौर पहुंचा है। यहां कोर्ट द्वारा दी गई जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर वह प्रवचन कर रहा है। समर्थकों से मिल रहा है और खुलकर बातचीत कर रहा है। आसाराम का प्रवचन सुनने के लिए उसके आश्रम में एक हजार से ज्यादा लोग जुट रहे हैं।

## हरियाणा विधानसभा चुनाव पर कुमारी सैलजा बोलीं: जनता कांग्रेस को जिताना चाहती थी



फतेहाबाद, 27 फरवरी (एजेंसियां)। सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को जिताना चाहती थी, कार्यकर्ताओं ने मेहनत भी की, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस हारी। इसमें काफी कमियां पार्टी में रही हैं। इन कमियों को दूर किया जाएगा, तभी आगे बात बनेगी। कमियां कहां हैं और कौन जिम्मेदार है, यह पार्टी देख रही है। सांसद फतेहाबाद प्रेस क्लब के साथ आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। कुमारी सैलजा ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र से जनता ने उन्हें फिर से मौका दिया। क्योंकि उनका लोगों से संपर्क हमेशा बना रहा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी को जो उम्मीदें थी, वो पूरी नहीं हुईं। जनता चाहती थी कि कांग्रेस की सरकार बने, लग भी रहा था, लेकिन भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रही। कुछ हमारे कारण थे, कुछ दूसरी पार्टी के कारण भी रहे। यह जरूर है कि जनता की इच्छा थी कि कांग्रेस की सरकार बने। पार्टी के पास संगठन का भी अभाव है, इसको नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि नशे पर लगाम लगनी चाहिए, इसके लिए वे भी शुरुआत से आवाज उठाती आई हैं। प्रशासन को चाहिए कि छोटी नहीं बल्कि बड़ी मछलियों को पकड़ें। नशा रुका तो अपराध भी रुक जाएगा। घग्गर के मुद्दे पर कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में दिल्ली के चुनाव में यमुना का प्रदूषण मुद्दा बना था। हरियाणा सरकार को देखना होगा कि उत्तरी हरियाणा से यहां तक बहने वाली नदी नाला बन चुकी है।

## सोशल मीडिया पर रहने के लिए कंधे चौड़े होने चाहिए, कोर्ट ने क्यों की ये टिप्पणी?




नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर रहने के लिए कंधे चौड़े होने चाहिए। ये टिप्पणी दिल्ली हाई कोर्ट ने की है। अदालत ने मानहानि से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए ये बात कही। दरअसल, एक ऑनलाइन लीगल एजुकेशन प्लेटफॉर्म ने चार लोगों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने फैसले में कहा, किसी भी सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रियाएं मिलना तय है। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित एक पोस्ट की या तो सराहना की जाएगी या आलोचना की जाएगी और आलोचना को सहन करने के लिए यूजर्स के कंधे चौड़े होने चाहिए।

**क्या है पूरा मामला?**

ऑनलाइन लीगल एजुकेशन प्लेटफॉर्म लॉ सीखो ने नेशनल लॉ ग्रैजुएट्स की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। जिसपर लॉ के 4 छात्रों ने जवाब दिया, जिसे लॉ सीखो ने मानहानि कहा। मुकदमे में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने तर्क दिया कि मुख्य ट्वीट अच्छे इरादे के साथ पोस्ट किया गया था जो कानून के छात्रों, कानून फर्मों और शैक्षणिक संस्थानों को प्रभावित कर रहा था।

उसने कोर्ट में यह भी तर्क दिया कि जवाब में आया ट्वीट अपमानजनक था। साइबरस्पेस में उसे बदनाम किया। मुकदमे में यह भी कहा गया कि ट्वीट्स में प्रतिष्ठा, वित्तीय स्थिरता को भी नुकसान पहुंचा सकता था। वो निवेशकों के विश्वास के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा था। वहीं, एक प्रतिवादी ने तर्क दिया कि ट्वीट उत्तेजक था। लॉ सीखो पर 1 लाख डॉलर का जुर्माना लगाते हुए न्यायमूर्ति अरोड़ा ने अपने फैसले में कहा कि मुख्य ट्वीट ऑनलाइन ट्रोलिंग के मापदंडों के अंतर्गत आता है।

अपने 54 पेज के फैसले में न्यायमूर्ति अरोड़ा ने कहा कि एक राय व्यक्त करना दंडनीय नहीं है, जब तक कि इससे ठोस नुकसान न हो और मुकदमा निराधार पाया, क्योंकि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अदालत में दायर करने से पहले सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत निवारण की मांग करने में विफल रहा।

## राजकोट में महिला मरीजों के वीडियो बेचने के मामले में एक और गिरफ्तार

अहमदाबाद, 27 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात के एक अस्पताल के सीसीटीवी सिस्टम को कथित तौर पर हैक कर महिला मरीजों की वीडियो प्राप्त करने और इन्हें ऑनलाइन बेचने के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली निवासी रोहित सिसोदिया को गिरफ्तार करने के साथ अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने एक विज्ञप्ति में कहा कि रोहित सिसोदिया ने कथित तौर पर हैक किए गए सीसीटीवी फुटेज को क्यूआर कोड में बदल दिया और उन्हें सह-आरोपियों को बेच दिया। इसके बाद सह आरोपियों ने सोशल मीडिया मंच 'यूट्यूब' और 'टेलीग्राम' के जरिये इन वीडियो को साझा किया। साइबर क्राइम ब्रांच ने 17 फरवरी को एक मामला दर्ज किया था, जिसमें एक अस्पताल के डिलीवरी रूम में डॉक्टरों द्वारा महिला मरीजों की जांच करने के वीडियो यूट्यूब और टेलीग्राम चैनल पर पाए गए थे। वह वीडियो वही लोग प्राप्त कर सकते थे, जिन्होंने यूट्यूब और टेलीग्राम चैनल का सब्सक्रिप्शन ले रखा था। पुलिस ने सूरत से पारित धमेलिया नामक हैकर और महाराष्ट्र के लातूर निवासी और एक यूट्यूबर प्रज्वल तैली सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पारित धमेलिया ने कथित तौर पर राजकोट के एक मैटरनिटी होम के सीसीटीवी सिस्टम को हैक कर लिया था और उन वीडियो को सिसोदिया के साथ शेयर किया था। उसने बताया कि उक्त वीडियो को क्यूआर कोड में बदलने के बाद रोहित सिसोदिया ने इन्हें कथित तौर टैली और कुछ अन्य लोगों को बेच दिया था।

## पुणे रेप का आरोपी गन्ने के खेतों में छिपा:ड्रोन-खोजी कुत्ते लगाए गए; दावा- सब्जी के ट्रक से गांव भागा, कपड़े-जूते बदले



पुणे, 27 फरवरी (एजेंसियां)। पुणे के सरकारी स्वारगेट बस डिपो में खड़ी बस में 25 फरवरी को 26 साल की महिला के साथ रेप हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 13 टीमें बनाई हैं। उस पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इधर, पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद आरोपी दत्तात्रेय रामदास गडे अपने गांव में छिपा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक पुणे से वह सब्जी ले जा रहे ट्रक में छिपकर अपने गांव भाग गया। घर पहुंचकर उसने अपने कपड़े और जूते बदले। इसके बाद वह घर से भी निकल गया। सूत्रों के मुताबिक वह गांव में ही गन्ने के खेतों में छिपा हो सकता है। पुलिस ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से उसकी तलाश कर रही है। गन्ने की फसल 10 फीट ऊंची और उसके झाड़ घने हैं, इसलिए पुलिस खेतों के अंदर खुद जाकर सर्च कर पाने की स्थिति में नहीं है।

**असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट सुपरिटेंडेंट, डिपो मैनेजर के खिलाफ जांच के आदेश**

उधर, घटना के बाद महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सरनाइक ने असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट सुपरिटेंडेंट और बस डिपो मैनेजर के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर इन्हें सस्पेंड किया जाएगा। उन्होंने बस डिपो पर तैनात पुराने सुरक्षाकर्मियों को हटाने का भी निर्देश दिया। पुणे सिटी पुलिस ने कहा कि क्राइम ब्रांच यूनिट की 8 टीमें और स्वारगेट पुलिस स्टेशन की 5 टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। टीमों को जिले से बाहर भी भेजा गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकनकर ने कहा- घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस ने शिकायत पर फौरन कार्रवाई की है। आरोपी दो-तीन दिनों में पकड़ा जाएगा।

**आरोपी बोला- दीदी कहां जा रही हो**

पुणे की डिप्टी कमिश्नर स्मार्तना पाटिल के मुताबिक 26 साल की महिला घरों में काम करती है। वह अपने गांव जाने के लिए 25 फरवरी सुबह 5 बजे के आसपास बस का इंतजार कर रही थी। आरोपी ने उसे दीदी कहकर पूछा कि कहां जा रही हो? पीड़ित ने बताया कि मुझे अपने गांव जाना है। इसके बाद उसने उसे कहा कि आपकी बस दूसरी जगह खड़ी है। चलो मैं छोड़ देता हूं। पीड़ित बोली- नहीं बस यहीं पर आती है। इस पर आरोपी ने बोला मैं 10 साल से यहां हूं, चलो मैं छोड़ देता हूं। महिला मान गई और उसके साथ बस पार्किंग एरिया की ओर चली गई। युवक उसे शिवशाही बस की ओर इशारा करते हुए अंदर जाने को कहा। बस में रोशनी नहीं थी। इस पर महिला ने झिझकते हुए युवक से पूछा कि - लाइट नहीं जल रही है। युवक ने उससे कहा कि अन्य यात्री सो रहे हैं, इसलिए अंधेरा है। जैसे ही वह बस में चढ़ी आरोपी ने दरवाजा बंद कर दिया और उसके साथ रेप किया।

**घटना सुबह 5.30 बजे की**

पुणे पुलिस के मुताबिक पीड़ित घटना के बाद बदहवास दूसरी बस पकड़कर अपने गांव जाने लगी। उससे पहले उसने अपनी एक दोस्त को फोन कर बताया तो उसने पुलिस में शिकायत करने करने को कहा। घटना सुबह 5.30 बजे की है। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी महिला से बात करते दिखा है। आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे की पहचान कर ली गई है। उसका क्रिमिनल रिकॉर्ड है। फिलहाल वह फरार है। सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल से पुलिस स्टेशन 100 मीटर की दूरी पर है। घटना के विरोध में शिवसेना (यूबीटी) के नेत बुधवार से स्वारगेट बस डिपो पर हिंसक प्रदर्शन किया।

## 'छात्रों को गुमराह करना बंद करें '

### सीबीएसई परीक्षा से पंजाबी भाषा हटाने के आरोप पर मंत्री मनजिंदर सिरसा ने आप को घेरा



चंडीगढ, 27 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पर आरोप लगाया गया कि उसने 10वीं के क्षेत्रीय भाषा के विषयों की लिस्ट से पंजाबी भाषा को हटा दिया है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) ने आपत्ति जताई और सरकार से इस पर सफाई देने की मांग की। इसके बाद पंजाबी भाषा हटाने के आरोप पर सीबीएसई ने स्पष्टीकरण दिया है। जिसके बाद अब दिल्ली सरकार के मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने 'आप' पर पलटवार किया है। दिल्ली सरकार के मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सीबीएसई ने साफ कर दिया है कि विषयों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बोर्ड की वेबसाइट पर दी गई लिस्ट सिर्फ उदाहरण के तौर पर हैं, सभी मौजूदा विषय जारी रहेंगे और पंजाबी भाषा की परीक्षा भी होगी। उन्होंने कहा, बोर्ड की दोनों-परीक्षा प्रणाली में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके बावजूद पंजाब के आप नेता इस पर गलत जानकारी फैला रहे हैं और छात्रों में भ्रम पैदा कर रहे हैं। छात्रों को गुमराह करना बंद करें और शिक्षा के साथ राजनीति न करें।

**सीबीएसई ने क्या कहा?**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि साल में दो बार 10वीं बोर्ड एग्जाम सिस्टम से पंजाबी भाषा को नहीं हटाया जाएगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में जारी मसौदा नीति से पंजाबी (कोड 004) के अलावा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए वर्तमान में पेश किए जाने वाले विषयों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि यह लिस्ट सांकेतिक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों के लिए वर्तमान में उपलब्ध सभी विषय दो-बोर्ड परीक्षा प्रणाली में जारी रहेंगे। यह स्पष्टीकरण उस आलोचना के जवाब में आया, जिसके बाद नवीनतम मसौदा नीति में सूचीबद्ध दूसरी भाषाओं में पंजाबी का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि अन्य क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल किया गया। नए नियमों के अनुसार, छात्र एक बार या दोनों बार परीक्षा का विकल्प चुन सकेंगे। पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च के बीच और दूसरी परीक्षा 5 मई से 20 मई के बीच आयोजित की जाएगी।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 28 फरवरी - 2025

# राजनीति के भी सुपरस्टार बनेंगे विजय?

तमिल फिल्मों के सुपरस्टार विजय अपनी राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम (टीवीके) के बैनर तले 2026 में विधानसभा चुनावों में डेब्यू करेंगे। विजय ने डीएमके को प्रधान राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और भाजपा को वैचारिक विरोधी बताया है। विजय ने द्रविड़ियन गौरव और सामाजिक न्याय के साथ भ्रष्टाचार और वंशवाद के खिलाफ लड़ाई की प्रतिबद्धता जताई है। लेकिन क्या विजय अपने फिल्मी फैनबेस को वोट में बदल सकेंगे? 2020 में, आयकर विभाग ने विजय से पूछताछ की थी। यह पूछताछ उनकी फिल्म 'बिगिल' के फाइनेंसिंग को लेकर हुई थी। उस समय विजय 'मास्टर' फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। इस घटना के बाद विजय ने अपने फैन्स के साथ एक सेल्फी ली थी, जिसे एक राजनीतिक संदेश माना गया था। 2020 में आयकर विभाग की पूछताछ ने विजय के राजनीतिक जीवन की शुरुआत का संकेत दिया था। 'मास्टर' फिल्म की शूटिंग के दौरान नेवेली कोयला खदान में यह घटना हुई थी। विजय उस समय गुस्से में थे, लेकिन उन्होंने शांत रहना उचित समझा। फिर उन्होंने भीड़ के साथ एक सेल्फी ली। यह सेल्फी एक राजनीतिक बयान बन गई। इस घटना ने दिखाया कि विजय का जनता पर कितना प्रभाव है। अब टीवीके के गठन के साथ, विजय तमिलनाडु की राजनीति में एक नई ताकत बनकर उभरे हैं। देखना होगा कि 2026 में उनकी पार्टी कैसा प्रदर्शन करती है। विजय का मानना है कि डीएमके और बीजेपी में 'गुप्त समझौता' है। जो 'भाषा नीति' (एनईपी) पर झगड़ रहे हैं। विजय अपनी पार्टी को 'इतिहास रचने के लिए प्रतिबद्ध एक उभरती हुई प्राथमिक राजनीतिक शक्ति' बताते हैं। इसके पहले भी तमिल राजनीति में अन्नादुरै और एमजीआर की सफलता राजनीति और फिल्मों के बीच एक सामंजस्य से आई थी। अन्नादुरै और करुणानिधि ने कई ऐसी फिल्में लिखीं जिनमें सामाजिक संदेश थे। ये फिल्में द्रविड़ आंदोलन की पहचान बन गईं। इन फिल्मों ने द्रविड़ कषगम (और बाद में डीएमके) को लोकप्रिय बनाया। एमजीआर ने इस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया और संदेशवाहक ही मसीहा बन गया। जयललिता तमिलनाडु में राजनीति में सफल होने वाली पहली नायिका थीं। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर एमजीआर के साथ शुरू किया था। 1987 में एमजीआर के निधन के बाद पार्टी के विभाजन के बाद भी वो सफल रहीं। सत्ता से बाहर रहते हुए उन्होंने एक दर्जन से ज्यादा मुकदमों का सामना किया। इससे उन्होंने एक सच्चे राजनेता का साहस दिखाया। बहरहाल, राज्य के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेता का दर्जा छोड़कर राजनीति में उतरे विजय इतिहास से अनजान नहीं हैं। वास्तव में उनका मानना है कि उन्होंने अपने असफल वरिष्ठों से सबक सीखा है। विजय के पास देश के इस हिस्से में किसी भी अभिनेता के लिए सबसे बड़ा प्रशंसक आधार है, लेकिन वे पार्टी कार्यकर्ता में बदल सकेंगे, इसे लेकर संदेह है। टीवीके का स्टार चेहरा ही एकमात्र पहचाना जाने वाला चेहरा है। विधानसभा चुनाव का सामना करने से पहले कुछ सम्मानित नामों व अन्य दलों के अनुभवी राजनेताओं को शामिल करना उनके लिए मुफीद रहेगा। चर्चा है कि विजय एडीएमके के साथ गठबंधन के लिए तैयार हैं। इस प्रलोभन के आगे झुकने का मतलब होगा विकल्प होने के अपने प्राथमिक वादे से मुकर जाना। भले ही दोनों दल हाथ मिलाने के लिए तैयार हो जाएं, क्या विजय मुख्यमंत्री पद एडीएमके महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी को सौंप देंगे?

# गर्मी बढ़ने से डेंगू का खतरा

पुनीत उपाध्याय

ठंड का मौसम लगभग विदा ले चुका है। हां, बीच-बीच में उसका पलटवार जारी है। होली तक तो ठंड की विदाई तय है। रोजाना बढ़ रहे तापमान से इसके संकेत भी नजर आ रहे हैं। मौसमों का चक्र चलता रहता है, इसमें चिंता की बात नहीं। असल चिंता इससे हमारी सेहत पर पड़ना वाला असर है। तापमान बढ़ने के साथ ही मच्छरों की तादाद भी बढ़ रही है जो डेंगू और मलेरिया का प्रमुख कारण है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र के मुताबिक भारत में बीते कुछ सालों में डेंगू के मामले बढ़े हैं। यह हमारे लिए चिंता की बात है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक 2024 में पूरी दुनिया में 1.4 करोड़ से ज्यादा डेंगू के मामले दर्ज किए गए और इनमें से 10 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। डेंगू केसेज की असल संख्या रजिस्टर हुए केसेज की संख्या से कहीं ज्यादा है क्योंकि बहुत से लोग इलाज के लिए अस्पताल नहीं जाते। अनुमान है कि पूरी दुनिया में हर साल लगभग 40 करोड़ लोग डेंगू से संक्रमित होते हैं। साइंस जर्नल 'नेचर' के अनुसार तापमान बढ़ने से डेंगू के मामले भी बढ़ते हैं।

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 10-15 वर्षों में भारत के तापमान में 5-7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। इसका मतलब है कि भारत में भी डेंगू का जोखिम बढ़ रहा है। पूरी दुनिया में बढ़ रहा डंक का दंश, एशिया भी अछूता नहीं यूरोपियन सेंटर फार डिजीज प्रिवेंशन सेंटर वेबसाइट के अनुसार 31 दिसंबर 2024 को प्रकाशित देश रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश में, कुल मिलाकर, 2024 में डेंगू के मामलों और मौतों की कुल संख्या 2023 में इसी अवधि के लिए रिपोर्ट की गई संख्या की तुलना में कम स्तर पर बनी रहेगी (31 दिसंबर तक 2024 में 101 214 मामले और 575 मौतें, जबकि 31 दिसंबर 2023 तक 321 179 मामले और 1 705 मौतें)। 16 जनवरी 2025 को प्रकाशित देश रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में अब तक, कुल मिलाकर, 2025 में डेंगू के मामलों और मौतों की कुल संख्या 2024 में इसी अवधि की तुलना में अधिक है (2025 के पहले दो हफ्तों में 828 मामले और 8 मौतें बनाम 2024 के पहले दो हफ्तों में 670 मामले और 7 मौतें)। भारतीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, 31 अक्टूबर 2024 तक भारत में 186567 मामले और 160 मौतें दर्ज की गई हैं। डब्ल्यूपीआरओ डेंगू स्थिति अपडेट के अनुसार कंबोडिया और लाओस में, 2024 में डेंगू के मामले और मौतें 2023 में रिपोर्ट की गई संख्या से कम थीं। मलेशिया में अलग-अलग रुझान देखे गए हैं, जहाँ मामलों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम है, लेकिन मौतों की संख्या अधिक है (2024 में कुल 122 423 मामले, 2024 में 117 मौतें) और सिंगापुर, जहाँ मामलों की संख्या 2023 की तुलना में अधिक है (2024 में 13 655 मामले)। चीन में अक्टूबर 2024 तक मामलों की मासिक संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। कुल मिलाकर, 2024 में और नवंबर के अंत तक देश में 23 888 मामले दर्ज किए गए और कोई मौत नहीं हुई। वियतनाम में 2024 के दौरान मामलों की घटती संख्या दर्ज की गई जो 2023 के स्तर से नीचे है (2024 में 26 मौतों सहित कुल 138 342 मामले दर्ज किए गए हैं) डेंगू गंभीर बीमारी, प्लेटलेट्स की नियमित मॉनिटरिंग बहुत जरूरी डेंगू एक वायरल संक्रमण है, जो डेंगू वायरस के कारण होता है। यह संक्रमित एडीस मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू के लक्षण आमतौर पर संक्रमण के 3-10 दिन बाद दिखते हैं। इसमें सबसे पहले सिरदर्द के साथ तेज बुखार होता है। डेंगू के बुखार को ब्रेक बोन फीवर भी कहते हैं क्योंकि इसमें बुखार के साथ मसल्स, सिर और जोड़ों में तेज दर्द होता है। बुखार के साथ शरीर में लाल रंग के चकत्ते इसका बड़ा संकेत है। डेंगू वेक्टर बोन डिजीज है। इसे फैलाने वाले एडीस मच्छर दिन में ज्यादा एक्टिव रहते हैं।

# महाकुम्भः योगी के निशाने पर विपक्ष



निरंकार सिंह

दुनिया के सबसे बड़े महोत्सव महाकुम्भ 2025 का शिवरात्रि 26 फरवरी के स्नान के साथ ही समापन हो गया है। 45 दिनों तक चले इस मेले में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम और तटों पर 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजा अर्चना की और साधु संतों के उपदेशों का लाभ प्राप्त किया। यह कुम्भ मेला भारतीय जन मन की आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक है। लेकिन इस बार इसकी शुरूआत के पहले से ही इसके आयोजन के खिलाफ कुछ वामपंथियों एवं सपाइयों ने दुष्प्रचार शुरू कर दिया था।

उसकी जितनी निंदा की जाए वह कम ही होगी। भगदड़ की एक दुर्घटना में कुछ लोगों की मौत हुई थी, जिसकी जांच हो रही है। लेकिन कुल मिलाकर कुम्भ मेला बड़े भव्य और शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। विपक्षियों और सोशल मीडिया के दुष्प्रचार के बावजूद कुम्भ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं पर कोई असर नहीं हुआ। देश विदेश से जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन इस मेले में आये वह एक बड़ा रिकार्ड बन गया है। इससे यूपी की अर्थव्यवस्था को भी भारी लाभ हुआ है। इसके प्रचार-प्रसार में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष योगदान रहा है।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के बजट सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुम्भ मेले पर सवाल उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। विधान सभा बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों पर कहा कि विपक्ष निरन्तर महाकुम्भ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है।

जबकि यह आयोजन सनातन संस्कृति का गौरव है। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। उन्होंने समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा कि ये लोग महाकुम्भ जैसे आयोजन की भव्यता पर सवाल उठाते हैं और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं। विपक्ष पहले दिन से ही महाकुम्भ का विरोध कर रहा है। अगर वे वास्तव में जनता के हितैषी होते तो इस आयोजन पर चर्चा के लिए सदन में उपस्थित रहते, लेकिन उन्होंने सदन को बाधित किया। जैसे ही महाकुम्भ शुरू हुआ, इन्होंने अफवाह फैलाना शुरू कर दिया। विपक्ष ने महाकुम्भ को लेकर कई गलत तथ्य प्रस्तुत किए और इसे धन की बर्बादी तक करार दिया। उन्होंने विपक्ष के नेताओं के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किये गये बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि यह उनके संस्कार और मानसिकता को दर्शाता है। किसी भी सभ्य समिति के लिए वह भाषा शोभा नहीं देती है। आप लोगों के अपने संस्कार हो सकते हैं। आप लोगों का अपना व्यवहार हो सकता है, लेकिन कोई सभ्य समाज और कोई सभ्य समिति कभी भी उसको मान्यता नहीं दे सकती है। महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैदिक परम्परा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे संकीर्ण राजनीतिक नजरिए से देखना अनुचित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही महाकुम्भ का आयोजन शुरू हुआ, विपक्ष द्वारा अफवाह और दुष्प्रचार किया जाने लगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाकुम्भ आयोजन के पहले इस बारे में कहना शुरू किया कि इतना पैसा और इतना विस्तार देने की आवश्यकता क्या है।

उनका बयान है कि हमारी सरकार से अपील है कि वहुत सारे बुजुर्ग जो 65 साल से 70 साल के ऊपर के हैं, स्नान नहीं कर पाये हैं। उसके बाद फिर उनके बयान आये। योगी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भगदड़ में हजारों लोग मारने वाले बयान, टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी द्वारा महाकुम्भ को 'मृत्युकुंभ' कहे जाने के बयान का जिक्र करते हुए उसकी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जया बच्चन कहती हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना बयान समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आरजेडी और टीएमसी के नेताओं के द्वारा सनातन धर्म से जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ को भव्य बनाने के लिए सरकार ने हरसंभव प्रयास किये हैं। हमारा उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

हम इसे ऐतिहासिक बना रहे हैं और इसमें कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग शुरू में महाकुम्भ का विरोध कर रहे थे, वे भी अब चुपचाप स्नान करने पहुंचे। 2013 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तब इसके नेताओं को प्रयागराज जाने से रोका गया था लेकिन इस बार वे खुद वहां गये और हमारे द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। ममता बनर्जी के बयान पर सीएम योगी ने कहा कि कुछ विपक्षी नेता महाकुम्भ को 'मृत्युकुंभ' बताकर सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि यह सनातन आस्था पर सीधा प्रहार है। सनातन धर्म भारत की आत्मा है और इसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हमारी सरकार इस परम्परा को भव्यता देने के लिए कृत संकल्पित है। सनातन धर्म की सुरक्षा ही विश्व मानवता की सुरक्षा की गारंटी है।

प्रयागराज महाकुम्भ में हर जाति, मत और मजहब के लोग श्रद्धा के साथ पहुंचे हैं।


जब क्रिकेटर मोहम्मद शमी तक ने स्नान किया, तो विपक्षी नेता इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? विपक्ष महाकुम्भ ही नहीं, बल्कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भी विरोध करता रहा है। जब सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से राम जन्मभूमि पर फैसला दिया, तब भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसे दलों ने इसका विरोध किया था। अयोध्या में रामलला विराजमान हुए, तब भी यही लोग विरोध कर रहे थे। जब हमने प्रस्ताव दिया कि सभी विधायक अयोध्या दर्शन के लिए जायें तब समाजवादी पार्टी ने वॉकआउट कर दिया। उन्होंने महाकुम्भ में अव्यवस्था और भगदड़ के मुद्दे पर जवाब देते हुए कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुन्दरता रास नहीं आ रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया टिप्पणी के माध्यम से विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि महाकुम्भ में जिसने जो तलाशा उसे वो मिला। गिद्धों को केवल लाश मिली। आस्थावानों को पुण्य मिला। गरीबों को रोजगार मिला। अमीरों को धंधा मिला। श्रद्धालुओं को साफ-सुथरी व्यवस्था मिली। पर्यटकों को अव्यवस्था सद्भावना वाले लोगों को जातिरहित व्यवस्था मिली। एक ही स्थान पर सभी जाति के लोगों ने स्नान किया। महाकुम्भ को लेकर किये जाने वाले प्रश्न समाजवादियों और वामपंथियों की नीयत को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के आरोपों का जवाब दे रहे थे।

महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए सीएम ने कहा कि बहुत अच्छा कि समाजवादी भी अब सनातनी हो गये हैं।

नेता प्रतिपक्ष को इस बारे में आपत्ति थी कि भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में महाकुम्भ को वैश्विक स्तर का आयोजन बनाने का उल्लेख क्यों किया और उस प्रकार की व्यवस्था क्यों नहीं की। यदि विश्वस्तरीय सुविधा नहीं होती तो अब तक 63 करोड़ श्रद्धालु महाकुम्भ का हिस्सा नहीं बनते। विपक्ष द्वारा महाकुम्भ में एक जाति विशेष को वहां जाने से रोकने की बात कही गई लेकिन किसी जाति को नहीं रोका गया था। हमने कहा था कि जो सद्भावना से जायेगा उसका स्वागत है।

वह सम्मान से कुम्भ आ सकते हैं लेकिन जो दुर्भावना से जायेगा तो उसकी दुर्गति भी होगी। 2013 में कुम्भ का प्रभारी तत्कालीन आजम खां को बनाये जाने पर उन्होंने उनका नाम लिए बगैर कहा कि हमने सपा की तरह आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं किया। उनके समय में मुख्यमंत्री को फुर्सत नहीं थी कि वे उस आयोजन को देख सकें और उसकी समीक्षा कर सकें। यही वजह है कि उन्होंने एक गैर सनातनी को कुम्भ का प्रभारी बनाया था लेकिन यहां मैं स्वयं देख रहा हूँ।

# मोहम्मद यूनुस सरकार में उथल-पुथल



अशोक भाटिया

बांग्लादेश पिछले कुछ महीनों से राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। शेख हसीना की सरकार चली गई थी। उन्हें प्रधान मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा और देश छोड़ना पड़ा। फिर अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी मोहम्मद यूनुस पर आ गई। लेकिन एक बार फिर, देश में हिंसा भड़क उठी है। शेख हसीना के शासन के अंत को एक साल भी नहीं हुआ है। वहीं, बांग्लादेश की वर्तमान सरकार के खिलाफ छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। ये था। छात्र आंदोलन का नेतृत्व शेख हसीना की सरकार के दौरान छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने किया था। इस आंदोलन के कारण शेख हसीना की सरकार गिर गई। अब छात्र एक बार फिर यूनुस के खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार है, जिसमें नाहिद इस्लाम को एडवाइजरी का पद दिया गया था; लेकिन अब उन्होंने सलाहकार के रूप में पद छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की है। शेख हसीना की सरकार के दौरान भेदभाव विरोधी आंदोलन और हिंसक छात्र आंदोलन हुए थे। वह हसीना सरकार के पतन के मुख्य कारणों में से एक थे। छात्र आंदोलन का नेतृत्व छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने किया था। कार्यवाहक के रूप में पद छोड़ने के नाहिद इस्लाम के फैसले ने बांग्लादेश में यूनुस सरकार की स्थिरता के बारे में संदेह पैदा कर दिया है और अटकलें लगाई हैं कि यूनुस सरकार जल्द ही कभी भी गिर जाएगी।खबर यह भी है कि वह नई राजनीतिक पार्टी का गठन कर सकते हैं और जल्द इसका ऐलान हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नाहिद इस्लाम बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार से नाराज थे। उन्होंने इस्तीफा देने के बाद यह भी कहा कि इस समय देश में जो माहौल बना हुआ है। ऐसे में वह छात्रों के बीच दोबारा लौटना चाहते हैं। मौजूदा स्थिति ऐसी है कि एक नई राजनीतिक ताकत का आगमन जरूरी है। मैंने जन आंदोलन की धार मजबूत करने के लिए पद से इस्तीफा दिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन और नेशनल सिटिजन्स कमेटी मिलकर नई राजनीतिक पार्टी का गठन करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस पार्टी का गठन इसलिए हो रहा है ताकि जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन की लड़ाई जारी रखी जा सके। इस नई पार्टी के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है लेकिन कहा जा रहा है कि पार्टी के लिए जुलाई क्रांति से जुड़े कई नाम सुझाए गए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि यह नया राजनीतिक दल बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार को चुनौती देगा। बीडीन्यूज डॉट 24 की रिपोर्ट के मुताबिक, नाहिद इस्लाम और सरजिस आलम इस नए दल की अगुवाई कर सकते हैं। सरजिस स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के कॉर्डिनेटर हैं। बता दें कि नाहिद इस्लाम की अगुवाई वाले छात्र आंदोलनों के बीच पिछले साल पांच अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़कर भागना पड़ा था और उन्होंने भारत में शरण ली थी। इसके बाद आठ अगस्त को मोहम्मद यूनुस की अगुवाई में नई अंतरिम सरकार ने कार्यभार संभाला था। अब अगर हम बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम को देखें तो छात्र यूनुस सरकार के कुछ फैसलों से नाखुश हैं। नए साल की पूर्व संध्या पर, 31 दिसंबर की शाम को, हजारों छात्र ढाका में केंद्रीय शाहिर मीनार के पास इकट्ठा हुए और वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगाए। छात्र संघ बांग्लादेश के निर्माण के समय 1972 में लागू संविधान को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। छात्र संघ ने भारत के संविधान को मुजीबिस्ट संविधान के रूप में वर्णित किया है। छात्रों का आरोप है कि बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण भारत और बांग्लादेश, जिनके कभी दोस्ताना संबंध थे, अब तनाव के बिंदु पर पहुंच गए हैं। भारत-बांग्लादेश संबंध चीन के साथ मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की निकटता के कारण बिगड़ते प्रतीत होते हैं। भारत ने 1971 में स्वतंत्र बांग्लादेश को मान्यता दी। भारत और बांग्लादेश दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसी हैं। बांग्लादेश और भारत के बीच निरंतर दोस्ती को मनाने के लिए फ्रेंडशिप डे मनाया जाता है। शेख हसीना के शासनकाल के दौरान भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध मजबूत थे; लेकिन उनके अपदस्थ होने के बाद, स्थिति बदल गई। शेख हसीना प्रधान मंत्री के रूप में इस्तीफा देने के बाद भारत आईं। मोहम्मद यूनुस की नीतियों ने भारत के साथ संबंधों को और तनावपूर्ण बना दिया है। विश्व आर्थिक मंच पर बोलते हुए, मोहम्मद यूनुस ने चीन की प्रशंसा की और संकट के समय में बांग्लादेश को चीन के समर्थन का उल्लेख किया। इससे पहले बांग्लादेश आर्मी चीफ वकार-उज्जमान ने सभी नेताओं को चेतावनी देते हुए उन्हें आपस में नहीं उलझने को कहा था । उन्होंने कहा था कि इससे देश की संप्रभुता को खतरा हो सकता है। अगर लोग अपने मतभेदों ना भुला पाए या एक-दूसरे पर आरोप लगाना बंद ना कर पाए तो देश की संप्रभुता दांव पर लग सकती है।उन्होंने मंगलवार को पिलखाना नरसंहार की बरसी पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मैं आपको चेतावनी दे रहा हूं। बाद में यह मत कहना कि मैंने आगाह नहीं किया। अगर आप अपने मतभेदों को भूलाकर साथ मिलकर काम नहीं करते हैं तो एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं तो देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने पुलिस बल की अक्षमता पर भी सवाल उठाए और बताया कि कई अधिकारी डर में जी रहे हैं, क्योंकि उनके साथी या तो जेल में हैं या उन पर मुकदमे चल रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि देश की कानून एवं व्यवस्था खराब होने के ये कुछ कारण हैं। पहला कारण है कि हम आपस में ही लड़ने में व्यस्त हैं। अगर आप अपने मतभेदों को नहीं भुलाते हैं तो इससे दिक्कत होगी। देश की संप्रभुता जोखिम में पड़ जाएगी। मैं चेतावनी दे रहा हूं। सभी नेता एक दूसरे पर आरोप लगाने में व्यस्त हैं जिससे शरारती तत्वों को माहौल बिगाड़ने में फायदा हो रहा है। इस अराजक स्थिति में वे आसानी से बच रहे हैं। लोगों को एक बड़ी चिंता ये भी है कि यूनुस के जमात-ए-इस्लामी से अच्छे रिश्ते बने हुए हैं। कम से कम उनके हालिया राजनैतिक फैसलों से यही झलकता है। अंतरिम सरकार के लीडर बतौर उन्होंने इस गुट पर लगी पाबंदियां हटा दीं। बता दें कि जमात-ए-इस्लामी पर कट्टरपंथी राजनैतिक गुट है, जिसके खिलाफ खुद वहां की सुप्रीम कोर्ट ने फैसला देते हुए उसके चुनाव में हिस्सा लेने पर रोक लगा दी। पॉलिटिकल गतिविधियों के अलावा वो कोई सभा भी नहीं कर सकती थी। लेकिन अंतरिम सरकार के आते ही उसपर से सारी रोकटोक खत्म हो गई। बताया यह भी जाता है कि हेफाजत-ए-इस्लाम भी एक कट्टरपंथी संगठन है, जिससे यूनुस से रिश्ते सामने आ रहे हैं। बेहद कट्टर इस गुट की विचारधारा महिलाओं के बिल्कुल खिलाफ है, यहां तक कि इसके नेता भी अपनी भारत-विरोधी सोच के लिए जाने जाते हैं। यूनुस का हाल में इन नेताओं से संपर्क बढ़ा। अगस्त 2024 में, उन्होंने इसके नेता ममनुल हक से मुलाकात की, जिसकी काफी चर्चा हुई थी।

# भविष्य के निर्माण में विज्ञान की भूमिका



योगेश कुमार गोयल

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान्‌ वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। 2025 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम है 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना'। 2024 में यह दिवस 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 2023 में 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीआई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीआई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर अब तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पश्चिम से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा : 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईवीएफ', 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रकृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का 'दैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खाद्य सुरक्षा', 2014 का'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य'।

# अपना-अपना लोकतंत्र

गौरीशंकर दुबे

सब का अपना-अपना लोकतंत्र है। किसी का लोकतंत्र स्वस्थ चंगा है तो किसी का लोकतंत्र आज भी खतरे में है। किसी का लोकतंत्र देशी गाय, किसी का विदेशी जर्सी गाय तो किसी का लोकतंत्र भैंस जैसा है जो अक्सर गुम जाती है। किसी का लोकतंत्र कामधेनु गौ माता जो हाथ जोड़कर खड़े होने से मनोवांछित चीज दे देती है ।तो किसी का दुधारू जो मार खाकर दूध देती है। जैसे जैसे लोग वैसे वैसे उनका लोकतंत्र। किसी का लोकतंत्र स्वस्थ , स्वावलंबी और आत्म -निर्भर है। किसी का लोकतंत्र दुधारू होने के बावजूद सहारे की आवश्यकता है। कभी किसी पुस्तक के सहारे जीता-मरता है तो कभी महात्माओं के तस्वीर के सहारे खड़ा होता है। खड़े होने के लिए हमेशा सहारे की जरूरत पड़ती है। लगता है कि रीढ़ की हड्डी कमजोर है। कमजोर लोकतंत्र धीरे -धीरे हो लुप्त जाता है। अपना-अपना लोकतंत्र में मान-अपमान होता है। अपमान होने पर सदस्य गण प्रदर्शन , धरना , आंदोलन करते हैं। अपमान करने पर सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई जाती है। चलिये माफी मांगिये, आपने सार्वजनिक रूप से अपमानित किया है। थोड़े -थोड़े में अपमानित हो जाते हैं। सम्मान होने पर नाचते - गाते हैं ,उत्सव मनाते हैं , फटाके फोड़ते हैं। क्या करें अपना-अपना लोकतंत्र है। कभी नाचते गाते हैं फटाके फोड़ते हैं तो कभी यंत्रणा , चिंतन शिविर का आयोजन किया जाता है। थोड़ी - थोड़ी बात पर मान - अपमान हो जाता है। लोगों के विचार भी भिन्न होते हैं। अपना-अपना लोकतंत्र है। अपना-अपना लोकतंत्र में निंदा और प्रशंसा का गणित होता है। किसी कार्य के लिए निंदा के स्थान पर प्रशंसा करने पर आलोचना होती है। भावी संभावनाओं को देखते हुए वर्तमान की उपेक्षा कर व्यक्ति की प्रशंसा करना निंदनीय होता है । मधुर संबंध बना रहे यह विचार कर लोगों की प्रशंसा करते हुए अपने लोगों के दुःख की ऊपर से लोग निंदा करते हैं। विरोधियों को विशेष अवसर मिल जाता है धरना प्रदर्शन करने के लिए। विरोध प्रदर्शन करने लगते हैं। विरोधियों का विरोध का लोकतंत्र में विश्वास होता है। सत्ताधारियों का विरोध करना शुरू कर देते हैं। उन्हें निंदा करना था लेकिन मेरे प्यारे मित्रो कहकर प्रशंसा करते हैं।यह कूटनीति है या प्रशंसा स्तुति, वे ही समझा सकते हैं। विरोधी एकस्वर से विरोध करते हैं। अपना-अपना लोकतंत्र में कहीं कोई घास खा जाता है तो कहीं कोई सड़क स्कूल खा जाता है ,कही कोई पुल -पुलिया हजम कर जाते हैं। तरह-तरह के लोग होते हैं। सड़कों की चौड़ाई को आधा कर जाते हैं। योजना उन्हीं की बनाई होती है।

# मप्र के मंदसौर का प्रसिद्ध अष्टमुखी पशुपतिनाथ मंदिर

## एक ही समय में आठ अलग रूपों में देते हैं दर्शन





मंदसौर में अष्टमुखी पशुपतिनाथ मंदिर हिंदू आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विरासत की स्थायी विरासत का एक प्रमाण है, आइए जानते है इससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी
मंदसौर में पशुपतिनाथ मंदिर इसका निर्माण औलिकरा वंश के राजा यशोवर्मन ने 5वीं शताब्दी ईस्वी में करवाया था। ऐतिहासिक अभिलेखों और शिलालेखों से पता चलता है कि यह मंदिर प्राचीन काल में भी एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र था।

**अष्ट तत्वों को दर्शाते है ये मुख**

मंदिर की वास्तुकला उत्तर भारतीय शैली का एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसकी विशेषता इसकी ऊंची चोटी और जटिल नक्काशी है।
मुख्य गर्भगृह में एक अनोखा अलौकिक अष्टमुखी शिवलिंग है, जो 7।3 फीट ऊंचा है। शिवलिंग के ऊपरी ओर चार मुख और निचली और चार मुख स्थित है।
यहां पर भक्तों को जीवन की चारों अवस्थाओं के दर्शन होते है। पूर्व दिशा वाला मुख बाल्यावस्था को दर्शाता है,पश्चिम दिशा वाला मुख युवावस्था, उत्तर दिशा वाला मुख प्रौढ़ावस्था, दक्षिण दिशा वाला मुख किशोरावस्था का प्रतीक है।
मंदिर में चारों ओर दरवाजे है जिसका अर्थ है कि भगवान पशुपतिनाथ के दरवाजे हमेशा भक्तों के लिए खुले रहते है। भगवान शिव के अष्टमुख के नाम उनके अष्ट तत्वों के अनुसार है- शर्व, भाव, रुद्र, उग्र, भीम, पशुपति, ईशान, महादेव।
शिवना नदी के पवित्र तट पर 19 जून 1940 को यह अलौकिक शिवलिंग प्रकट हुई थी जिसका स्वरूप मूर्ति रूप में भी है और शिवलिंग के रूप में भी,1961 में मंदिर में स्थापना स्वामी प्रत्यक्षानन्द के कर कमलों से हुई।
यह शिवलिंग नेपाल के काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर में पाए जाने वाले लिंग के समान है।
पशुपतिनाथ मंदिर किंवदंतियों और मिथकों से जुड़ा हुआ है जो इसके रहस्यमय आकर्षण को और भी बढ़ाते हैं। एक लोकप्रिय किंवदंती केशी नामक एक राक्षस की कहानी बताती है, जो इस क्षेत्र को आतंकित कर रहा था। स्थानीय लोगों ने भगवान शिव से मुक्ति के लिए प्रार्थना की, और भगवान शिव ने राक्षस को परास्त करने के लिए अपने पशुपतिनाथ रूप में प्रकट हुए, और तभी से वे अपने अष्टमुखी अवतार मे यहां पर विराजमान है।

**सावन और महाशिवरात्रि के दौरान लगता है मेला**

सावन के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के त्योहार के दौरान पशुपतिनाथ मंदिर भक्ति और उत्सव का केंद्र बन जाता है। सावन के दौरान,भक्त भगवान शिव से आशीर्वाद पाने के लिए मंदिर में पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करने के बड़ी संख्या में आते हैं। सावन में यहां भक्तों के लियव भव्य मेले और भंडारे का आयोजन होता है। महाशिवरात्रि, भगवान शिव को समर्पित भव्य रात्रि, भक्तों की और भी बड़ी भीड़ को देखती है। बड़े उत्साह के साथ मनाए जाने वाले इस त्यौहार में रात भर जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होते है।
पशुपतिनाथ मंदिर के बारे में रोचक तथ्य
पशुपतिनाथ मंदिर का निर्माण 5वीं शताब्दी ई। में औलीकर वंश के राजा यशोवर्मन ने करवाया था।
मंदिर में एक दुर्लभ अष्टमुख वाला शिव लिंग है, जो भगवान शिव के चार पहलुओं – सद्योजात, वामदेव, अघोरा और तत्पुरुष को दर्शाता है।
इस दुर्लभ शिवलिंग की ऊंचाई 7.5 फीट है।
यह मंदिर शिवना नदी के तट पर स्थित है। एक लोकप्रिय किंवदंती बताती है कि भगवान शिव ने अपने पशुपतिनाथ रूप में राक्षस केशी को हराया, जो इस क्षेत्र को आतंकित कर रहा था, इस प्रकार स्थानीय लोगों की रक्षा की।
मिथक के अनुसार, शिव लिंग की खोज एक चरवाहे ने की थी, जिसकी गाय हर दिन एक विशेष स्थान पर रहस्यमय तरीके से दूध देना बंद कर देती थी, जिसके कारण उस स्थान पर मंदिर की स्थापना हुई।
सावन के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के त्योहार के दौरान, मंदिर में हजारों की संख्या में भक्त आते हैं जो अनुष्ठान, प्रार्थना और रात भर जागरण में भाग लेते हैं।

# मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़

## शहर के मां बेल्हादेवी शक्ति पीठ का मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है





शहर के मां बेल्हादेवी का मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। इस धाम को शक्ति पीठ का दर्जा हासिल है। कहते हैं कि यहां माता सती का कमर वाला हिस्सा (बेला) गिरा था। यहां सोमवार व शुक्रवार को मेला लगता है, जिसमें बेल्हा के साथ आसपास के जिलों के लोग भी आते हैं। नवरात्र में यहां लोगों का सैलाब मां के दर्शन को पहुंचता है। मां मुरादें पूरी करती हैं।
इतिहास-
बेल्हादेवी के बारे में कई किवदंतियां हैं। कुछ लोगों का मानना है कि जब माता सती (पार्वती) को उनके पिता ने यज्ञ में आमंत्रित नहीं किया तो माता सती ने यज्ञ के हवनकुंड में अपने प्राण त्याग दिए। इसकी सूचना पाकर वहां पहुंचे भगवान शिव माता सती का शव लेकर तांडव करने लगे। इस पर विश्व कल्याण के लिए श्री हरि ने माता सती का शव लेकर उसके कई टुकड़े कर फेंके थे। माता के शरीर के हिस्से जहां जहां गिरे उसे शक्तिपीठ का दर्जा दिया गया। मां बेल्हादेवी धाम में माता का कमर वाला हिस्सा जिसे बेला कहा जाता है गिरा था। कुछ लोगों का मत है कि वन में भगवान राम से मिलने जाते समय उनके भाई भरत ने सई तट पर बेल्हाघाट पर रात्रि विश्राम कर मां बेल्हा देवी की पूजा अर्चना की थी।
परंपरा-
मां बेल्हादेवी धाम में सच्चे मन से मांगी गई मुरादें अवश्य पूरी होती हैं। यहां कुछ लोग तो नियमित रूप से मां के दर्शन को पहुंचते हैं। नवरात्र में मां के अलग-अलग स्वरूपों का श्रृंगार प्रतिदिन किए जाता है। यहां के पुजारी राजा पंडा बताते हैं रात में व सुबह मां की आरती की जाती है। यहां पर लोग अपने बच्चों का मुंडन, कर्ण छेदन आदि संस्कार भी कराते हैं। इसके अलावा मांगलिक कार्य भी होते हैं।

# फाग क्या है, होली से इनका क्या खास कनेक्शन है?

होली को लेकर कई तरह के गीत और गाने सुनने को मिलते हैं। लेकिन खासकर फाग गीतों की अपनी अहमियत रही है। होली से संबंधित कई गाने हैं, लेकिन क्या आपने सोचा है कि आखिर फाग ही होली के लिए क्यों महत्वपूर्ण है और ये क्यों गाए जाते हैं, तो चलिए जानते हैं होली के फाग गीतों से जुड़ी बातें। जोगीरा सररर। इस शब्द से आप काफी हद तक समझ गए होंगे कि आखिर फाग का होली से क्या कनेक्शन है। होली खिलकर और खिलखिलाकर मनाने वाला उत्सव है। इसलिए इस पर्व को खुशी और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। बात करें फाग की तो, फाग होली पर गाए जाने वाले पारंपरिक लोक गीतों को कहते हैं। लेकिन आज के डिजिटल दौर की युवा पीढ़ी इन गीतों से कुछ दूर हो गई है, हालांकि कुछ इलाकों में फाग गीतों की परंपराएं आज भी जीवित हैं।होली में उत्तर प्रदेश के पूर्व से लेकर बिहार तक फाग की गूंज के बैगर जैसे होली सूना लगता है। लेकिन फाग की परंपरा केवल यूपी-बिहार ही नहीं बल्कि अवध, ब्रज, बुंदेलखंड, राजस्थान और हरियाणवी राग में भी है। फाग में क्या नहीं है, इसमें राम भी है, कृष्ण भी हैं, राधा रानी भी है और शिव-पार्वती भी हैं। फाग गीतों में चिरई, सुग्गा, संपिनिया-बीछी, गांव-दुआर और खेत-खिलिहान का भी जिक्र भी मिलता है। फाग में भंग, चंग, अंग, रंग और तरंग का मेलजोल भरा है। फाल्गुन महीने की शुरुआत होते ही होली के साथ ही रंगीले गीतों की फुहार भी चारों तरफ छा जाती है। फाग गीतों के बिना तो यह त्योहार अधूरा सा लगता है। जब तक कानों में जोरीरा सररर। और आज बिरज में होली से रसिया। की धुन न पड़े तो होली का माहौल फीका सा लगता है। होली का त्योहार देशभर में अलग-अलग तरह से मनाया जाता है।

# क्या घर में बेलपत्र का पौधा लगाना शुभ है?



**बेल के पेड़ का धार्मिक महत्व**

बेल का पेड़ हिंदू धर्म में आध्यात्मिक महत्व रखता है, यह विशेषकर भगवान शिव से जुड़ा हुआ होताहै।बेल पत्रभगवान शिव की पूजा में विशेष रूप से अर्पित किए जाते हैं, क्योंकि इन्हें शिव जी का प्रिय पौधा माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिवलिंग पर बेल के पत्ते चढ़ाए बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। बेल के पत्तों का भगवान शिव से गहरा संबंध है, और इन्हें शिव की आराधना में आवश्यक माना जाता है।
यह भी कहा जाता है कि बेल के पत्तों के माध्यम से भगवान शिव की कृपा दृष्टि प्राप्त होती है। जब शिवलिंग पर यह पत्ते चढ़ाए जाते हैं, तो पूजा की संपूर्णता और सफलता मानी जाती है। बेल के पत्तों का प्रतीकात्मक महत्व भी है, जो भगवान शिव की अनुकम्पा और आशीर्वाद का प्रतीक माने जाते हैं। धार्मिक दृष्टिकोण से, बेल के पेड़ को पवित्र और प्रभावशाली माना जाता है और इस पेड़ की पूजा से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इसलिए, बेल के पेड़ को शिव जी के साथ जुड़ी हुई विशेष पूजा और आस्था का हिस्सा माना जाता है।

**वास्तु की दृष्टि से बेल के पेड़ का महत्व**

वास्तु शास्त्र में पेड़-पौधों का घर में स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। प्रत्येक पौधा न केवल पर्यावरण को सुंदर और हरा-भरा बनाता है, बल्कि यह घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। यह ऐसे ही पौधों में से एक है जो घर में शुभता और समृद्धि लाने का काम करता है। यह घर में सुख, शांति और समृद्धि को बढ़ावा देता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेल का पेड़ घर में नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का कार्य करता है। यह वातावरण को शुद्ध करता है और घर में शांति और समृद्धि को बढ़ाता है।

**क्या घर में बेल का पौधा लगाना ठीक है?**

घर में बेल का पौधा लगाना वास्तु शास्त्र और धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत शुभ माना जाता है। विशेष रूप से यह पौधा भगवान शिव से जुड़ा है, इसलिए जिस स्थान पर ये पौधा होता है वहां भगवान शिव की कृपा दृष्टि सदैव बनी रहती है। मान्यता है कि इस पौधे को यदि आप अपने घर की सही दिशा में लगाती हैं तो सदैव शिव जी की कृपा दृष्टि बनी रहती है। यही नहीं इससे सकारात्मक ऊर्जा पूरे घर में फैलती है। हालांकि आप जब भी ये पौधा घर में लगाएं इसकी सही दिशा का ध्यान रखना बहुत जरूरी है और इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि यह पौधा किसी भी कारण से सूखना नहीं चाहिए। आपको इस पौधे की नियमित देखभाल करनी चाहिए और इस पर समय-समय पर जल चढ़ाना चाहिए।

# महाभारत: पांडवों के पास था कैसा चमत्कारिक बर्तन जो मांगते ही देता था तरह-तरह के व्यंजन



पांडव जब 13 साल के लिए वनवास गए तो उन्हें एक चीज की कमी कभी नहीं पड़ी। वनवास में भी उन्हें तरह तरह का दिव्य भोजन मिलता रहा। यही नहीं, वनवास के दौरान उनसे मिलने जो ऋषि मुनि या मेहमान आते थे, उन्हें भी पांडव छककर स्वादिष्ट खाना खिलाते थे, जिसमें तरह तरह के व्यंजन होते थे। ये खाना ऐसा होता था कि हर कोई इसकी तारीफ करता था। आखिर क्या था इसका राज।
दरअसल इसका राज एक ऐसे पात्र में छिपा था, जिसे चमत्कारिक बर्तन कहा गया। इसे अक्षयपात्र भी कहा जाता था। ये पांडवों को कैसे मिला, इसकी भी एक कहानी है। ऐसा नहीं कि पांडव जैसे ही वनवास के लिए निकले, उन्हें ये जादुई भोजन पात्र मिल गया था, जो मनचाहे भोजन उनके सामने परोसता था।
जब पांडव 13 सालों के वनवास के लिए गए तो उनके सामने सबसे बड़ी समस्या भोजन ही थी। शुरू में तो उन्हें बहुत दिक्कत हुई। कई बार आधे पेट तो कई बार भूखा सोना पड़ा। जंगल में पर्याप्त भोजन तलाशना मुश्किल था। उसकी सीमाएं थीं।
ना केवल उससे वो लोग मनचाहा भोजन करते थे बल्कि उनके पास आने वाले सैकड़ों ऋषि मुनियों की भी पूरी आवभगत करते थे। बगैर भोजन किए उन्हें जाने नहीं देते थे। भोजन भी ऐसा होता था कि सभी मेहमान और ऋषि तृप्त होकर ही उनके पास से जाते थे।
युधिष्ठिर को ये भोजन कैसे मिला। इसमें ऐसा क्या था कि कभी भोजन कम नहीं होता था, उसकी भी एक कहानी है। ये कहानी काफी रोचक है। जब पांडवों ने वनवास खत्म करके महल का रुख किया तो इसका क्या हुआ।

**तब युधिष्ठिर ने खास तपस्या की**

दरअसल जब पांडवों के वनवास के दौरान उनकी कुटिया में मेहमान और ऋषि मुनि आने लगे तो द्रौपदी ने युधिष्ठिर से इस समस्या का निदान करने के लिए कहा। उन्होंने जल में खड़े होकर सूर्यदेव की तपस्या प्रार्थना करनी शुरू की। कई दिन तक जब वह ऐसा करते रहे तो सूर्य उपस्थित हुए। उन्होंने युधिष्ठिर से इस तप के बारे में पूछा। तब सकुचाते हुए युधिष्ठिर ने उन्हें सारी बात बताई और निदान करने को कहा।

**सूर्य ने चमत्कारिक पात्र दिया**

सूर्य भगवान ने युधिष्ठिर से कहा कि अब उन्हें वनवास के दौरान ना केवल खुद के भोजन की कभी चिंता नहीं करनी होगी बल्कि वह जितने भी मेहमान उनके पास आएंगे, उन्हें भी दिव्य भोजन करा सकेंगे। इतना कहने के बाद युधिष्ठिर को उन्होंने एक चमत्कारिक पात्र दिया। इस पात्र को अक्षय पात्र कहा जाता है। दरअसल युधिष्ठिर को सूर्य से इस संबंध में पूजा करने की तरकीब धौम्य नाम के पारिवारिक पुजारी ने सुझाई।

**इसके साथ कुछ नियम भी थे**

सूर्यदेव ने निर्देश दिया कि जब तक द्रौपदी अपना भोजन समाप्त नहीं कर लेती, तब तक यह पात्र हर रोज और हर प्रहर अनंत मात्रा में भोजन उपलब्ध कराता रहेगा। इस पात्र से उन्हें अन्न, फल, शाक आदि चार प्रकार की भोजन सामग्रियां मिलती थीं।

**जब दुर्वासा ऋषि खाने के लिए आए**

इसकी एक और कहानी भी कही जाती है। दरअसल वनवास के दौरान जब एक दिन पांडव और उसके बाद द्रौपदी भोजन कर चुकीं थीं, तब ऋषि दुर्वासा पांडवों से मिलने आए। उनके साथ उनके बहुत ढेर सारे शिष्य भी थे। उन्होंने आते ही तुरंत खाना खाने की इच्छा जताई। द्रौपदी चिंता में पड़ गईं। इस बीच दुर्वासा ने अचानक कहा कि वो और उनके शिष्य नदी में स्नान करके आ रहे हैं। फिर भोजन करेंगे।

**मुश्किल में द्रौपदी ने क्या किया**

अब दुखी ने द्रौपदी ने कृष्ण से मदद के लिए प्रार्थना की। कृष्ण प्रकट हुए। उनसे अक्षय पात्र लाने के लिए कहा। इसमें एक चावल का दाना बचा हुआ था। कृष्ण ने इसे खा लिया। इसके बाद कहा कि उनका पेट तो इस चावल के दाने से ही भर गया है...अब द्रौपदी तुम चिंता मत करो। दुर्वासा और उनके शिष्य आएंगे ही नहीं। ऐसा ही हुआ भी। जब दुर्वासा और उनके साथ आए लोग नहाकर निकले और उन्होंने महसूस किया कि उनका पेट भरा हुआ है। वो लोग नहाकर सीधे ही चले गए। द्रौपदी की ये पिदा टल गई।

**वनवास के बाद क्या हुआ पात्र का**

जब पांडवों ने अपने 13 वर्ष के वनवास को पूरा किया, तो अक्षय पात्र उनके साथ महल में आ गया। तब इस पात्र की जरूरत ही नहीं रह गई। हालांकि ये पात्र उनके वनवास के दौरान एक महत्वपूर्ण संपत्ति थी, जिससे उन्हें कभी भोजन की कमी नहीं हुई।
जाहिर सी बात है कि उन्हें तब अक्षय पात्र की जरूरत नहीं रह गई थी लेकिन चूंकि ये चमत्कारिक पात्र उन्हें सूर्य से मिला था, लिहाजा ये ईश्वरीय आशीर्वाद का प्रतीक भी था। उन्होंने इस पात्र को महल में सजाकर सुरक्षित रखा।

**तब दुर्योधन क्रोधित हो गया**

जब पांडव वनवास में थे तो दुर्योधन ने अपने जासूस उनके आसपास छोड़ रखे थे। जब उसे मालूम हुआ कि पांडवों को एक चमत्कारिक अक्षय पात्र मिल गया है, तो वह दुर्योधन क्रोधित हो गया। वह इस बात से परेशान था कि पांडव निर्वासन के दौरान बिना किसी कठिनाई के कैसे उनके पास पहुंचने वाले मेहमानों और ऋषियों को भोजन करा सकने में समर्थ हो गए हैं।
दुर्योधन ने ही फिर साजिश करके दुर्वासा ऋषि को पांडवों के पास ऐसे समय भेजा था जब द्रौपदी भोजन कर लें। उसके बाद अक्षय पात्र से कोई भोजन नहीं मिल सके। लेकिन इसका असर भी पांडवों पर कुछ पड़ा नहीं।
पौराणिक कथाओं के अनुसार, अक्षय पात्र केवल शाकाहारी भोजन ही देता था। इसमें फल, सब्जियां, अनाज और अन्य शाकाहारी खाद्य पदार्थ शामिल थे। मांसाहारी भोजन का उल्लेख इसमें नहीं मिलता। हालांकि पांडव मांसाहारी भोजन के शौकीन थे, जिसे वह शिकार करके बनाते थे। ये भोजन उनके लिए खासतौर पर भीम द्वारा पकाया जाता था, जो खाना बनाने में बहुत एक्सपर्ट थे।

# रिश्तों में गहरी इज्जत होनी चाहिए : भूमि पेडनेकर

**भूमि पेडणेकर** इन दिनों अर्जुन कपूर और रकुल प्रीत अभिनीत फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में नजर आ रही है। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है, जिन्होंने इसे एक मनोरंजक अंदाज में पेश करने की कोशिश की है, जिसमें अर्जुन कपूर खुद को एक हास्यपूर्ण लव ट्रायएंगल में फंसा हुआ पाते हैं। एक मुलाकात में भूमि और अर्जुन से उनकी फिल्म, रिश्तों, दोस्ती और अन्य विषयों पर बातचीत हुई।



भूमि ने कहा जब मुझे स्क्रिप्ट मिली थी, तो शीर्षक ने मेरी बहुत रुचि बढ़ाई, मुझे सच में यह सुनकर जिज्ञासा हुई थी। एक बार जब आप फिल्म देखेंगे तो आपको समझ में आ जाएगा कि यह शीर्षक क्यों है । यह सिर्फ ध्यान आकर्षित करने के लिए नहीं है, बल्कि फिल्म को समझाने के लिए इससे बेहतर कोई शीर्षक नहीं हो सकता था।

लगता है कि हर व्यक्ति के जीवन में रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, चाहे वह आपके परिवार के साथ हो, दोस्तों के साथ, पार्टनर के साथ या जो लोग आपके साथ काम करते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनसे आपका कोई खास रिश्ता नहीं होता, लेकिन फिर भी उनके साथ जुड़ाव होता है। किसी भी रिश्ते में कुछ शालीनता और एक-दूसरे का सम्मान होना चाहिए । किसी भी रिश्ते में यह बहुत जरूरी है कि हम एक-दूसरे के साथ सम्मान से पेश आएं, चाहे वह रिश्ता कोई भी हो ।

अर्जुन ने कहा कि जब मैंने इसे पढ़ा, तो मुझे लगा कि यह सच में सबसे उपयुक्त शीर्षक है और इसे बहुत रोचक तरीके से इस्तेमाल गया है। आप ट्रेलर में देख सकते हैं कि यह फिल्म एक आदमी के बारे में है, जो खुद को फंसा हुआ पाता है। मुझे लगता है कि यह दर्शकों में जिज्ञासा पैदा करता है और वे यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि वह किस स्थिति में फंसा है।

भूमि ने रिश्तों पर नजरिया बताते हुए कहा कि मैं समझती हूं कि रिश्ते ऐसे हों, जो आपको और आपके साथियों को जीवन भर सशक्त बनाएं। जैसे आपके भाई- बहन, आपके माता-पिता और आपके कार्यस्थल पर लोग । रिश्तों में एक गहरी इज्जत और एक-दूसरे की स्वीकृति होनी चाहिए, तभी आप रिश्ते में सुखी रहेंगे। अर्जुन : मेरा मानना है कि रिश्तों पर बहुत चर्चा होनी चाहिए। भूमि ने कहा कि दोस्ती का असली मतलब आजकल रिश्तों में बहुत भ्रष्टाचार हो गया है। अगर आप दोस्त बनाते हैं तो आपको उन्हें अपनी पूरी ताकत से थामे रखना चाहिए, चाहे कुछ भी बदल जाए। लेकिन समय के साथ, मूल मानवता हमेशा बनी रहती है।

अर्जुन ने भी कहा कि दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है जो आप चुनते हैं, आप किसी के साथ दोस्ती करने का विकल्प चुनते हैं और अगर वे आपके साथ अच्छे समय में होते हैं, तो यह अच्छा है। जब आपको उनकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है और वे तब भी आपके पास होते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है। सच्ची दोस्ती और रिश्ते बिना किसी कारण के होते हैं।

आपको दोस्तों की जरूरत भी होती है, ताकि आप उनके साथ आराम से समय बिता सकें । आप हमेशा दोस्त बनाने के लिए यहां नहीं होते । मुख्य उद्देश्य अच्छा काम करना है। कभी-कभी, यह सबसे अच्छे माहौल में हो सकता है और कभी-कभी ऐसा नहीं होता लेकिन काम को प्रभावित नहीं होने देना चाहिए। मुझे लगता है कि यही वह चीज है जो कलाकार के रूप में हमें रचनात्मक रूप से करनी चाहिए।

# ‘भारत में स्विमिंग से डरती हूं, कहीं कोई चुपके से तस्वीर लेकर शेयर कर देगा : सोनाक्षी

हाल ही में दिग्गज अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपने जीवन से जुड़ी कुछ घटनाओं को साझा किया है। इसी बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह एक ट्रेंड स्वीमर हैं, जिन्हें विदेशों में तैराकी के रोमांच का अनुभव करते अक्सर देखा जाता है। लेकिन भारत में स्वीमिंग ना करने को लेकर एक्ट्रेस ने एक खुलासा किया है।



**कहीं वह इंटरनेट पर ना छा जाएं**

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने हॉटरफ्लाई से बातचीत के दौरान अपने अनुभवों को शेयर किया है। इस बातचीत में उन्होंने बॉडी पॉजिटिवटी को लेकर बात करने के दौरान अपने स्विमसूट पहनने पर असहज होने की बात कही। सोनाक्षी ने कहा कि बड़े होने पर उन्हें हमेशा स्विमसूट पहनने में असहज महसूस हुआ। इसीलिए वह कहती हैं कि हमने मुंबई या भारत देश में स्वीमिंग नहीं की। पता नहीं कब कौन चुपके से तस्वीर लेकर शेयर कर देगा और इस तरह वह इंटरनेट पर जा छा जाएगी।

**जब रो पड़ी सोनाक्षी**

अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि एकबार उन्हें उनके वजन को लेकर अभिनय के लिए मना कर दिया था। वह कहती हैं कि इस बात का उन्हें बहुत बुरा लगा था, फिर घर जाते ही वह अपने मासी से लिपटकर रोने लगी थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने कहा कि वजन हमेशा घटता बढ़ता रहता है, युवा लड़िकियों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अपने शरीर से नफरत नहीं करनी चाहिए और खास तरह की दिखने के लिए उसमें कोई बदलाव ना करें।

**सोनाक्षी सिन्हा का वर्कफ्रंट**

साल 2010 में सलमान खान के साथ ‘दबंग’ फिल्म से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। सोनाक्षी को आखिरी बार 2024 में ‘बड़े मियां छोटे मियां’ और ‘कुकड़ा’ फिल्मों में देखा गया था। हाल ही में रिलीज हुई ‘हीरामंडी’ फिल्म में भी यह

## वक्त के साथ मुझे भी अपनी पहचान और अपना रास्ता बनाना होगा : करण देओल

बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक सनी देओल 67 साल की उम्र में भी 'गदर 2 ' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे रहे हैं लेकिन उनके बेटे करण देओल बॉलीवुड में वह मुकाम नहीं हासिल कर पाए, जो सनी ने अर्जित किया उनकी है।

अभी तक दो ही फिल्में ' पल पल दिल के पास' और 'वेल्ले' आई हैं। सनी की फिल्म 'लाहौर 1947' जल्द आने वाली है, जिसमें करण भी नजर आएंगे। सुप्रसिद्ध देओल परिवार में उनके पिता सनी के अलावा चाचा बॉबी देओल व अभय देओल और सबसे बढ़ कर दादा धर्मेंद्र जैसे सितारे हैं। ऐसे में अक्सर करण की तुलना परिवार के लोगों, खासकर उनके पिता सनी देओल से की जाती है।



करण से'पूछा गया कि क्या इसका उन पर दबाव है तो उनका कहना था, मेरी तुलना हमेशा मेरे पिता से की जाएगी। वह हमेशा से लीजेंडरी हैं लेकिन वक्त के साथ मुझे भी अपनी पहचान और अपना रास्ता बनाना होगा।

ऐसा तब होगा जब में ज्यादा काम करूंगा। करण ने फिल्म 'पल पल दिल के पास' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं उनकी दूसरी फिल्म 'वेल्ले' में उनके देओल नजर आए, जिसका डायरैक्शन देवेन मुंजाल ने किया था। सनी की छवि दबंग हीरो की रही है जो फिल्मों में जबरदस्त एक्शन के चलते 'अढ़ाई किलो के हाथ' के लिए भी फेमस हो चुके हैं।

क्या करण को अपने पिता से कभी मार खानी पड़ी है, पूछने पर करण ने एक चैट शो में बताया था कि सौभाग्य से उन्हें अपने पिता के प्रसिद्ध 'अढ़ाई किलो के हाथ' का सामना कभी नहीं करना पड़ा।

उन्होंने कहा, लेकिन मुझे डांटा जरूर गया और जब वह आपको गुस्से में घूर कर देखते हैं तो वह भी उनके हाथ से कम नहीं, क्योंकि यह आपकी रीढ़ में सिहरन पैदा कर देती है ।'

करण ने पिता के बारे में एक कम ज्ञात तथ्य भी बताया कि वह बियर के संग्रहकर्त्ता हैं । उन्होंने, वे टैडी बियर खूब खरीदते कहा, हैं । उनको टैडी बियर खरीदते और अपने कमरे में रखते देखना लोगों के लिए हैरान करने वाली चीज होती है.... एक बार किसी मुझसे पूछा, क्या यह आपका है ? ' मैंने कहा, 'नहीं, यह मेरे पिताजी का है।' और वह हैरानी से बस मुझे देखते रह गए, उनके पास कोई शब्द नहीं थे ।

## नेटिजेंस ने रणबीर को दिया 'रेड फ्लैग वूमनाइजर का टैग, आलिया ने पोस्ट को किया लाइक

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें रणबीर कपूर के ट्रोल्स को जवाब दिया गया है, जो उन्हें रेड फ्लैग, वुमनाइजर और मम्मा बॉय का टैग देते हैं। इस पोस्ट पर आलिया भट्ट ने भी रिएक्ट किया है, जो अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। लेकिन कुछ लोग रणबीर को नापसंद करते हैं। एक यूजर ने रणबीर कपूर को रेड फ्लैग, वूमनाइजर और मामाज बॉय जैसे लेबल दिए, जिसके बाद आलिया ने रणबीर का बचाव करते हुए पोस्ट को लाइक किया और अपना समर्थन दिखाया। आलिया ने जिस पोस्ट को लाइक किया, उसमें लिखा था, "ये मजेदार है कि जलने वाले लोग हमेशा रणबीर को रेड फ्लैग, वुमनाइजर और मम्मा बॉय कहते हैं, लेकिन सच तो ये है कि रणबीर ने अपने ब्रांड के नाम में अपनी पत्नी और बेटी के नाम के शुरुआती अक्षर जोड़े हैं। अगर ये रेड फ्लैग है, तो ये इंटरनेट पर मौजूद हर ग्रीन फ्लैग से बेहतर है।" इस पोस्ट को आलिया ने इंस्टाग्राम पर लाइक किया, जो अब उनके फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रहा है।



आलिया भट्ट ने पोस्ट को लाइक करके रणबीर के प्रति अपना समर्थन दिखाया, जिससे एक बार फिर उनके रिश्ते और प्यार की मजबूती साबित हुई। इस बीच, आलिया भट्ट की पोस्ट पर लाइक देखकर नेटिजेंस अपनी खुशी नहीं रोक पाए। प्रशंसकों ने अपनी खुशी और समर्थन जाहिर करते हुए कमेंट सेक्शन में प्रतिक्रियाओं की बाढ़ ला दी। एक यूजर ने लिखा, "बधाई हो, आलिया को पसंद आया" एक और यूजर ने लिखा, "पत्नी ने इसे मंजूरी दे दी" एक और यूजर ने लिखा, "हे भगवान, आलिया भट्ट को पसंद आया।" वहीं एक समर्थक ने रणबीर का बचाव करते हुए लिखा, उसे दिखावा करने की जरूरत नहीं है, हम जानते हैं कि वह कितना ईमानदार और प्यार करने वाला है। एक और यूजर ने लिखा, दिन-ब-दिन, वे सबसे अच्छे जोड़े बनते जा रहे हैं। काम की बात करें तो रणबीर कपूर और आलिया भट्ट निर्देशक संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में स्क्रीन शेयर करेंगे। इस फिल्म में आलिया और रणबीर के अलावा विक्की कौशल भी नजर आएंगे। हो सकता है कि यह फिल्म 2026 में रिलीज हो।

# 'सजना' पसंद था बचपन से जाह्नवी को

“सौंदर्य प्रसाधन से जुड़ी मेरी पहली याद मां को मेकअप करते हुए देखना था। पिताजी के घर आने से ठीक पहले, वह शीशे के सामने जाती थीं और अपनी भौहें ठीक करती थीं, थोडी लिपस्टिक लगाती थीं। मैं उनसे पूछती, 'आप अचानक ऐसा क्यों कर रही हैं?' तो वह जवाब देती थीं, 'क्योंकि आपके पिताजी घर आ रहे हैं ।



बॉलीवुड में कदम रखने से कपूर लोकप्रिय हो चुकी थी, जिसकी एक वजह है कि वह अपने दौर की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्मकार बोनी कपूर की बेटी है। हालांकि, फिल्मों में कदम रखने के बाद उसने अपने अभिनय के दम पर यह साबित कर दिया कि वह यहां एक लम्बी पारी खेलने आई है।

बेशक उसकी कोई फिल्म अभी तक बड़ी ब्लॉकबस्टर न बन सकी हो लेकिन हर फिल्म में अपने अभिनय का दम खम उसने दिखाया है । वह फिल्मों के साथ ही अपनी ग्लैमरस इमेज को लेकर भी चर्चा में रहती है।

उसका कहना है कि उसे बचपन से ही सज-धजने का शौक रहा है लेकिन उसकी मां ने उसके और उसकी छोटी बहन खुशी कपूर के लिए कुछ सख्त नियम तय कर रखे थे। वह बताती है, जब मैं किशोरी थी, तो किसी कार्यक्रम में जाना बहुत रोमांचक होता था, क्योंकि मैं बालों को ब्लो ड्राई करवाती थी। आमतौर पर मां हमें कंडीशनर का इस्तेमाल भी नहीं करने देती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह बालों के लिए बुरा है । इसलिए, अगर मुझे काजल लगाने और अपने बालों को ब्लो ड्राई करवाने का मौका मिलता, तो यह सबसे बड़ी खुशी होती थी। इसके बाद मैं अपने बालों को कई दिनों तक नहीं धोती थी, ताकि मैं उन्हें ऐसे ही रख सकूं। अब जब मुझे काम के लिए अक्सर मेकअप करना पड़ता है, तो मैं इससे तंग आ चुकी हूं।

वह हंसती है और फिर उन दिनों को याद करके आहें भरती है, जब आईलैश कर्लर उन पेशेवर खतरों में से एक नहीं था, जिनसे उसे अब रोज निपटना पड़ता है।

एक बच्ची के रूप में जब वह मां श्रीदेवी को बोनी कपूर के घर आने से ठीक पहले लिपस्टिक लगाते देखती तो यह उसे कुछ समझ नहीं आता था लेकिन यही एक कारण है कि किशोरावस्था में उसे मेकअप उत्पादों से लगाव हो गया।

वह कहती है, “सौंदर्य प्रसाधन से जुड़ी मेरी पहली याद मां को मेकअप करते हुए देखना था। पिताजी के घर आने से ठीक पहले, वह शीशे के सामने जाती थीं और अपनी भौंहें ठीक करती थीं, थोड़ी लिपस्टिक लगाती थीं । मैं उनसे पूछती 'आप अचानक ऐसा क्यों कर रही हैं ? ' तो वह जवाब देती थीं, 'क्योंकि आपके पिताजी घर आ रहे ।

श्रीदेवी न केवल मेकअप में अच्छी थी बल्कि उसने अपनी दो छोटी बेटियों के लिए इसके बारे में कुछ सख्त नियम बनाए हुए थे। जाह्नवी कहती है, “मुझे खुशी है कि मां हमारे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों के बारे में सख्त थीं। हम केवल प्राकृतिक तेलों का इस्तेमाल कर सकते थे, कोई फेस वॉश नहीं, कोई कंडीशनर नहीं । इसलिए, मेरी त्वचा और मेरे बाल रसायनों से सुरक्षित थे। मैंने तब शिकायत की थी, लेकिन अब मैं आभारी हूं क्योंकि अब मैं अपने काम की वजह से सभी तरह रसायनों में डूबी रहती हूं।

मैं इसे एक जिम्मेदारी के रूप में देखती हूं। मेरे परिवार, विशेष रूप से मेरी मां को दर्शकों से बहुत प्यार और प्रशंसा मिली। परिणामस्वरूप, मुझे भी उस प्यार का कुछ हिस्सा मिला है। अब मुझे यह साबित करने के लिए “मुझे कुछ साल पहले तक मेकअप करने दोगुनी मेहनत करनी होगी कि मैं इसकी हकदार हूं।

**फिल्मों से भरी झोली**

जाह्नवी की मेहनत है जो उसकी झोली इस साल फिल्मों से भरी है । वह 2025 में कई ऐसी फिल्मों के साथ अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार है, जो एक अभिनेत्री के रूप में उसकी विविधता को प्रदर्शित कर सकती हैं।

राम चरण के साथ ' आरसी 16', वरुण धवन के साथ 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'परम सुंदरी' से वह विविध शैली की सिनेमाई दुनिया में कदम रख रही है।

# रामगोपाल वर्मा की हीरोइन आराध्या देवी

पैन इंडिया फिल्मों के इस दौर में रामगोपाल वर्मा अब फिल्म' साड़ी' लेकर आए हैं, जो जल्द ही तेलुगु, हिंदी, तमिल और मलयालम भाषाओं में एक साथ देश भर में रिलीज होगी। यह फिल्म सोशल मीडिया के फैलाए जाल और इससे होने वाले दुष्प्रभाव के विषय पर है। गिरि कृष्णकमल द्वारा निर्देशित फिल्म की टैगलाइन है : बहुत ज्यादा प्यार डरावना हो सकता है ।

'भूत' जैसी फिल्मों के मेकर रामगोपाल ने न केवल इस फिल्म को लिखा है, बल्कि प्रस्तुत भी किया है । यह फिल्म जीवन की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है, जिसमें सत्य यदु और आराध्या देवी मुख्य भूमिकाओं में हैं । फिल्म में इन दोनों के अलावा साहिल सम्भयाल, अप्पाजी अंबरीश और कल्पलथा जैसे कलाकारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं लेकिन सबसे अधिक चर्चा फिल्म की हीरोइन आराध्या की हो रही है ।

गत दिनों आराध्या के जन्मदिन पर रात 12 बजे एक पार्टी आयोजित कर रामगोपाल वर्मा ने उसे अनोखा तोहफा दिया था । अपनी खुशी दिखाते हुए आराध्या ने इंस्टाग्राम पर जश्न की झलकियां सांझी कीं और टीम को इस सरप्राइज के लिए धन्यवाद दिया।

आराध्या ने साऊथ की फिल्मों में काफी काम किया है और अब वह फिल्म 'साड़ी' से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही है । आराध्या को इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि उसने पहले कहा था कि वह फिल्मों में अब ग लै म र स भूमिकाएं नहीं निभाएगी लेकिन फिल्म 'साड़ी' में उसका बोल्ड अवतार ही नजर आने वाला है। आराध्या ने दावा किया कि उसने अपनी परिस्थितियों के कारण वह टिप्पणी की थी, जबकि उसने यह भी कहा कि ग्लैमर के विचार के अब कई स्तर हैं ।



आराध्या ने कहा, “ मैंने पहले जो कहा था, उसका मुझे कोई पछतावा नहीं है, क्योंकि उसमें मेरी भावनाएं झलकती थीं। इसके अलावा, मेरी परिस्थितियां भी अलग थीं। मैंने कहा था कि मैं ग्लैमरस रोल नहीं करूंगी, क्योंकि मेरे विचार अलग थे लेकिन, अब मेरा मानना है कि अलग-अलग तरह के रोल ही एक अभिनेत्री के तौर पर मेरी प्रेरणा हैं। मैं इस फिल्म में एक आम ल ड़ की का रो ल कर रही हूं। मेरा किरदार बिल्कुल भी ग्लैमरस नहीं है। हालांकि, वह खलनायक की कल्पना में एक सैक्सी लड़की के रूप में दिखाई देती है इसलिए, उसकी कल्पना को दर्शाने के लिए फिल्म में कुछ ग्लैमरस सीन जोड़े गए हैं। मुझे अपने शब्दों का कोई पछतावा नहीं है कि मैं ग्लैमरस रोल नहीं करूंगी, क्योंकि अब ग्लैमर के कई मायने हैं। हम जो कपड़े पहनते हैं, उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है । यह एक भावना है और हर व्यक्ति इससे अलग तरह से प्रभावित होता है ।


“कुछ लोगों के लिए कपड़ों में यह देवी है, जबकि कुछ लोगों के लिए यह भावनाओं में होता है। मैंने जो पहले कहा था, उसके बारे में बहुत से लोगों ने मुझे ट्रोल किया था लेकिन मैं अब किसी भी तरह की भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं।



# रजनीकांत की 'कुली' में पूजा हेगड़े की एंट्री, आमिर खान के जुड़ने की भी चर्चा

रजनीकांत की आगामी फिल्म है 'कुली'। लोकेश कनगराज इसका निर्देशन कर रहे हैं। एलान के बाद से ही यह फिल्म काफी चर्चा में है। अब इसकी स्टारकास्ट में एक चर्चित साउथ अभिनेत्री का नाम जुड़ गया है। वह अभिनेत्री हैं पूजा हेगड़े। फिल्म 'कुली' में पूजा हेगड़े की एंट्री की जानकारी मेकर्स ने दी है। बाकायदा उनकी पहली झलक भी साझा की गई है।





**मेकर्स ने जारी किया पोस्टर**


इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभालने के साथ-साथ लोकेश कनगराज ने फिल्म की कहानी भी लिखी है। इस फिल्म में नागार्जुन, सत्यराज, श्रुति हासन और सौबिन शाहिर जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। अब 'कुली' में अभिनेत्री पूजा हेगड़े की एंट्री हो गई है। मेकर्स ने पोस्टर जारी करते हुए टीम में पूजा हेगड़े का स्वागत किया है। साथ में लिखा है, 'हां, आपने सही अनुमान लगाया। 'कुली' के सेट से पूजा हेगड़े।'

**इस साल रिलीज होगी फिल्म**

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस फिल्म में बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान भी नजर आएंगे। फिल्म में उनका कैमियो होने की खबर है। इससे पहले खबर आई थी कि शाहरुख खान या रणवीर सिंह 'कुली' में एक खास भूमिका निभाएंगे, लेकिन ऐसी खबरें अफवाह ही साबित हुईं। फिल्म 'कुली' इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि, रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

**यूजर्स से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया**

'कुली' में पूजा हेगड़े की एंट्री पर यूजर्स खुशी जता रहे हैं। फिल्म को लेकर दर्शकों की काफी उम्मीदे हैं। पूजा हेगड़े के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें इस साल जनवरी में रिलीज हुई फिल्म 'देवा' में देखा गया। इस फिल्म में उनकी जोड़ी शाहिद कपूर के साथ जमी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म फ्लॉप साबित हुई।



## 'कायदे में रहो तो फायदे में रहोगे', 'सिकंदर' का टीजर रिलीज

सलमान खान की आगामी फिल्म 'सिकंदर' का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म को रिलीज होने में तो अभी वक्त है, क्योंकि फिल्म तो ईद पर रिलीज होगी। लेकिन आज गुरुवार को फैंस को एक तोहफा जरूर मिल गया है। 'सिकंदर' का टीजर जारी हो चुका है।

**पुराने एक्शन अवतार में भाईजान**

सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से टीजर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, 'जो जिलों पर करता है राज, वो आज कहलता है सिकंदर'। टीजर की शुरुआत में सलमान खान की आवाज आती है, 'दादी ने नाम सिकंदर रखा था। दादा ने संजय और प्रजा ने राजा साहब'। इसके बाद दूसरी आवाज आती है, 'अपने आप को बहुत बड़ा सिकंदर समझता है। इंसाफ दिलाएगा तू'? सलमान कहते हैं, ' इंसाफ नहीं, हिसाब करने आया हूं। कायदे में रहो फायदे में रहोगे'।

## पति को छोड़ आस्ट्रेलिया में सोलो ट्रिप पर निकलीं कैटरीना

एक्ट्रेस कैटरीना कैफ हाल ही में महाकुंभ पहुंची थी। उन्होंने सासू मां वीणा कौशल के साथ आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं अब महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद कैटरीना बर्फीले पहाड़ देखने निकल पड़ी। कैटरीना पति विक्की कौशल को घर छोड़ ऑस्ट्रेलिया में सोलो ट्रिप एंजॉय कर रही हैं। इस दौरान की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिसमें वह मौसम का लुफ़्त उठाती नजर आ रही है। कैटरीना कैफ की इस तस्वीर को देखकर कई लोगों को ठंड लग जाएगी। एक्ट्रेस ठंडे पानी के पूल में आराम फरमा रही है। ब्लैक स्विमसूट में कैटरीना कैफ मौसम को निहारते हुए पोज दे रही है।



कैटरीना कैफ को ठंडी जगह बहुत पसंद है। अक्सर वह ऐसी जगहों पर जाती रहती है जहां स्नोफॉल होता हो। इस तस्वीर में भी कैटरीना कैफ को बर्फ के बीच देख जा सकती है। सिर पर टोपी पहन कैटरीना सूरज की किरणों के साथ पोज दे रही है।

इन तस्वीरों को साथ कैटरीना ने लिखा-'फिर से वही समय में... इस जगह की अद्भुत शांति और खूबसूरती हर बार चौंका देती है। बर्फ से ढके पहाड़ों की सैर, झील में पिघलती बर्फ की मधुर ध्वनि... समय सच में ठहर सा जाता है और हमेशा वह स्पष्टता मिलती है, जो कभी-कभी दुर्लभ लगती है।एक अद्भुत टीम, जो आपको परिवार जैसा महसूस कराती है, और एक सच में दिव्य अनुभव... एक परफेक्ट रीसेट!' फैंस कैटरीना की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो कैटरीना 'टाइगर 3' में नजर आई थीं जिसमें उन्होंने सलमान खान के साथ स्क्रीन शेयर की थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। वहीं कैटरीना जल्द ही आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा के साथ जी ले जारा में नजर आएंगी हालांकि अभी तक फिल्म की शूटिंग शेड्यूल पर कोई अपडेट नहीं है।

# इंटर रिलीजन मैरिज के बाद प्रियामणि हुई थीं ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार?



साउथ अभिनेत्री प्रियामणि ने 2017 में फिल्म मेकर मुस्तफा राज से शादी की थी। उनके लिए यह मौका जश्न मनाने का था, लेकिन उनकी इंटर रिलीजन मैरिज ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गईं। हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर 'लव जिहाद' के नाम पर मजाक ने उन्हें कितना परेशान किया।

**शादी के बाद प्रियामणि को हुई काफ मुश्किलें**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, ₹जब मैंने अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की तो मैं बस इस खुशी के पल को उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि किस वजह से बेवजह नफरत फैलनी शुरू हो गई और लव जिहाद के आरोप लगने लगे। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जब कल हमारे बच्चे होंगे तो वे ISIS में शामिल हो जाएंगे।

**कभी नहीं दिया ऑनलाइन ट्रोलिंग का जवाब**

प्रियामणि ने आगे कहा, मैं समझती हूं कि मैं मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हूं। लेकिन आप किसी ऐसे व्यक्ति पर हमला क्यों करना चाहते हैं, जो इन चीजों का हिस्सा ही नहीं है? शुरुआत के 2 से 3 दिनों तक यह मुझ पर भारी पड़ा क्योंकि मुझे बहुत सारे संदेश मिलते रहे। अब भी, अगर मैं उनके साथ कुछ पोस्ट करती हूं, तो दस में से नौ कमेंट हमारे धर्म या जाति के बारे में होते हैं।₹ हालांकि, प्रियामणि ने बताया कि उन्होंने कभी भी ऑनलाइन ट्रोल्स का जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह उन्हें एक मिनट की प्रसिद्धि नहीं देना चाहती थीं।

**किस फिल्म में नजर आएंगी प्रियामणि**

काम की बात करें तो प्रियामणि को हाल ही में मलयालम थ्रिलर ऑफिसर ऑन ड्यूटी में देखा गया था, जो इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई थी। पिछले साल, वह हिंदी फिल्मों मैदान और आर्टिकल 370 में भी नजर आई थीं। वह अगली बार जन नायकन में नजर आएंगी।

# हिट होना न होना 'किस्मत' की बात है : चाहत खन्ना

चाहत खन्ना ने 'बड़े अच्छे लगते हैं', 'कुबूल है', 'डर सबको लगता है', 'काजल', 'कुमकुम : एक प्यारा सा बंधन' जैसे धारावाहिकों से लेकर 'थैंक यू', 'साढ़े सात फेरे... मोर दैन ऐ वैडिंग', 'यात्रीज' और 'प्रस्थानम' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाई है। अपने काम को लेकर चूजी यह अभिनेत्री दस में एक-दो प्रोजैक्ट को ही हां बोलती है क्योंकि अब वह क्वॉलिटी वर्क करना चाहती है।



वह कहती है, "आपने स्क्रीन पर मुझे बहुत कम देखा होगा । जितने ऑफर स्वीकार करती हूं, उससे ज्यादा नकार देती हूं। एक ही किरदार बार- बार ऑफर होता है तो गुस्सा आता है। इसी वजह से दस में से एक-दो प्रोजैक्ट ही चुनती हूं। शुरुआत में सब कुछ करना चाहती थी लेकिन पिछले एक दशक से क्वॉलिटी वर्क पर ध्यान दे रही हूं। कई बार रिलीज के बाद काम उतना निखरकर नहीं आता या उसको लोकप्रियता नहीं मिलती। हालांकि, बतौर कलाकार आप संतुष्ट रहते हैं कि अच्छा काम किया । हिट होना, न होना प्रोजैक्ट की किस्मत है।

याद आती है मां की सीख "यह सच है कि लोगों ने मुझे सोशल मीडिया पर अपने बच्चों की फोटोज डालने को मना किया था । इस तरह की बातों पर मुझे अपनी मां की दी हुई सीख याद आती है । यह सच है कि सुनो सबकी, करो अपनी । मैं उसी बात को फॉलो करती आ रही हूं। हालांकि, कभी-कभी भूल जाती हूं लेकिन फिर मां की बात याद आ जाती है। मां तो मां ही होती है । उन्हें लगता 'किस्मत' हैः चाहत खन्ना

है कि मैंने जीवन में बहुत संघर्ष किया है लेकिन मैं ऐसा नहीं मानती, मुझे लगता है कि संघर्ष आगे करना है और करते रहना है । मेरा करियर जल्दी शुरू हो गया था । इस वजह से जो लोग 50 साल की उम्र में देखते सीखते हैं, मैंने 30 में ही कर लिया था ।

**1500 रुपए थी पहली तनख्वाह**

14 साल की उम्र में मैंने बतौर डांस टीचर अपना करियर शुरू किया था । मैं बच्चों की डांस क्लास लेती थी। मेरी पहली तनख्वाह 1500 रुपए थी । उसके बाद जब पहली बार एक चॉकलेट का ऐड किया तो मुझे एक दिन के 2500 रुपए मिले थे । मेरा शैड्यूल दो दिन का था और फिर मुझे सीधा पांच हजार रुपए का चैक मिला। उससे मैंने अपना पहला फोन लिया था। उसके लिए मेरी मां ने अपनी सोने की इयररिंग्स बेच दी थीं। वह फोन मेरे पास आज भी है । एक बार वही फोन बस में छूट गया था, जिसके लिए मैंने एक किलोमीटर दौड़ लगा दी थी। आज खुद को इस मुकाम पर देखकर यही लगता है कि मेहनत रंग लाती है।

**लिखने का भी है शौक**

" छोटे पर्दे से मैं पिछले काफी समय से दूर हूं। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं टी.वी., फिल्म या ओ.टी. टी. के लिए काम कर रही हूं। अगर मुझे काम से संतुष्टि मिलती है तो मैं स्टेज पर भी परफॉर्म करने के लिए तैयार हूं। इन दिनों मैं थिएटर भी कर रही हूं और आगे नाटकों का निर्देशन भी करने की इच्छा है। ऐक्टर से पहले मैं राइटर थी। मुझे बचपन से ही लिखने का शौक रहा है । मैंने कई सारी स्क्रिप्ट लिख रखी हैं लेकिन अभी तक कुछ भी डायरैक्ट नहीं किया। जल्द ही लोगों के सामने कुछ नया लेकर आऊंगी।

चाहत बताती है कि जब आप असल जिंदगी में मां बन जाती हैं तो मां के किरदार के लिए लोग अप्रोच करने लगते हैं। उसने कहा, ₹मेरे पास भी ऐसे कई सारे ऑफर आए और उसमें से कुछ के लिए मैंने हां भी बोला। मेरे लिए बच्चे पहली प्राथमिकता हैं।

# फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में दर्शकों के लिए होंगे कई 'सरप्राइज'




मेरी भूमिका बहुत प्रमुख है। यह सिर्फ एक डांसर होने तक सीमित नहीं है। यह मेरी सबसे अच्छी भूमिका है। मैंने इसके लिए घुड़सवारी और शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण लिया है। मैं बैले और कत्थक में प्रशिक्षित हूं, लेकिन मैंने इसके लिए डांस का एक नया रूप सीखा है। यह एक सपना सच होने जैसा है।

निधि अग्रवाल ने फिल्म 'मुन्ना माइकल' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि, अब वह अधिकतर साऊथ की फिल्मों में नजर आती है । उसके वर्कफ्रंट की बात करें तो निधि इन दिनों दो फिल्मों में बिजी है। ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी के निर्देशन में फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में वह पवन कल्याण के साथ अभिनय कर रही है, जिसकी शूटिंग विजयवाड़ा में हो रही है।

इसके बाद मारुति के निर्देशन में प्रभास के साथ हॉरर कॉमेडी 'राजा साब' में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जो अप्रैल में पांच भाषाओं में देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है । यह फिल्म हिंदी के साथ ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होगी । इस फिल्म में संजय दत्त भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएगा।

पवन कल्याण के साथ फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर वह विशेष रूप से काफी उत्साहित है । हाल ही में उसने पवन कल्याण के फैंस के साथ सोशल मीडिया पर बातचीत की और फिल्म के बारे में कई दिलचस्प बातें सांझा की। उसने कहा, आपने टीजर में जो देखा है, वह फिल्म का एक छोटा-सा हिस्सा है। दर्शकों के लिए कई सरप्राइज हैं। हमने ज्यादा कुछ नहीं बताया । 'हरि हर वीरा मल्लू' ट्विस्ट और टर्न के साथ धमाकेदार होगी। कहानी बहुत तेज होगी।

'हरि हर वीरा मल्लू' को अपने करियर की सबसे अच्छी फिल्म बताते हुए उसने कहा, "मेरी भूमिका बहुत प्रमुख है । यह सिर्फ एक डांसर होने तक सीमित नहीं है। आपने अभी जो पोस्टर देखा है, वह शूटिंग के पहले दिन का है ।

" पंचमी मेरी सबसे अच्छी भूमिका है और मैंने इसके लिए घुड़सवारी और शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण लिया है। मैं बैले और कत्थक में प्रशिक्षित हूं, लेकिन मैंने इसके लिए डांस का एक नया रूप सीखा है। यह एक सपना सच होने जैसा है, मैं भाग्यशाली हूं।

उसने पवन कल्याण के साथ काम करने पर कहा, "मैं पवन कल्याण की सहजता से दंग हूं। उन्हें एक सीन की तैयारी में सिर्फ तीन मिनट लगते हैं । फिल्म में एक डांस नंबर है, जिसे भव्य रूप से डिजाइन किए गए सैट पर फिल्माया गया है।



# वारेन बफेट देते हैं डोनाल्ड ट्रंप सरकार को अरबों का टैक्स, हर 20 मिनट में जाते हैं 8 करोड़ से ज्यादा



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन वॉरेन बफेट ने बताया कि हैथवे ने साल 2024 में अमेरिकी सरकार को सबसे अधिक टैक्स दिया है. उन्होंने कहा कि हैथवे ने 2024 में अमेरिकी सरकार को 26.8 अरब डॉलर का भुगतान किया है, जो किसी भी अमेरिकी कंपनी से कहीं ज्यादा है, इसके अलावा हमने विदेशी सरकारों और 44 राज्यों को टैक्स के रूप में बड़ी मात्रा में भुगतान किया है. बफेट ने कहा कि पिछले 60 वर्षों में बर्कशायर हैथवे ने 101 अरब डॉलर का टैक्स भुगतान किया है. आगे उन्होंनें अमेरिकी सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि, धन्यवाद अंकल सैम!

एक दिन बर्कशायर आपके लिए इससे ज्यादा टैक्स भुगतान करना चाहेगी. इस धन राशि को समझदारी से खर्च करें और उन लोगों कि मदद करें जो संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और बिना किसी गलती के जीवन में संघर्ष कर रहे हैं.

**हर 20 मिनट 1 मिलियन डॉलर से अधिक का टैक्स**

बफेट ने कहा कि अगर बर्कशायर ने 2024 के दौरान हर 20 मिनट में 1 मिलियन डॉलर का चेक अमेरिकी सरकार को भेजा होता, तो भी साल के अंत में हमें एक बड़ी रकम चुकानी पड़ती. उन्होंने यह भी बताया कि हैथवे द्वारा चुकाया गया टैक्स, अमेरिका में सभी कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से दिए गए टैक्स का कुल 5 परसेंट था. बफेट ने आगे कहा कि हैथवे के द्वारा चुकाया गया टैक्स अमेरिका के उन दिग्गज टेक कंपनियों से भी अधिक है जिनका मार्केट कैप ट्रिलियन डॉलर से अधिक है.

**दुनिया के 6वें सबसे अमीर व्यक्ति**

आपको बता दें कि वॉरेन बफेट इस समय दुनिया के 6वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं. दिसंबर तिमाही में बफेट की कंपनी हैथवे की ऑपरेटिंग इनकम 71 परसेंट बढ़कर 14.5 अरब डॉलर रही. इस बढ़ोतरी में इंश्योरेंस इनकम का सबसे अधिक हाथ रहा, जो लगभग 48 परसेंट बढ़कर 4.1 अरब डॉलर रही. कंपनी के अंडरराइटिंग बिजनेस में भी शानदार उछाल देखने को मिली और इसका ईबीआईटीडीए तीसरी तीमाही में 4 गुना बढ़कर 3.4 अरब डॉलर रहा.

**अमेरिका के भविष्य के लिए क्या कहा**

ओरेकल ऑफ ओमाहा के नाम से जाने जाने वाले बफेट अक्सशर राजनीतिक बयान बाजियों से दूर रहते हैं. लेकिन इस बार उन्होंने टैक्स को लेकर ट्रंप सरकार को सलाह दी. आमतौर पर बफेट की बातों पर केवल अमेरिका हीं नहीं बल्कि पूरी दुनिया के निवेशकों और प्रशासकों की नजर रहती है. बफेट ने इससे पहले 2024 दिसंबर में भविष्यवाणी की थी कि अमेरिका में बढ़ते राजकोषिय घाटा को पूरा करने के लिए टैक्स के रेट में इजाफा हो सकता है. उन्होंने अमेरिकी सरकार को याद दिलाया था कि मुद्रा को स्थिर रखने कि जिम्मेदारी सरकार की है, जिसके लिए सरकार को सतर्कता और समझदारी दिखाने की जरूरत है.

# ईपीएफओ के करोड़ों सब्सक्राइबर्स को लगेगा तगड़ा झटका! इंटरेस्ट रेट पर चल सकती है कैंची

नई दिल्ली,27 फरवरी (एजेंसियां)। प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले करोड़ों लोगों को झटका लग सकता है। ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की शुक्रवार को मीटिंग होगी जिसमें फाइनेंशियल ईयर 2025 के लिए पीएफ पर इंटरेस्ट रेट का फैसला होगा। बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक पीएफ के लिए ब्याज दर में कटौती की जा सकती है। इसकी वजह यह है कि स्टॉक मार्केट और बॉन्ड यील्ड से ईपीएफओ की कमाई में गिरावट आई है। साथ ही ज्यादा दावों का सेटलमेंट किया गया है। पिछली बार इसे बढ़ाकर 8.25% किया गया था। ईपीएफओ के बोर्ड की इनवेस्टमेंट कमेटी की पिछले हफ्ते बैठक हुई थी। इसमें ईपीएफओ के इनकम और एक्सपेंडीचर प्रोफाइल पर चर्चा हुई ताकि बोर्ड को ईपीएफ इंटरेस्ट रेट की सिफारिश की जा सके। बोर्ड में शामिल कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि ने बताया कि इस साल इंटरेस्ट रेट पिछले साल के मुकाबले कम हो सकता है। इसकी वजह यह है कि हाल के महीनों में बॉन्ड यील्ट में गिरावट आई है। ऐसे में अगर ज्यादा ब्याज दिया जाता है तो फिर ईपीएफओ के पास कोई सरप्लस नहीं रह जाएगा।प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले लोगों की बेसिक सैलरी पर 12% की कटौती ईपीएफ खाते के लिए की जाती है। साथ ही कंपनी भी इतना ही पैसा कर्मचारी के पीएफ खाते में जमा करती है। ईपीएफओ के करीब सात करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ईपीएफओ ने 2024-25 में 5.08 करोड़ से ज्यादा क्लेम निपटाए हैं। इन क्लेम की कुल राशि 2.05 लाख करोड़ है। 2023-24 में 4.45 मिलियन क्लेम निपटाए गए थे, जिनकी कुल वैल्यू 1.82 लाख करोड़ थी। मतलब इस साल लोगों ने अपने पीएफ अकाउंट से पैसा ज्यादा पैसा निकाला है। साथ ही स्टॉक मार्केट और बॉन्ड से ईपीएफओ को कम कमाई हुई है। 1952-53 में ईपीएफओ की ब्याज दर 3% थी। धीरे-धीरे बढ़ते हुए 1989-90 में यह 12% तक पहुंच गई। यह अब तक की सबसे ज्यादा ब्याज दर थी। साल 2000-01 तक यही ब्याज दर रही। उसके बाद 2001-02 में यह घटकर 9.5% हो गई। साल 2005-06 में यह और गिरकर 8.5% पर आ गई।

# देश में व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंध अहम, बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारत को व्यापार व निवेश के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है और द्विपक्षीय रिश्ते ही एकमात्र सबसे फायदेमंद जरिया प्रतीत होते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को यह बात कही। वित्त मंत्री ने यहां 'बीएस मंथन' में कहा कि यह बहुत ही दिलचस्प लेकिन चुनौतीपूर्ण समय है और सरकार देश को आगे बढ़ाने और वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाने के लिए सभी प्रयास कर रही है।वित्त मंत्री ने कहा, द्विपक्षीय संबंध अब एजेंडा में शीर्ष पर है... हमें कई देशों के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है, न केवल व्यापार के लिए, न केवल निवेश के लिए, बल्कि रणनीतिक संबंधों के लिए भी। इसलिए बहुपक्षवाद... कुछ हद तक, मैं अब भी इसे कुछ हद तक कह रही हूं... लेकिन द्विपक्षीय संबंध ही एकमात्र फायदेमंद हैं जिसका आप इस्तेमाल कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि बहुपक्षीय संस्थाएं तेजी से लुप्त होती जा रही हैं। उन्हें पुनः खड़ा करने और सक्रिय करने के प्रत्येक प्रयास से वांछित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, आपको ऐसे मुद्दों पर ध्यान देना होगा जो आपके अपने देश से परे कई चीजों को प्रभावित करते हैं। आपके पास अब कोई ऐसा मंच नहीं बचा है जो प्रभावी ढंग से काम कर सके... बहुपक्षीय संस्थाएं और उनका योगदान शायद कम से कम निकट भविष्य में लुप्त होता दिख रहा है, जब तक कि उन्हें उस तरह की ऊर्जा के साथ फिर खड़ा करने का प्रयास नहीं किया जाता... यह अगले कुछ वर्षों में तो होने वाला नहीं है।वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार आज पूरी तरह से बदल रहा है और जिन शर्तों और संदर्भों के साथ हम सभी व्यापार करते थे, विश्व व्यापार संगठन में ऐसा किसी प्रकार का सहारा (संस्था) अब उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) की अवधारणा नहीं है। प्रत्येक देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा, यदि विश्व व्यापार संगठन कमजोर हो रहा है या बहुपक्षीय संस्थाएं प्रभावी नहीं रही हैं... तो व्यापार के संदर्भ में द्विपक्षीय व्यवस्थाएं ही दिन-प्रतिदिन की जरूरत बन जाएंगी।

# कमाई के साथ दान में भी सबसे आगे अंबानी, अडानी समेत ये भारतीय



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। 2023-24 (एफवाई24) के आंकड़ों के अनुसार, भारत की चार बिजनेसमैन फैमिली टाटा, अंबानी, अडानी और बिड़ला के परिवार द्वारा संचालित कंपनियों द्वारा किए गए कुल कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) योगदान में 20 प्रतिशत का योगदान है.

**1,000 करोड़ रुपए तक का योगदान**

दासरा के साथ बेन ऐंड कंपनी द्वारा तैयार इंडिया फिलेंथ्रपी रिपोर्ट 2025 के अनुसार, इन कंपनियों ने सीएसआर मद में प्रति समूह औसतन 800 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये का योगदान किया. वहीं, सीएसआर खर्च में शीर्ष 2 फीसदी कारोबारी घरानों का योगदान 50 से 55 फीसदी दर्ज किया गया। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 के तहत, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कुछ व्यवसायों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, ग्रामीण विकास और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे क्षेत्रों में अपने नेट प्रॉफिट का न्यूनतम 2 प्रतिशत योगदान करने का निर्देश दिया.

**वित्त वर्ष 2022-23**

वित्त वर्ष 2022-23 में, कुल 24,392 कंपनियों ने खेल, स्वास्थ्य और स्वच्छता, स्लम विकास, कला और संस्कृति और अन्य जैसे 14 क्षेत्रों में सीएसआर गतिविधियों में करोड़ों रुपये खर्च किए. आज हम आपको इस खबर के माध्यम से बताने जा रहे हैं भारत की शीर्ष सीएसआर खर्च करने वाली कंपनियों के नाम .

**एचडीएफसी बैंक**

इसके शीर्ष पर अग्रणी बैंक एचडीएफसी है, जो अपने सीएसआर प्रयासों के लिए जाना जाता है जो ग्रामीण विकास, आजीविका वृद्धि, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वित्तीय साक्षरता पर ध्यान केंद्रित करता है. 41,165 करोड़ रुपए के औसद नेट प्रॉफिट में से, एचडीएफसी ने सीएसआर पर 800 करोड़ रुपए खर्च किया, जिससे यह भारत की सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनियों में से एक बन गई.

**टाटा**

टाटा की सीएसआर पहल भविष्य के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित शिक्षा पर केंद्रित है। टीसीएस ने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और समुद्री संरक्षण पर सीएसआर पर लगभग 774 करोड़ रुपए खर्च किए.

**रिलायंस**

वित्तीय वर्ष 2022-23 में, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सीएसआर गतिविधियों में 743 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए, जिससे ग्रामीण परिवर्तन कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 27 लाख लोग प्रभावित हुए.

**एनटीपीसी**

भारत की सबसे बड़ी बिजली उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी ने अपने सीएसआर पहल के लिए लगभग 320 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं. एनटीपीसी के सीएसआर प्रयासों ने सैकड़ों गांवों और स्कूलों को प्रभावित किया है.

# आरबीआई के नए गवर्नर जरूरी निर्णयों में अधिक सलाह लेने का दृष्टिकोण अपना रहे, नुवामा रिसर्च ने किया दावा



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने नए गवर्नर के तहत अधिक सलाह लेने का दृष्टिकोण अपनाया है। नुवामा रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। नुवामा के अनुसार, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (एमएफआई) के लिए ऋण पर जोखिम भार में वृद्धि को वापस लेने के अपने हाल के फैसले से यह जाहिर होता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि, मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद 7 फरवरी को मीडिया से बातचीत में, आरबीआई गवर्नर और डिप्टी गवर्नर ने कहा था कि केंद्रीय बैंक परस्पर जुड़े जोखिमों के कारण एनबीएफसी ऋणों पर जोखिम भार को कम करने की संभावना नहीं है। हालांकि, इस रुख के बावजूद, आरबीआई ने बाद में एनबीएफसी के लिए बैंक ऋण पर जोखिम भार को कम कर दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह निर्णय आरबीआई गवर्नर और बैंकों व एनबीएफसी के शीर्ष अधिकारियों के बीच हाल की बैठकों से प्रभावित लगता है। नुवामा रिसर्च ने कहा, नए गवर्नर के अधीन आरबीआई पहले की तुलना में अधिक परामर्शी दृष्टिकोण अपना रहा है.....आरबीआई ने बैंकों के एनबीएफसी ऋणों पर जोखिम भार में ढील दी है। यह फैसला संभवतः गवर्नर की हाल ही में एनबीएफसी और बैंकों के सीईओ से मुलाकात के बाद हुआ है। एनबीएफसी ने इस छूट की मांग की होगी। एफएफआई पर जोखिम भार में कमी उन बैंकों के लिए फायदेमंद होगी, जिन्होंने माइक्रोफाइनेंस ऋणों के रूप में महत्वपूर्ण जोखिम उठा रखा है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि लघु वित्त बैंकों पर प्रभाव सीमित होगा क्योंकि अधिकांश एफएफबी ने इन ऋणों पर जोखिम भार को 125 प्रतिशत तक नहीं बढ़ाया है।नुवामा के अनुसार आरबीआई की ओर से एनबीएफसी के लिए जोखिम भार में छूट दिए जाने से उनके फंड की लागत कम होने की उम्मीद है, खासकर उन लोगों के लिए जो बैंक उधार पर बहुत अधिक निर्भर हैं। यह कदम एनबीएफसी को बहुत जरूरी राहत प्रदान कर सकता है, जो पहले नियमों के सख्त होने के कारण बढ़ी हुई फंडिंग लागत से जूझ रहे हैं।

हालांकि, नुवामा की रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस छूट के बावजूद, बैंक एनबीएफसी ऋण देने में आक्रामक रूप से वृद्धि नहीं कर सकते हैं, ऐसा इस क्षेत्र में बढ़ते जोखिमों को देखते हुए किया जा सकता है।

# चांदी 45 गिरकर 95,725 किलो बिक रही कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत



नई दिल्ली,27 फरवरी (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 27 फरवरी को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 909 रुपए गिरकर 85,738 रुपए पर आ गया है। कल सोने का दाम 86,647 रुपए पर था। 19 फरवरी को गोल्ड ने 86,733 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत आज 45 रुपए गिरकर 95,725 रुपए प्रति किलो पर आ गई। कल चांदी का भाव 95,769 रुपए किलो था। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**महानगरों में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,530 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,380 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 80,100 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,380 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,100 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,380 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,430 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 87,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 80,100 रुपये है।

1 जनवरी से अब तक सोना 9,576 रुपए महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,576 रुपए बढ़कर 85,738 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,708 रुपए बढ़कर 95,725 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद सपाट क्लोजिंग

## सेंसेक्स 10 अंक चढ़ा, निफ्टी नीचे

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गुरुवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स 10 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी सपाट बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 10.31 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,834.09 अंक तक गया और नीचे में 74,520.78 अंक तक आया। इस प्रकार, इसमें 313.31 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 2.50 अंक यानी 0.01 प्रतिशत फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी में लगातार सातवें सत्र में गिरावट जारी रही। निफ्टी में शामिल शेयरों में 31 नुकसान में जबकि 19 लाभ में रहे। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, जोमैटो, टाटा स्टील और नेस्ले प्रमुख रूप से लाभ में रहे।दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट में सर्वाधिक 4.99 प्रतिशत की गिरावट आई। कंपनी के गुजरात में 1,800 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 'केबल' और तार खंड में प्रवेश की घोषणा के बाद शेयर टूटा। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.09 प्रतिशत लुढ़का जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.97 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 3,529.10 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।शेयर बाजार बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के मौके पर बंद थे।एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को मिला-जुला रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73.03 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 147.71 अंक के लाभ में रहा था। हालांकि, एनएसई निफ्टी में 5.80 अंक की गिरावट आई थी।


# दुबई के फर्म से 1.5 अरब डॉलर की क्रिप्टो चोरी

## एफबीआई का उत्तर कोरिया समर्थित हैकरों पर आरोप

नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। एफबीआई ने उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों पर सार्वजनिक रूप से ज्ञात सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी में से एक को अंजाम देने का आरोप लगाया है। इस मामले में दुबई स्थित एक फर्म से लगभग 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की इथेरियम की चोरी की गई है। इस महीने की शुरुआत में दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंजों में से एक, बायबिट को निशाना बनाकर की गई चोरी, हैकरों की एक और टीम की संलिप्तता है, जिसकी अमेरिकी सरकार ने ट्रेडरट्रेटर और लाजरस ग्रुप के नाम से पहचान की है। एफबीआई ने कहा है कि हैकर्स क्रिप्टोकरेंसी की चोरी क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग एप्लिकेशन के प्रसार के माध्यम से करते हैं, जिन्हें मैलवेयर को शामिल करने के लिए संशोधित किया गया था जो क्रिप्टोकरेंसी की चोरी को आसान बनाता है। एफबीआई ने प्योंगयांग को चोरी से जोड़ते हुए चेतावनी जारी की। बुधवार देर रात एक ऑनलाइन सार्वजनिक सेवा घोषणा में, एफबीआई ने कहा कि उनका मानना है कि उत्तर कोरिया समर्थित हैकर्स चोरी के लिए जिम्मेदार हैं। एफबीआई ने अपनी घोषणा में कहा, ट्रेडरट्रेटर अभिनेता तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्होंने चुराई गई कुछ संपत्तियों को बिटकॉइन और अन्य आभासी संपत्तियों में बदल दिया है, जो कई ब्लॉकचेन पर हजारों पतों पर फैली हुई हैं।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य- कुंभ | मे |
| चंद्र- कुंभ | मे |
| मंगल मिथुन | मे |
| बुध- मीन | मे |
| गुरु- वृष | मे |
| शुक्र- मीन | मे |
| शनि- कुंभ | मे |
| राहु- मीन | मे |
| केतु- कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कुंभ.... | 05-47 बजे |
| मीन.... | 07-26 बजे |
| मेष--- | 09-02 बजे |
| वृष--- | 10-46 बजे |
| मिथुन.. | 12-46 बजे |
| कर्क.... | 14-59 बजे |
| सिंह--- | 17-11 बजे |
| कन्या... | 19-18 बजे |
| तुला.... | 21-23 बजे |
| वृश्चिक... | 23-33 बजे |
| धनु...... | 01-47 बजे |
| मकर... | 03-52 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य • उत्तरायणे • ऋतु • बसंत
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

सूर्योदय - 06-38
सूर्यास्त - 18-18

दिशाशूल -- पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा . 03-16 तक उपरान्त द्वितीया
मास - फाल्गुन शुक्ल , शुक्रवार 28 February
नक्षत्र - शतभिषा 13-40 तक उपरान्त पूर्वाभाद्रपद
योग - सिद्ध 20-07 तक उप साध्य
करण- किंस्तुघ्न 16-47 तक उप बव
विशेष:- व्रत -त्योहार . विज्ञान दिवस

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:01 से 12:29 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा** मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:38 - 08:04 | शुभ | रोग. | 18:18 - 19:53 | अशुभ |
| लाभ. | 08:04 - 09:32 | शुभ | काल. | 19:53 - 21:25 | अशुभ |
| अमृत | 09:32 - 11:01 | शुभ | लाभ. | 21:25 - 22:57 | शुभ |
| काल. | 11:01 - 12:29 | अशुभ | उत्पात | 22:57 - 00:28 | अशुभ |
| शुभ.. | 12:29 - 13:57 | शुभ | शुभ | 00:28 - 02:00 | शुभ |
| रोग. | 13:57 - 15:25 | अशुभ | अमृत. | 02:00 - 03:32 | शुभ |
| उत्पात | 15:25 - 16:53 | अशुभ | चंचल. | 03:32 - 05:04 | शुभ |
| चंचल | 16:53 - 18:18 | शुभ | रोग. | 05:04 - 06:38 | अशुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
इस बात के लिए अधिक सोच विचार ना करें कि अप्रत्याशित घटनाएँ क्यों हो रही हैं या बहुत देर क्यों हो रही है ? ये आपके भले के लिए भी हो सकता है जिसके फायदे अभी आपको दिखाई नही दे रहे हैं । अपनी बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया प्रयोग करें । इससे आपको भी अपने रोजमर्रा के नियमित कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
खुशियाँ मनाने का समय है । आपके किसी करीबी की शादी है । इस जोड़े को आपसे बहुत शुभकामनाएँ मिलेंगी । अगर किसी से प्यार करते हैं तो उससे शादी के बारे में सोच सकते हैं । जो पहले से शादीशुदा हैं,उनके लिए पार्टी में मजे करने का समय है । दिन की शुरुआत साधारण होगी लेकिन आप कई दिनों से नियमपूर्वक जो योग कर रहे हैं,उसका असर स्पष्ट दिखाई देगा ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपके भावनाओं में बहने की उम्मीद थोड़ी ज्यादा है । किसी छोटी सी बात पर भी आप उदास हो जायेंगे या पुराने बेहतर समय को याद करने लगेंगे । किसी पुराने दोस्त से संपर्क साधने की कोशिश कर सकते हैं । आज आप अपनी वर्त्तमान समस्या को सुलझाने के लिए कोई संतोषजनक समाधान खोजने या किसी की तरफ दोस्ती का हाथ बढाने के मूड में हैं।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
संचार कुशलता आपकी विशेषता है,आप किसी दोस्त या करीबी से आज कोई ऐसी बात बांटना चाहेंगे जो आप काफी लम्बे समय से सोच रहे हैं । आज अपने गुस्से और निराशा को बाहर निकलने दें । बात करते हुए कोई समाधान भी मिल सकता है ,लेकिन बातें दिल खोलकर करें । दिन के अंत में कोई चोंकाने वाली खबर मिल सकती है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
अनुभव सबसे बड़ा अध्यापक है और अभी आपको इसी से सीखना है । भूतकाल से ली हुई सीख की उपेक्षा ना करें ताकि भविष्य की परेशानियों से बच सकें । जरुरतमंदों ,चाहे बच्चे हों या बूढ़े,उनकी मदद करें |ऐसे करने से ही आप सही रास्ते पर चल पायेंगे चाहे आपको अभी इस पर चलने में कोई भी परेशानी आ रही हो ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आपकी किस्मत आपके साथ है । आप अपने समस्या को सुलझा लेने की कुशलता से सबको अचरज में डाल देंगे । सहकर्मी आपसे प्रभावित होंगें । आपका आत्मविश्वास देकने लायक होगा और आपको एक नया काम मिलेगा । खुश रहें और अपनों के साथ ख़ुशी बाँटें । आज कोई दोस्त मिल सकता है । दिन कुल मिलाकर मजेदार रहेगा ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आप साझेदारी के अंतर्गत घर और ऑफिस दोनों ही में बहुत अच्छा काम करेंगे । यदि अकेले काम करेंगे तो अस्पष्ट और असंभव सी लगने वाली मुसीबतों में फंस सकते हैं । टीम के रूप में काम करने पर ये बाधाएं परेशान नही करेंगी । आपसी सहयोग से आज आप किसी भी प्रयास में सफलता हासिल कर पायेंगे ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप एक बहुत बड़ी साझेदारी को अंतिम रूप देने वाले हैं लेकिन आपको अपने पार्टनर को अपने मिशन और लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट बता देना चाहिए । यदि कोई विवाद हुआ भी तो आपके भावनाओं में बह जाने की सम्भावना है,इस प्रवृति पर नियंत्रण रखें । आप दिन का अंतिम हिस्सा किसी बोद्धिक कार्यकलाप या कलाकारी सम्बन्धी रूचि में लगा सकते हैं ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
किसी भी काम को तुरंत तैयार होकर शुरू करने से पहले गंभीरता से तर्क की कसौटी पर परख लेना ही ठीक होगा । आपके लिए कल्पनात्मक सा समय है । इसीलिए रोमांस का आनंद लें । रोमांस में कल्पना लाने से आपके लिए अच्छा होगा लेकिन अगर आप ऑफिस में भी यही करने की कोशिश करेंगे तो परिणाम अच्छे नही होंगे ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी । लेकिन यह बस उपरी आवरण है ,जैसे ही स्थिति साफ़ होगी ,आप वास्तविकता को देख पाएंगे । शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा ,लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा,अपना समय लें और चलते रहें । आपको सफलता मिलेगी । परिवर्तन तो जरुर होंगे लेकिन आपके भविष्य के लिए शुभ साबित होंगें ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपको आज खुद का ही चिंतन करना है । आपके जीवन में इस समय सब कुछ सही चल रहा है ,फिर भी आपको एक प्रकार की बेचैनी महसूस हो रही है जिसे आप व्यक्त नही कर पा रहे । इसका एकमात्र समाधान यह है कि आप खुद के बारे में शांत दिमाग से सोचें जिससे आपको अपनी स्थितियों को बेहतर तरीके से देखने में मदद मिलेगी और आप सही समाधान खोज पायेंगे ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज के दिन आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं रहेंगी । आप अपने वर्त्तमान घर या नौकरी में बदलाव का फैसला ले सकते हैं । कशमकश में न रहें , बदलाव होना अच्छा ही रहेगा । आपको किसी ऐसे आदमी से बात करके अप्रत्याशित सहायता मिल सकती है जो चुपचाप आपकी भलाई चाहता रहा है । आप पिछले कुछ दिनों से अपनी सेहत पर कुछ कम ध्यान दे पा रहे हैं।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# हल्दीराम के मैनेजर-डिस्ट्रीब्यूटर पर केस दर्ज

## डीलर ने नदी में कूदकर दी थी जान, सुसाइड नोट में लिखा- साहब के कारण मर रहा हूं

दुर्ग, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने हल्दीराम कंपनी के डीलर रविराज रंधावा खुदकुशी मामले में बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने कंपनी के सेल्स ऑफिसर सुनील अग्रवाल, हल्दीराम फूड्स के जोनल मैनेजर सचिन शर्मा और अनीश फूड प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के मालिक विशाल अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 21 अक्टूबर 2024 को हल्दीराम कंपनी के डीलर रविराज रंधावा (48) ने शिवनाथ नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जब मामले की जांच की तो उन्हें नदी किनारे रविराज की एक कार सीजी 07 एई 0550 मिली, जिसके अंदर एक सुसाइड नोट मिला था।

सुसाइड नोट में उसने लिखा था कि कंपनी के सेल्स ऑफिसर सुनील अग्रवाल, हल्दीराम फूड्स के जोनल मैनेजर सचिन शर्मा और अनीश फूड प्राइवेट लिमिटेड रायपुर के मालिक विशाल



अग्रवाल उसे परेशान कर रहे है। इसके बाद पुलिस ने सुसाइड नोट की जांच कराई।

जांच में पुलिस ने पाया कि सुसाइड नोट रविराज ने ही लिखा था। जिसके बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 108, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया।

रविराज रंधावा ने सुसाइड नोट में लिखा था कि 'आज मैं हल्दीराम के साहब और एसएस फूड प्राइवेट लिमिटेड के मालिक के कारण ये काम करने जा रहा हूं, क्योंकि दोनों ने मेरा हिसाब नहीं बनाया। मेरा आप सबसे अनुरोध है कि मेरा पुराना पूरा हिसाब बनाया जाए और पैसा मेरे परिवार को दिया जाए।'

आगे लिखा कि मेरे परिवार को कोई परेशान ना करे। जो भी पैसा है वो मेरे परिवार के अकाउंट में दिया जाए। उसने यह भी लिखा है कि सुमित, सचिन और जडएसएम सर को इसकी जानकारी थी।"

**दूसरी कंपनी का माल बेचने बना रहे थे दबाव**

रविराज रंधावा दीपक नगर दुर्ग का रहने वाला था। वह राजधानी सेल्स के नाम से हल्दीराम की डीलरशिप लेकर उसके प्रोडक्ट्स को सप्लाई करने का काम करता था। पुलिस के अनुसार अनीश फूड का मालिक विशाल अग्रवाल, हल्दीराम का सेल्स ऑफिसर सुनील अग्रवाल और सचिन शर्मा एक्सपायरी हो चुके स्नेक्स फूड्स को उससे वापस नहीं ले रहे थे। इससे रविराज को बड़ा घाटा हो रहा था।

हल्दीराम के एक्सपायरी प्रोडक्ट्स को वापस ना लेने के साथ ही आरोपी रविराज को दूसरी कंपनी के प्रोडक्ट भी भेज देते थे और उससे उनका पेमेंट करने का दबाव बनाते थे। पेमेंट नहीं देने पर उसकी एजेंसी छीनने की धमकी देते थे।

# जैक पेपर लीक का आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन की रिमांड पर

## क्वेश्चन पेपर चुराने वाला कमलेश बोला-पहली कॉपी प्रेमिका को दी, रोहित ने 60 हजार कमाए

कोडरमा/गिरिडीह, 27 फरवरी (एजेंसियां)। जैक बोर्ड की 10वीं परीक्षा के पेपर लीक मामले में गिरिडीह से गिरफ्तार 6 आरोपियों को पुलिस ने 3 दिनों की रिमांड पर लिया है। आरोपियों को गिरिडीह के न्यू बरगंडा में एक मकान से पकड़ा गया था। अब पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपियों से पूछताछ करेगी। गिरोह से जुड़े लोगों तक पहुंचेगी।

इधर, कोडरमा के मरकच्चो से गिरफ्तार निजी स्कूल संचालक प्रशांत साहा उर्फ प्रिंस और एक छात्र को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस की पूछताछ में 12वीं के छात्र कमलेश कुमार ने कबूला है कि उसने प्रेमिका के लिए मजदूर बनकर प्रश्न पत्र चुराया था। पेपर की पहली कॉपी प्रेमिका को ही दी थी। इसके बाद कोडरमा के एक सरकारी शिक्षक और कुछ कोचिंग संचालकों को बेच दिया था। इसके एवज में उसे करीब 25 हजार रुपए मिले थे।

उसके दोस्त मुकेश कुमार ने करीब 30 हजार, रोहित ने सबसे ज्यादा 60 हजार और अंशु ने 15



हजार रुपए कमाए थे। पुलिस को जानकारी मिली है कि कोडरमा और गिरिडीह के कई निजी स्कूल और कोचिंग संचालकों ने भी जमकर कमाई की है। पुलिस को पेपर लीक मामले में एक और मास्टरमाइंड की तलाश है, जो धनबाद के किसी सरकारी कार्यालय में अनुबंध कर्मी है।

कोडरमा पुलिस गिरिडीह से करीब एक दर्जन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। इसी क्रम में गिरिडीह के रोहित कुमार को पकड़ा था। उसके मोबाइल की जांच करने पर 17 फरवरी को वायरल प्रश्न पत्र के साक्ष्य मिले। रोहित ने पूछताछ में बताया कि मुख्य सरगना जमुआ निवासी कमलेश कुमार है। वह किराए के मकान में रहकर 12वीं में पढ़ता है। इसके बाद पुलिस ने कमलेश को गिरफ्तार किया और पेपरलीक का खुलासा हुआ। इधर, पुलिस उस ठेकेदार को भी तलाश रही है, जिसने प्रश्न पत्र उतारने के लिए मजदूर सप्लाई की थी। ठेकेदार गायब बताया गया है। मामले में कुछ अधिकारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। प्रश्न पत्रों को रखने के मामले में गिरिडीह जिला प्रशासन की भारी लापरवाही सामने आई है। जैक अध्यक्ष ने सभी डीसी को निर्देश दिया था कि प्रश्न पत्रों को रखने के लिए वज्रगृह कोषागार, उपकोषागार या बैंक में बनाया जाए। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में प्रश्नपत्र सील करने और खोलने के दौरान वीडियोग्राफी करनी थी, पर गिरिडीह में जिला जनसंपर्क कार्यालय के पीछे शहरी आजीविका केंद्र में स्ट्रांग रूम बनाया गया और इसमें ही प्रश्न पत्र रखे गए। आजीविका केंद्र ऐसी जगह पर है, जहां ट्रक नहीं पहुंच सकता था। ऐसे में वहां तक टोटो से प्रश्न पत्रों को लाया गया। 5 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है, लेकिन केंद्र के पास आम लोगों के आने-जाने में कोई रोक नहीं थी। परिसर का मुख्य गेट टूटा हुआ है।

# नौकरी के नाम पर करोड़ों की ठगी

## फर्जी सरकारी नौकरी दिलाने वाले गिरोह के 4 सदस्य गिरफ्तार

जमशेदपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के बिस्टुपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े नौकरी घोटाले का पर्दाफाश किया है। रेलवे और अन्य सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्य पकड़े गए हैं। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित विशेष पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में दो बोकारो से, एक पश्चिम बंगाल से और एक रांची से है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस को आरोपियों के पास से कई महत्वपूर्ण सामान मिला है। इनमें भारतीय सेना का फर्जी आईडी कार्ड, मोबाइल फोन, आधार कार्ड और एक कार शामिल है। कार पर नंबर प्लेट नहीं था और उस पर फर्जी सेना का स्टिकर लगा था। यह मामला तब सामने आया, जब बिस्टुपुर थाने में कुछ लोगों ने शिकायत दर्ज कराई।

# बजट सत्र, जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का उठा मुद्दा

## कौशिक बोले- ठेकेदारों पर एफआईआर हो ब्लैक लिस्ट में डालें, करप्शन खत्म हो जाएगा

रायपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा उठा। विधायक धरमलाल कौशिक ने दोषी ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज करने के साथ ही उन्हें ब्लैक लिस्ट में डालने की मांग की। कौशिक के मुताबिक इन पर एक्शन लेने पर प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आएगी।

इससे पहले जल जीवन मिशन के सवाल पर डिप्टी सीएम अरुण साव के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायकों ने वॉकआउट कर दिया था। गांवों में नक कनेक्शन के जवाब पर साव ने कहा, कि 355 गांवों में कनेक्शन दिया जा चुका है, 84 गांवों में पानी आ रहा है। 7 गांव में कनेक्शन देना बाकी है।

वहीं राजस्व मामलों में ध्यानाकर्षण लाकर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने कहा करीब 1 लाख 46 हजार राजस्व




प्रकरण लंबित है। इससे गांव के किसान, ग्रामीण सभी प्रभावित हैं।

राजस्व प्रकरण के लंबित होने में किसी पर कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई का आश्वासन मंत्रियों ने भी नहीं दिया है। राजस्व के पूरे सिस्टम में सुधार की आवश्यकता है।

अजय चंद्राकर ने जल जीवन मिशन योजना को लेकर कहा कि योजना बनाने पर डीपीआर में पाया गया कि गांव में कोई जल स्रोत नहीं है। वहां भी टंकी बना दी और पाइपलाइन बिछा दी गई, ये तो खुला करप्शन है। ऐसी जगहों को चिन्हांकित करके क्या कार्रवाई करेंगे ऐसे अधिकारियों या तत्कालीन लोगों पर?

इतने में भूपेश बघेल खड़े होकर डॉ रमन से बोले- अध्यक्ष महोदय ये दोनों (अजय चंद्राकर और अरुण साव) खड़े हो जाते हैं। निर्देश करें कि एक बोले तो दूसरा बैठ जाए।

चंद्राकर बोले- ये सब आपके समय की ही कलाकारी है जिसको वो भोग रहे हैं। अरुण साव ने कहा, मैं सदन के सबके सामने स्पष्ट रूप से यह कहूंगा कि किसी भी ठेकेदार का जब तक काम पूरा नहीं होगा 70% से अधिक भुगतान नहीं करेंगे और जब तक पूरी तरह से योजना संचालित नहीं होगी, भुगतान नहीं होगा। स्रोत नहीं पाया गया योजना या पूरी नहीं हुई तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे।

अजय चंद्राकर फिर सवाल करने खड़े हुए तो डॉ रमन ने कहा कि मंत्री ने कह तो दिया कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे, चंद्राकर बोले- कड़ी से कड़ी सुन ही रहा हूं कब से कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 30 लाख की लूट

## सरगुजा में कट्टे-तलवारों से लैस 3 नकाबपोश घर में घुसे, लूट ले गए जेवरात-कैश

सरगुजा, 27 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 3 नकाबपोश हथियार बंद बदमाशों ने किराना कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 30 लाख की लूट की है। बदमाश 25 लाख के जेवरात और ढाई लाख कैश लूट ले गए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला सीतापुर थाना इलाके के नवापारा का है।

जानकारी के मुताबिक, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर राधेश्याम गुप्ता का परिवार बुधवार की रात खाना खाने के बाद घर पर सो रहा था। उनका बेटा अजय गुप्ता किराना दुकान चलाता है। रात करीब 1:30 बजे कट्टे और तलवार से लैस 3 नकाबपोश बदमाश छत का गेट तोड़कर घर में घुस गए। बदमाशों ने राधेश्याम गुप्ता समेत उनके दो बेटों के कमरे को खटखटाकर खुलवाया। उसके बाद पूरे परिवार को बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी दी। उनके अलमारी में रखे कैश और



सोने-चांदी के जेवरात निकलवा कर लूट लिए। महिलाओं से पहने जेवर भी उतरवा लिए। इतना ही नहीं बदमाशों ने परिवार के सभी सदस्यों के फोन छीन लिए। जिसे जाते समय घर के बाहर फेंक दिया। पूरे परिवार को कमरों में बंद कर दिया। फिर भाग गए। राधेश्याम गुप्ता के पोते का कमरा बाहर से बंद नहीं होता था। उसे लुटेरों ने वैसे ही छोड़ दिया।

जिसके बाद पोते ने घर में बंधक बने परिजनों को दरवाजा खोलकर बाहर निकाला। उन्होंने आवाज देकर पड़ोस में रहने वाले राधेश्याम गुप्ता के भाई के परिवार को उठाया। भाई ने मेन गेट खोला, तब सभी लोग बाहर निकल पाए।

लूट की सूचना रात करीब 3 बजे सीतापुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि घटना किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस लूटे गए कैश और सोने-चांदी का आकलन कर रही है। वहीं, पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

# 652 गोलियों के साथ पकड़ा गया उग्रवादी

## दो पुलिसकर्मियों की हत्या में था शामिल 14 साल की उम्र में संगठन से जुड़ा था

पलामू, 27 फरवरी (एजेंसियां)। पलामू पुलिस ने मनातू थाना क्षेत्र से एक खतरनाक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का सक्रिय सदस्य उपेंद्र भुईयां कई वारदातों में शामिल था। 26 वर्षीय उपेंद्र पिछले साल चतरा के कुंदा में अफीम की खेती नष्ट करने गए दो पुलिसकर्मियों की हत्या में भी शामिल था। उपेंद्र 15 लाख रुपए के इनामी नक्सली आक्रमण गंझू के दस्ते का सदस्य है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर .315 बोर की 652 गोलियां बरामद की है। उपेंद्र महज 14 साल की उम्र में टीएसपीसी के बाल दस्ता से जुड़ा था। शुरुआत में वह नक्सली कमांडरों को गाना सुनाकर मनोरंजन करता था। 2021 से वह टीएसपीसी का सक्रिय सदस्य बन गया। एसपी रीष्मा रमेशन के अनुसार, उपेंद्र की तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। चतरा जिले में उस पर हत्या और लेवी वसूली के आठ मामले दर्ज हैं। पलामू और लातेहार में भी उस पर दो-दो केस दर्ज हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि उपेंद्र, केदल के रास्ते अपने गांव नागद आने वाला है। एएसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने बुधवार शाम 6:40 बजे केदल के जंगल में सिकदा मोड़ के पास घेराबंदी की। एक व्यक्ति को चादर ओढ़कर जाते देख पुलिस ने रोका। भागने की कोशिश के दौरान उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान उपेंद्र भुईयां के रूप में बताई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक चट्टान के नीचे गड्ढे में छिपाई गई गोलियां भी बरामद कीं।

# मेयर-पार्षद शपथग्रहण, मीनल चौबे ने ली शपथ

## पार्षद अर्जुमन ढेबर और पूर्व मेयर एजाज ढेबर नहीं पहुंचे, मेयर चैंबर में कुर्सी की दिशा बदली

रायपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। रायपुर नगर निगम में मीनल चौबे ने गुरुवार को मेयर पद की शपथ ली। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने मेयर के साथ ही वार्डवार पार्षदों को भी शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद मीनल चौबे ने जय श्री राम का नारा लगाया। इधर, शपथ से पहले मेयर चैंबर में कुर्सी की दिशा भी बदली गई है।

मेयर और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह इनडोर स्टेडियम में रखा गया था। यहां विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा समेत कई बीजेपी नेता मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम में मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड से पार्षद अर्जुमन ढेबर नहीं पहुंचीं। वहीं उनके पति एजाज ढेबर ने भी कहा कि, पूर्व मेयर को भी आमंत्रित



नहीं किया गया। मीनल चौबे प्रोटोकॉल भूल गई हैं। अभी से इतनी एरोगेंसी ठीक नहीं है।

नगर निगम ने शपथ ग्रहण के बाद महापौर समेत एमआईसी सदस्य अपने कक्ष पर बैठेंगे। निगम के कमरों का रंग-रोगन पूरा हो गया है। महापौर चैंबर की साफ-सफाई के साथ ही बैठक अरेंजमेंट की गई। 15 साल बाद महापौर कक्ष में बैठक व्यवस्था बदली जा रही है। पहले महापौर की कुर्सी पूर्व मुखी थी। अब मीनल चौबे के लिए उनकी कुर्सी उत्तरमुखी की जा रही है। यानी वे कुर्सी पर बैठेंगी तो उनका फेस उत्तर दिशा की ओर होगा। बताया जा रहा है कि, वास्तु के अनुसार बैठक व्यवस्था में यह बदलाव किया जा रहा है। 15 साल बाद नगर निगम में भाजपा की महापौर बैठेंगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ की उभरती लोक गायिका आरू साहू ने प्रस्तुति दी। समारोह की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। वहीं कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी की तरह दिखने वाले एक शख्स के साथ कई लोग फोटो खिंचवाते दिखे। पिछले तीन कार्यकाल यानी निगम मुख्यालय के 2011 में बनने के बाद अब तक मुख्यालय पर कांग्रेसी महापौर का ही कब्जा रहा है। निगम मुख्यालय पूर्व महापौर किरणमयी नायक के कार्यकाल में बनकर तैयार हुआ।

# मलकीत गैदू से 6 घंटे से चली पूछताछ

## ईडी कार्यालय के बाहर कांग्रेसी कर रहे प्रदर्शन, बीजेपी दफ्तर की जांच की मांग

रायपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से ईडी दफ्तर में 7 घंटे से पूछताछ चल रही है। जिसके बाद कार्यालय के बाहर कांग्रेसी प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बीजेपी कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ईडी की जांच की मांग की है। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता प्रमोद दुबे, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा समेत कई कार्यकर्ता शामिल हैं। दरअसल, ईडी ने सुकमा और कोंटा में बने कांग्रेस कार्यालय (राजीव भवन) के निर्माण के संबंध में समन जारी किया था। 4 तथ्यों में जानकारी मांगी थी। गैदू ने कहा कि 30 पन्नों में जवाब तैयार किया गया है। ईडी ने मुख्य रूप से फंडिंग, ठेकेदार और निर्माण कार्य की शुरुआत से जुड़े सवालों को लेकर जवाब मांगा है।

इस कार्रवाई को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, लोगों का ध्यान भटकाने के





लिए ईडी कार्रवाई कर रही है। ईडी और आईटी का काम कांग्रेस को बदनाम करने का रह गया है। हिम्मत है तो दिल्ली में बने कार्यालय का हिसाब पूछ लें। बीजेपी से भी पूछ लें कांग्रेस से ही पूछेंगे क्या?

मंगलवार को चार सदस्यीय ईडी टीम सुरक्षा बलों के साथ रायपुर स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंची थी और वहां मलकीत सिंह गैदू को समन सौंपा गया था। जांच एजेंसी ने कांग्रेस से यह स्पष्ट करने को कहा है कि सुकमा और कोंटा में बने राजीव भवन का निर्माण किस स्रोत से हुआ, इसमें किसने पैसा दिया और निर्माण कार्य की पूरी प्रक्रिया क्या रही। इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को लेकर एक सीक्रेट मीटिंग भी की थी, जिसमें कानूनी विशेषज्ञ और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे। बैठक में यह तय किया गया कि जांच एजेंसी को सभी जरूरी दस्तावेज सौंपे जाएंगे और पूरे मामले में सहयोग किया जाएगा।

मलकीत सिंह गैदू ने कहा कि हमारे पास हर सवाल का जवाब है और हम जांच एजेंसी का पूरा सहयोग करेंगे। हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि जो भी जानकारी मांगी गई है, वह देने के लिए तैयार हैं।

# पत्नी को तलाक देकर जीजा ने साली से की शादी

धमतरी, 27 फरवरी (एजेंसियां)। मेरी शादी को 20 साल हो गए हैं, लेकिन मेरे पति ने तलाक...तलाक...तलाक बोलकर अपनी साली से निकाह कर लिया। 3-4 साल से उनका अफेयर चल रहा था। उनको मैंने बहुत समझाया, लेकिन वह नहीं माने। मेरी बहन को भगाकर ले गए और शादी कर घर लौटे। अब मुझसे मारपीट करते हैं।

ये बातें धमतरी जिले के कुरूद की रहने वाली आरिफा खातून ने बताई है। आरिफा खातून अपने भाई के साथ कोतवाली थाने पहुंची थी। यहां आरिफा ने अपने पति अशरफ अली और सास-ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

दरअसल, आरिफा खातून के पति अशरफ ने जनवरी 2025 में अपनी साली आइशा खातून से लव मैरिज कर ली। इससे आरिफा खातून के पति अशरफ के बीच विवाद होने लगा। इनके विवाद को लेकर कई बार सामाजिक बैठकें हुईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं निकल पाया। पीड़िता ने थाने में बताया कि तीन तलाक देकर पति ने छोड़ा है। उसने समाज में बैठक बुलाकर न्याय की मांग को तो अशरफ ने कई बार उसे धमकी दी। अशरफ का कहना था कि समाज में बैठक बुलाकर मामले को तूल न दिया जाए। आरिफा खातून ने बताया कि 6 फरवरी, 15 और 16 तारीख को तीन तलाक बोलकर मुझे छोड़ दिया। समाज और संगठन की बात भी पति ने नहीं मानी। अब मैं अपने भाई के साथ थाने पहुंची हूं। दोनों के खिलाफ प्रताड़ना और तीन तलाक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई हूं। मुझे इंसाफ चाहिए।

पुलिस ने अशरफ अली के खिलाफ मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत अपराध कायम किया है। कोतवाली पुलिस ने एफआईआर के बाद मामला कुरूद थाने को ट्रांसफर कर दिया है। वहीं आइशा खातून ने अपनी बड़ी बहन आरिफा खातून के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आइशा खातून ने कहा कि आरिफा खातून ने जान से मारने की धमकी दी है। झूमाझटकी कर मारपीट की है। मारपीट से चोट आई है। पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 351(2),3(5) बीएस के तहत केस दर्ज किया है।

वहीं मामले में कुरुद थाने के एएसआई सुरेश नंद ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मरीज बना दूल्हा, लाल जोड़े में दुल्हन

## प्रेमी ने दुखी होकर खा लिया था जहर, प्रेमिका आई हॉस्पिटल तो भर दी मांग

धनबाद, 27 फरवरी (एजेंसियां)। धनबाद में एसएनएमएमसीएच अस्पताल के प्वाइजनिंग वार्ड का नजारा बुधवार को बदला दिखा। यहां एक प्रेमी जोड़े ने अस्पताल के बेड पर शादी की। इस अनोखे विवाह के साक्षी बने वार्ड में भर्ती दूसरे मरीज, उनके परिजन और अस्पताल के कर्मी। दूल्हे ने दुल्हन की मांग में सिंदूर भर उसे अपनी जीवनसंगिनी बना लिया।

दोनों ने सात जन्मों तक एक-दूसरे का साथ निभाने का वचन दोहराया। दरअसल में, प्रेमिका के घरवालों के रवैए से निराश होकर कुमारधुबी के आलोक कुमार वर्मा ने जहर खा लिया था। घरवालों ने अस्पताल में भर्ती कराया, तो किसी तरह जान बची। प्रेमिका



नेहा गुप्ता को पता चला, तो भागकर अस्पताल पहुंची और दोनों विवाह-बंधन में बंध गए।

बारातियों ने भी नवविवाहित जोड़े को सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। मौके पर मौजूद लोगों ने इन लम्हों को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी किया। अस्पताल में पूरे दिन इस शादी की चर्चा होती रही।


आलोक और नेहा ने कहा कि वे दोनों बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी की है। नेहा ने साथ ही कहा कि आलोक अब उसके पति हैं और उन्हें किसी तरह का नुकसान पहुंचाया जाता है, तो इसके लिए मेरे घरवाले ही जिम्मेवार होंगे।

आलोक ने कहा कि नेहा अब उसकी पत्नी है और उसका सुख-दुख मेरा है। अस्पताल में शादी के मौके पर आलोक के परिवार की कुछ महिलाएं भी मौजूद थीं। आलोक और नेहा दो साल से एक-दूसरे से प्रेम करते हैं।

इस बारे में अपने घरवालों को बताकर शादी करने की अनुमति मांगी थी। आलोक ने कहा कि उसके घरवाले शादी के लिए तैयार थे, लेकिन नेहा के परिजन राजी नहीं थे।

# राजनांदगांव में दिखा ब्लैक पैंथर

## छुरिया के मां दंतेश्वरी पहाड़ी पर मूवमेंट, दहशत में मंदिर बंद, लोग बोले-सड़क पास की चट्टानों पर आराम करता है



खैरागढ़, 27 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव जिले के छुरिया नगर पंचायत के मां दंतेश्वरी मंदिर के आसपास पहाड़ी पर ब्लैक पैंथर (काला तेंदुआ) नजर आया है। काले तेंदुए की मौजूदगी से मां दंतेश्वरी मंदिर को बंद कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी इलाके में काले तेंदुए की मूवमेंट से इनकार कर रहे हैं। इधर, काले तेंदुए की मौजूदगी से स्थानीय लोग डरे हुए हैं। दरअसल, छुरिया नगर पंचायत के मां दंतेश्वरी मंदिर के आसपास पिछले कई दिनों से तेंदुआ पहाड़ी क्षेत्र में घूमता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेंदुआ रोजाना शाम करीब 5 बजे मुख्य सड़क के पास की चट्टानों पर आराम करता दिखाई देता है। स्थानीय रहवासियों ने जब इसकी जानकारी वन विभाग को दी तो इस पर ध्यान नहीं दिया गया। स्थानीय लोगों ने जब इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया तो वन विभाग हरकत में आया। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन वहां काले तेंदुए के कोई निशान नहीं मिले।

# उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस भेजे नए सैनिक

## दक्षिण कोरिया का बड़ा दावा



सियोल, 27 फरवरी (एजेंसियां)। एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दक्षिण कोरिया ने बड़ा दावा किया है।

दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने रूस में अतिरिक्त सैनिक भेजे हैं। रूस की ओर से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के दौरान कई उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौत के बाद यह कदम उठाया गया है।

दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उत्तर कोरिया ने कितने और नए सैनिक रूस भेजे हैं। एनआईएस ने यह भी कहा कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में बड़ी संख्या में उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए थे। इसके बाद रूस ने उत्तर कोरियाई सैनिकों को यहां से हटा लिया था। मगर फरवरी के पहले सप्ताह में यहां सैनिकों को फिर से तैनात कर दिया गया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सात फरवरी को अपने संबोधन में कहा था कि कुर्स्क में यूक्रेन पर हमले बढ़ रहे हैं। यहां उत्तर कोरियाई सैनिक रूसी सेना के साथ लड़ रहे हैं। पश्चिमी, दक्षिण कोरियाई और यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने पहले भी कहा था कि उत्तर कोरिया ने रूस की सेना का समर्थन करने के लिए अपने 10,000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया है। यूं तो उत्तर कोरियाई सैनिक बेहद अनुशासित और अच्छी तरह प्रशिक्षित हैं, लेकिन युद्ध का अनुभव न होने और क्षेत्र की जानकारी न होने वे हमलों के शिकार हो गए हैं। पिछले महीने दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध में करीब 300 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए और 2,700 अन्य घायल हुए। जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मारे गए या घायल उत्तर कोरियाई लोगों की संख्या 4,000 बताई थी। अब दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि जनवरी और फरवरी के बीच कुर्स्क में अतिरिक्त एक से तीन हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को तैनात किया गया था।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के प्रमुख का ये भी दावा है कि उत्तर कोरिया ने अगस्त 2023 के बाद से करीब 13 हजार कंटेनर आर्टिलरी, मिसाइलें और अन्य हथियार रूस भेजे हैं। दक्षिण कोरिया को आशंका है कि यूक्रेन युद्ध में मदद के बदले रूस उत्तर कोरिया को अहम हथियार और तकनीक दे सकता है।

# भारत बोला- पाकिस्तान एक नाकाम देश

## दान के पैसों पर जिंदा रहता है, यूएन में दिए इनके भाषण में पाखंड की बू आती है

जेनेवा, 27 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोप लगाता रहा है। इस पर भारत ने कहा- पाकिस्तान एक नाकाम देश है, जो खुद दान के पैसों पर जिंदा रहता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में इनके प्रतिनिधियों की तरफ से दिए गए भाषणों में पाखंड की बू आती है। यूएन में भारत के स्थायी मिशन के अधिकारी क्षितिज त्यागी ने जेनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 58वें सत्र की सातवीं बैठक में ये बातें कहीं।




**भारत ने कहा- पाकिस्तान हमेशा झूठ फैलाता है**

क्षितिज त्यागी ने कहा कि हमें इसमें कोई आश्चर्य नहीं होता कि पाकिस्तानी नेता आतंकियों की तरफ से प्रचारित झूठ को फैलाते हैं। पाकिस्तान ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) को अपना मुखपत्र बताकर संगठन का मजाक उड़ा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस संगठन का समय एक असफल राज्य द्वारा बर्बाद किया जा रहा है।

क्षितिज त्यागी ने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से लगाए गए आरोपों पर कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और रहेंगे। पाकिस्तान को भारत के बजाय अपने देश के हालात बदलना चाहिए। त्यागी ने ये भी कहा, इनकी (पाकिस्तान) बयानबाजी में पाखंड की बू आती है। इसकी हरकतें अमानवीय हैं और ये शासन व्यवस्था चलाने में अक्षमता है।

भारत लोकतंत्र, प्रगति और अपने लोगों के लिए सम्मान सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

भारत की तरफ से 19 फरवरी को भी यूएन में जवाब दिया गया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा के दौरान भारत के स्थायी राजदूत पी हरीश ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, था और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर को लेकर टिप्पणी की गई थी।

**पाकिस्तान मंत्री बोले ये- भारत में मानवाधिकार का उल्लंघन**

इससे पहले यूएनएचआरसी को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के कानून, न्याय और मानवाधिकार मंत्री आजम नजीर तरार ने दावा किया कि कश्मीर में लोगों के अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है।

# हमास ने चार इजराइली बंधकों के शव लौटाए

## रेडक्रॉस को सौंपे, इजराइल 600 फिलिस्तीनी कैदी रिहा करेगा, शवों की पहचान जारी

गाजा, 27 फरवरी (एजेंसियां)। गाजा के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार सुबह 4 इजराइली बंधकों के शव लौटा दिए हैं। उसने ये शव को रेड क्रॉस को सौंप दिए। इसके बदले में इजराइल 600 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर रहा है, इनमें से 97 रिहा किए जा चुके हैं। हमास जिन बंधकों के शव लौटाए हैं, उनके नाम त्साची इदान (49), श्लोमो मंत्जुर (85), इत्जाक एल्गारात (68), और ओहद याहलोमी (49) हैं।



इजराइल-हमास के बीच 19 जनवरी से लागू हुए सीजफायर के पहले फेज में बंधकों की आखिरी रिहाई थी। सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो रहा है। पहले फेज में हमास ने 33 बंधक छोड़े हैं, इनमें 8 शव शामिल हैं। वहीं इजराइल 2 हजार से फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा कर रहा है। इजराइल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं की है। इजराइल का कहना है कि वह मारे गए बंधकों के शवों की पहचान करेगा। इसके लिए गाजा बॉर्डर पर केरेम शालोम क्रॉसिंग पर फोरेंसिक जांच कर रहा है। हमास इजराइली बंधकों को रिहा करने से पहले हर बार एक सार्वजनिक समारोह करता है। इजराइल और यूएन इसे बंधकों के लिए अपमानजनक बता चुके हैं। इजराइल का कहना है कि इस बार जब बंधकों के शव लौटाए जाएंगे तो किसी तरह का समारोह नहीं होगा। दूसरी तरफ इजराइल ने पिछले हफ्ते हमास की तरफ से लौटाए गए एरियल बिबास, केफिर बिबास और उनकी मां शिरी बिबास के शव को दफना दिया है। जिस वक्त केफिर और एरियल को बंधक बनाया गया उनकी उम्र क्रमशः 9 महीने और 4 साल का था।

# देश खतरे में, अराजकता हमारी अपनी ही बनाई हुई

## बांग्लादेश के सेना प्रमुख की यूनुस सरकार को दो टूक

ढाका, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने देश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक उथल-पुथल के कारण हालात और खराब होते जा रहे हैं। एक सैन्य कार्यक्रम में जनरल जमान ने कहा, 'जो अराजकता हमने देखी है, वह हमारी खुद की बनाई हुई है।' उन्होंने पुलिस बल की अक्षमता पर भी सवाल उठाए और बताया कि कई अधिकारी डर में जी रहे हैं, क्योंकि उनके साथी या तो जेल में हैं या उन पर मुकदमे चल रहे हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की सख्त जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समाज में झगड़े और खून-खराबा जारी रहा तो देश की स्वतंत्रता और अखंडता खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा, 'अगर आप आपसी मतभेद भुलाकर एक नहीं हुए और एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे, तो देश का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा।'

बीते कुछ महीनों में बांग्लादेश में हिंसा, तोड़फोड़ और दंगे बढ़ गए हैं। फरवरी में हालात इतने खराब हो गए थे कि सुरक्षा बलों को ऑपरेशन डेविल हंट नाम से एक बड़ा अभियान चलाना पड़ा। इसमें 8,600 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया। अंतरिम सरकार का कहना है कि ये लोग देश को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे थे। पिछले अगस्त में छात्र आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी थी, जिसके बाद सेना को पुलिस जैसी गिरफ्तारी और न्यायिक शक्तियां मिल गई थीं। इस दौरान सेना पर गायब करने, हत्या और यातना के आरोप भी लगे। जनरल जमान ने कहा कि इन आरोपों की जांच जरूरी है और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, 'नहीं तो हम फिर से उसी चक्र में फंस जाएंगे।'

# ताइवान की नाकेबंदी या हमले की तैयारी?

## चीन के भेजे 45 फाइटर जेट और 14 युद्धपोत ताइपे ने भी तैनात की सेना, भारी तनाव

ताइपे, 27 फरवरी (एजेंसियां)। ताइवान ने कहा है कि चीन ने उसके क्षेत्र के आसपास एक बार फिर अपनी सैन्य गतिविधि खतरनाक तरीके से बढ़ा दी है। ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि चीन के 45 विमान और 14 युद्धपोत देखे गए हैं। यह ताइवान के पास चीन की इस साल अब तक की सबसे बड़ी सैन्य मौजूदगी है। चीन के इस कदम के जवाब में ताइपे ने भी सेना उतार दी है। इससे एक टकराव का अंदेशा पैदा हो गया है और क्षेत्र में तनाव है। यह हलचल चीन के लाइव-फायर अभ्यास और ताइवान की ओर से इसके विरोध के बाद हुई है।




मंत्रालय के बयान के अनुसार, बुधवार से गुरुवार सुबह 6 बजे तक 24 घंटे की अवधि में ताइवान के पास चीनी सेना के विमान और जहाज देखे गए। दरअसल ताइवान ने चीन पर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अपने दक्षिणी तट से 40 समुद्री मील (74 किलोमीटर) दूर लाइव-फायर अभ्यास करने का आरोप लगाया है। ताइपे ने इसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन बताया है। इसके बाद चीन के 45 फाइटर जेट और 14 युद्धपोत ताइवान के पास पहुंच गए। इससे ये अंदेशा बढ़ा हो गया है कि बीजिंग की ये सैन्य कार्रवाई ताइवान की घेराबंदी के प्लान का हिस्सा हो सकता है। इस पर ताइवान ने भी अपनी सेना को अलर्ट करते हुए क्षेत्र में उतार दिया है। चीन और ताइवान के बीच विवाद दशकों पुराना है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र कहता है। ताइवान बीजिंग के इन तमाम दावों को खारिज करते हुए खुद को स्वशासित लोकतंत्र मानता है। दूसरी ओर चीनी राष्ट्रपति सैन्य हमले के जरिए ताइवान पर कब्जे की बात कह चुके हैं। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान पर आक्रामकता में बढ़ोत्तरी की है। चीन ने द्वीप के आसपास लड़ाकू विमानों और युद्धपोतों की तैनाती भी बढ़ाई है। चीनी सेना ने ताइवान के आसपास लगातार युद्ध अभ्यास किए हैं।

# आंदोलनकारी छात्र आज नई पार्टी बनाएंगे


ढाका, 27 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले आंदोलनकारी छात्र नई पार्टी बनाने जा रहे हैं। कल यानी शुक्रवार, 28 फरवरी को इस पार्टी का ऐलान किया जाएगा। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में शामिल छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने पद से इस्तीफा दे दिया है। वे नई पार्टी के साथ जुड़ेंगे।

ये पार्टी शुक्रवार को एक रैली के साथ अपनी शुरुआत करेगी। पार्टी के गठन के लिए जातीय नागरिक समिति (जातिओ नागोरिक समिति) का गठन किया गया है। समिति की प्रवक्ता समंता शर्मीन ने एएनआई से कहा- जुलाई 2024 के विद्रोह के बाद, बांग्लादेश में नई आशाएं और आकांक्षाएं पैदा हुईं। इन्हीं उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए छात्रों ने एक नया राजनीतिक दल बनाने की पहल की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार और डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) के प्रमुख इलॉन मस्क बुधवार को कैबिनेट की पहली बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में उन्होंने खुद को टेक सपोर्ट बताया और कहा कि, 'डीओजीई सरकारी कंप्यूटर सिस्टम को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है।' मस्क ने कहा कि उन्हें इस काम की वजह से मौत की धमकियां मिल रही हैं। मस्क कैबिनेट सदस्य नहीं हैं और किसी पद के लिए चुने भी नहीं गए हैं। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर आज अमेरिका दौरे पर जाएंगे। यहां पर वो राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात के दौरान रूस यूक्रेन वॉर पर बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रिटिश पीएम कोशिश करेंगे कि वो ट्रम्प को युद्ध विराम समझौते के तहत यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी देने के लिए राजी कर सकें। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युल मैक्रों भी ट्रम्प से मिलने अमेरिका पहुंचे थे।

# दुनिया में कहां-कहां छिपा है रेअर अर्थ का अनमोल दुर्लभ खजाना?

## 10 बड़े देशों की लिस्ट, ट्रंप छीन रहे यूक्रेन का अरबों डॉलर का भंडार

वॉशिंगटन, 27 फरवरी (एजेंसियां)। युद्ध लड़ने के लिए अमेरिका की मदद लेना यूक्रेन को काफी भारी पड़ रहा है। जो बाइडेन प्रशासन की शह पर यूक्रेन रूस से जंग लड़ता रहा, अमेरिका उसे हथियार और डॉलर्स देता रहा, लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन सूद समेत वापस छीन रहे हैं। हालांकि यूक्रेन के पास अमेरिका को लौटाने के लिए करोड़ों डॉलर्स तो नहीं हैं, इसलिए, अमेरिका यूक्रेन को मजबूर कर उससे दुर्लभ खनिज भंडार छीन रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की बहुत जल्द व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले हैं। जहां वो अमेरिका के साथ दुर्लभ खनिज धातुओं को लेकर समझौते पर दस्तखत करेंगे। यानि जो यूक्रेन अमेरिका की शह पर रूस से भिड़ गया, आज वो अरबों डॉलर का खनिज भंडार भी गंवा रहा है।



लेकिन सवाल ये हैं कि आखिर अमेरिका, यूक्रेन के दुर्लभ खजाने को छीनकर क्या करेगा? दरअसल भविष्य को वही कंट्रोल कर पाएगा, जिसके पास ये दुर्लभ खनिज भंडार होंगे। चीन और अमेरिका में दुर्लभ खनिज भंडार को हड़पने की रेस लगी हुई है। दुर्लभ पृथ्वी खनिज आधुनिक टेक्नोलॉजी के लिए रीढ़ बन गए हैं। इनके बिना स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक वाहनों से लेकर एडवांस मिलिट्री सिस्टम्स का निर्माण ही असंभव है। ऐसे में जानना जरूरी हो जाता है कि महत्वपूर्ण खनिज भंडार दुनिया में कहां कहां छिपे हुए हैं। जो जियो-पॉलिटिक्स को नया आकार दे रहे हैं या दे सकते हैं। यूएस भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) डेटा पर आधारित एक नये ग्लोबल मैप में पृथ्वी पर सबसे समृद्ध दुर्लभ खनिज भंडारों को दिखाया गया है। इन खनिजों को दुर्लभ इसलिए माना गया है क्योंकि इन्हें पृथ्वी से निकालना काफी ज्यादा मुश्किल और महंगा होता है। यूएसजीएस मानचित्र के मुताबिक चीन में 44 मिलियन मीट्रिक टन भंडार छिपा है और वो ग्लोबल प्रोडक्शन का लीडर है। चीन के बाद अफ्रीका, खास तौर पर मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में प्रचुर मात्रा में जस्ता, लिथियम और कोबाल्ट के भंडार हैं, जो रिन्यूवल एनर्जी के लिए, सबसे ज्यादा जरूरी खनिज माने जाते हैं। इससे बैटरी का निर्माण होता है। वहीं दक्षिण अमेरिका के चिली और ब्राजील में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक विशाल लिथियम भंडार हैं। वहीं यूक्रेन, जो अपने महत्वपूर्ण टाइटेनियम और लिथियम संसाधनों के कारण भू-राजनीतिक फ्लैशपॉइंट रूप में उभरा है और अमेरिका की नजर इसी पर है। इसके अलावा ग्रीनलैंड, जहां दुर्लभ अर्थ मेटल्स और प्राकृतिक गैस के विशालकाय भंडार हैं, उसने भी ग्लोबल लीडर्स को रेस में फंसा दिया है।

# ऑस्ट्रिया में नया गठबंधन बनाएगा सरकार

## कौन बन सकता है देश का नया चांसलर



वियना, 27 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रिया में तीन पार्टियों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने मिलकर एक नई समझौते वाली सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। यह फैसला चुनाव के पांच महीने बाद आया है। जिस चुनाव में दूर-दक्षिणपंथी (कट्टर विचारधारा वाली) पार्टी ने जीत हासिल की थी, लेकिन वह सरकार बनाने में नाकाम रही।

कंजर्वेटिव ऑस्ट्रियन पीपल्स पार्टी, सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स और लिबरल नेओस ने बयान में कहा कि उन्होंने सरकार चलाने के लिए एक कार्यक्रम पर सहमति बना ली है। यह सरकार बनाने में अब तक का सबसे लंबा समय (129 दिन) लगा, जो 1962 के बाद से अब तक का रिकॉर्ड है। वहीं पीपुल्स पार्टी नेता क्रिश्चियन स्टॉकर को नया चांसलर (प्रधानमंत्री) बनने की उम्मीद है। तीनों पार्टियां अपने गठबंधन का पूरा कार्यक्रम गुरुवार को सार्वजनिक करेंगी। सितंबर 29 के चुनाव में पहली बार फ्रीडम पार्टी (जो प्रवासियों के खिलाफ और यूरोपीय संघ विरोधी है) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लेकिन तीन मुख्यधारा की पार्टियों (पीपुल्स पार्टी, सोशल डेमोक्रेट्स और नेओस) ने इसे सरकार में शामिल न करने का फैसला किया।

# अमेरिका की प्राइवेट कंपनी का मून मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च

## स्पेसएक्स के रॉकेट का इस्तेमाल किया, मस्क की कंपनी का इस साल तीसरा मून मिशन

वाशिंगटन, 27 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका का प्राइवेट कंपनी इंट्यूएटिव मशीन्स का दूसरा मून लैंडर बुधवार देर रात (भारतीय समयानुसार गुरुवार सुबह 5:45 बजे) इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च किया गया। 6 मार्च को ये चांद के साउथ पोलर रीजन में लैंड करेगा।

रॉकेट को नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। मिशन में चांद की सतह पर उतरने वाले इस लैंडर का नाम एथेना है। इस लैंडर में एक ड्रोन भी मौजूद है। आईएम कंपनी दूसरी बार चांद पर सफलतापूर्वक उतरने की कोशिश कर रही है। इससे पहले पिछले साल भी कंपनी ने एक लैंडर चांद की सतह पर भेजा था। हालांकि तेजी से टकराने के बाद लैंडर का पैर टूट गया था, जिससे लैंडर पलट गया था। मस्क की स्पेसएक्स कंपनी का इस साल ये तीसरा मून मिशन है। इससे पहले 15 जनवरी, 2025 को, फाल्कन 9 रॉकेट से ही अमेरिका की प्राइवेट कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस के ब्लू घोस्ट और जापान के आईस्पेस रेजिलिएंस के मून लैंडर्स को लॉन्च किया था।

ब्लू घोस्ट 2 मार्च, 2025 को चंद्रमा पर लैंड करेगा। वहीं जापान का लैंडर अलग रास्ते से जा रहा है, इसलिए मई में चांद पर पहुंचेगा। यानी, अब कुल तीन लैंडर हो गए हैं जो चंद्रमा पर उतरने वाले हैं।

इंट्यूएटिव मशीन्स के छह पैरों वाले लैंडर का नाम एथेना है और यह लगभग जिराफ जितना लंबा है। यह 6 मार्च को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से लगभग 100 मील (160 किमी) दूर एक सपाट चोटी वाले पहाड़ मॉन्स माउटन पर उतरने का प्रयास करेगा।

आईएम-2 का एक मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह के एक मीटर नीचे तक जांच करने के लिए, नासा के ट्राइडेंट ड्रिल और एमसोलो मास स्पेक्ट्रोमीटर को तैनात है। इससे चंद्रमा पर पानी और सीओ2 जैसी चीजों को डिटेक्ट किया जा सकता है।

# फिलिस्तीन समर्थकों ने बर्नार्ड कॉलेज की इमारत में जबरन घुसकर किया हंगामा

यरुशलम 27 फरवरी (एजेंसियां)। बुधवार को कफियेह स्कार्फ और मास्क पहने हुए फिलीस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क के बर्नार्ड कॉलेज के मिलबैंक हॉल में जबरन प्रवेश कर हंगामा किया। कॉलेज ने बताया कि जहां हंगामा किया गया वहीं डीन का कार्यालय है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने हंगामे के दौरान एक स्कूल कर्मचारी पर हमला किया। बर्नार्ड की अध्यक्ष लॉरा रोसेनबरी ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारी रात में मिलबैंक हॉल से बिना किसी और घटना के चले गए। उन्होंने कहा, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि हमारे समुदाय की सुरक्षा के प्रति उनकी उपेक्षा पूरी तरह से अस्वीकार्य है। स्कूल ने चेतावनी दी थी कि यदि छात्र रात 9:30 बजे तक नहीं गए तो अधिकारी हमारे परिसर की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त, आवश्यक कदम उठाने के लिए बाध्य हो सकते हैं। कोलंबिया स्टूडेंट्स फॉर जस्टिस इन पैलेस्टाइन नामक छात्र समूह ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि प्रशासन की ओर से गुरुवार दोपहर उनसे मिलने पर सहमति जताए जाने के बाद प्रदर्शनकारी तितर-बितर हो गए।

समूह के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने फिलीस्तीन समर्थक कार्रवाई के लिए दंडित सभी छात्रों के लिए माफी, रोसेनबरी और डीन लेस्ली ग्रिनेज के साथ बैठक और दो छात्रों के निष्कासन को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने दिन में पहले एक्स पर पोस्ट किया, हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जातीं।

# दक्षिण कोरिया में 2014 के बाद पहली बार बढ़ी जन्मदर


सियोल, 27 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया को तकरीबन एक दशक बाद जनसंख्या के लिहाज से अच्छी खबर मिली है। देश की जन्मदर में नौ साल बाद 2024 में बढ़ोत्तरी आई है। दक्षिण कोरियाई सरकार की कई तरह की योजनाओं और शादियों में हुई बढ़ोत्तरी के बाद जन्मदर में यह वृद्धि देखी गई है। हालांकि यह वृद्धि पर्याप्त नहीं है। जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए जरूरी 2.1 जन्म प्रति महिला के आंकड़े से ये काफी कम है लेकिन इसमें हल्की बढ़त भी सरकार के लिए राहत लेकर आई है। देश में जन्मदर में बढ़ोत्तरी का कायम रहना बहुत जरूरी है।

गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में महंगाई, नौकरियों की कमी और महिलाओं में बदलती सोच की वजह से जन्मदर कम हुई है। इससे देश की कुल जनसंख्या लगातार घट रही है। इसका सीधा असर देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर पड़ रहा है। ऐसे में दक्षिण कोरिया के लिए जन्मदर में आई बढ़ोत्तरी सुखद खबर है। हालांकि एक्सपर्ट का मानना है कि यह बड़ी चुनौती का छोटा सा हल है और अभी इस दिशा में बहुत काम करने की जरूरत है।

दक्षिण कोरिया में साल 2024 में प्रति 1,000 लोगों पर जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या 4.7 थी, जो 2014 के बाद पहली बार बढ़ी है। इस दौरान प्रजनन दर, यानी एक महिला के जीवनकाल में होने वाले बच्चों की औसत संख्या, 0.75 थी, जो 2023 के 0.72 से 0.03 अधिक है। पिछले साल देश में कुल 238,300 बच्चे पैदा हुए, जो 2023 की तुलना में 8,300 यानी 3.6 प्रतिशत ज्यादा है। दक्षिण कोरिया में जन्मदर में वृद्धि जनसंख्या को स्थिर रखने के लिए आवश्यक 2.1 जन्म प्रति महिला के आंकड़े से काफी कम है। 2018 से दक्षिण कोरिया की जन्मदर 1.0 से कम चल रही है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक इस दर को 1.0 तक पहुंचाना है। दक्षिण कोरियाई सरकार ने सरकार ने जन्मदर बढ़ाने के लिए हालिया वर्षों में कई कदम उठाए हैं। सरकार ने शादी करने वाले जोड़ों को नकद राशि और बच्चों की देखभाल में मदद के लिए स्कीम लागू की हैं। इसके बावजूद सरकार को मनमाफिक परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं।



# मदन राठौड़ बोले- नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं देते डोटासरा, टीकाराम जूली दिखते हैं असहाय




जयपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता की। इस दौरान साथ में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा भी मौजूद रहे। राठौड़ ने कहा कि जब अशोक गहलोत मुख्यमंत्री थे, तब उनकी अपने उपमुख्यमंत्री से लड़ाई चलती रहती थी। आपसी लड़ाई में विधायक होटलों में रहे, उन्हें तो सरकार चलाने का समय ही कब मिला। गहलोत सरकार में पुलिस मजबूर थी, आज मजबूत है। माफियाओं को पनपाने का काम गहलोत सरकार ने किया। भाजपा सरकार ने तो माफिया पर लगाम लगाकर अपराध को रोकने का काम किया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा में हर दिन नया विवाद खड़ा करना चाहती है। सदन में बजट प्रस्तुत होने के बाद कांग्रेस ने खासकर इनके प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जो वातावरण बनाया है, उससे लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रकरण में राजनीति कर रही है। गोविंद सिंह डोटासरा सदन को चलने नहीं देना चाहते हैं, सदन को हाईजैक करना चाहते हैं, जो संभव नहीं है। वे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को भी बोलने का मौका नहीं देते हैं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली असहाय दिख रहे हैं। सदन लोकतांत्रिक व्यवस्था से ही चलेगा। सबसे बड़ी बात तो यही है कि डोटासरा विधानसभा अध्यक्ष के आसन तक पहुंचे। उन्होंने वहां पहुंचकर जो आचरण किया उससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंची है। डोटासरा ने ऐसे शब्दों का इस्तेमाल किया, जिन्हें दोहराना भी उचित नहीं हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत सदन में आते ही नहीं हैं, परंतु अब विधानसभा गतिरोध मामले में अचानक आकर सुर्खियां बटोरने का काम कर रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि गोविंद डोटासरा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की भी बात नहीं मानी, जबकि गहलोत को अपने चहेते व्यक्ति डोटासरा को अच्छे से समझाना चाहिए था।

मदन राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत और विधानसभा स्पीकर के मकान में ज्यादा दूरी नहीं है। वो ख़ुद जाकर भी स्पीकर से माफी मांग सकते थे। गहलोत ने भी सदन का सम्मान नहीं किया। डोटासरा भी पहले तो विधानसभा अध्यक्ष के ऑफिस में वादा करके आए परंतु सदन में बदल गए और खेद प्रकट नहीं करके वादा खिलाफी की। कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और सदन को चलाने में सहयोग करना चाहिए। सदन और आसन का सम्मान करते हुए नियमों का पालन करना एक व्यवस्था होती है, इसलिए कांग्रेस नेताओं को सदन की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद डोटासरा ने सदन और सदन के बाहर भी ऐसे शब्दों का उपयोग किया जो गरिमापूर्ण नहीं थे। डोटासरा ने सदन की गरिमा को तार-तार किया है। संविधान की रक्षा का नाटक करने वाले लोगों ने संविधान और सदन का मजाक बनाया है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस संविधान का पालन नहीं करती है बल्कि इसे अपनी जेब में रखती है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के सामने एक-दूसरे को थप्पड़ जड़ा

## मंच पर चढ़ने से रोकने पर दो पदाधिकारियों में विवाद, दूसरे नेताओं ने अलग किया

जयपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के जयपुर में गुरुवार को बीजीपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के सामने पार्टी के दो पदाधिकारी भिड़ गए और एक-दूसरे के थप्पड़ जड़ दिए। मौके पर मौजूद अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दोनों को अलग किया। मामले को लेकर देर शाम अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने मोर्चा के महामंत्री जावेद कुरैशी को पद से हटा दिया।

घटना उस समय हुई, जब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक शुरू होने वाली थी। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ बैठक में पहुंचे थे।

अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष रहे फरीदुद्दीन जैकी प्रदेशाध्यक्ष को मंच तक लेकर आए। वह मंच पर चढ़ने लगे तो उन्हें मोर्चा के पूर्व महामंत्री जावेद कुरैशी ने रोक दिया। इस पर जैकी ने जावेद को थप्पड़ जड़ दिया।

थप्पड़ लगते ही जावेद ने भी जैकी को थप्पड़ मार दिया। उसके बाद दोनों अध्यक्ष के सामने ही भिड़ गए। करीब 30 से 40 सेकेंड तक दोनों लड़ते रहे। उसके बाद बीजेपी के अन्य पदाधिकारी ने दोनों का अलग किया।



**विवाद को लेकर कौन क्या बोला...**

घटना को लेकर अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व महामंत्री जावेद कुरैशी ने कहा- मंच पर जो अपेक्षित थे, उन्हीं के लिए कुर्सी लगाई गई थी, लेकिन जैकी ने कहा कि अध्यक्ष के पीछे मेरी कुर्सी लगाई जाए। हमने उनसे शालीनता से नीचे उतरने के लिए कहा तो वह गली-गलौज पर उतर आए।

बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा में पूर्व उपाध्यक्ष रहे फरीदुद्दीन जैकी ने कहा- मैंने किसी भी पदाधिकारी से कोई बदतमीजी नहीं की थी। मैं अध्यक्ष को मंच पर बैठाकर नीचे उतर रहा था। मुझे बदनाम करने के लिए महामंत्री जावेद कुरैशी ने यह सब किया।

**अल्पसंख्यक मोर्चा पदाधिकारी की थी बैठक**

दरअसल, आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी की बैठक रखी गई थी। बैठक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री शामिल हुए थे।

बैठक में बतौर चीफ गेस्ट बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ शामिल हुए थे। बैठक के बाद मोर्चे की ओर से मदन राठौड़ का सम्मान कार्यक्रम भी रखा गया था।

# सीएनजी गैस लीक से मचा हड़कंप

## पुलिस ने इलाका खाली कराया, ट्रेफिक भी रोका

जयपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह गैस लीक होने से हड़कंप मच गया। घटना करधनी थाना इलाके की है। यहां एक निजी कंपनी की अंडरग्राउंट सीएनजी गैस पाइप लाइन में रिसाव हुआ। इसके बाद गैस तेजी से फैलने लगी।

गैस लीक सूचना मिलने पर हड़कंप मच गया। 9 दुकान क्षेत्र के पास गैस लीक हुई थी। गैस लीक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गैस काफी तेजी से लीक हो रही थी। ऐसे में पुलिस ने सबसे पहले आसपास के इलाके को खाली करा दिया। वहीं सड़क पर वाहनों की आवाजाही को भी रोक दिया गया है।

**सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची**

इसके बाद दमकल की गाड़ियां, एंबुलेंस और सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया गया है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार बुड़ानिया भी मौके पर मौजूद हैं। गौरतलब है कि इससे पहले जयपुर के गोपालपुरा स्थित एक निजी कोचिंग सेंटर में 10 से अधिक छात्र-छात्राएं गैस रिसाव की वजह से बेहोश हो गए थे।

वहीं पिछले साल दिसंबर महीने में विश्वकर्मा थाना इलाके में रोड नम्बर 18 के पास ऑक्सीजन गैस प्लांट में वॉल्व टूटने से गैस लीक हो गई थी। गैस लीक होने से आस-पास खड़े वाहनों पर बर्फ जम गई और पेड़ पौधों पर बर्फ की चादर बिछ गई थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो दमकलों ने आधा घंटे तक पानी की बौछार कर वॉल्व को बंद किया था। गैस रिसाव से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ था।

# भीषण सड़क हादसा, चार हिस्सों में बिखर गया ट्रैक्टर, चालक की मौत

पाली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के पाली में भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 25 पर देर रात हुआ। हालांकि ट्रैक्टर को टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर टूटकर चार हिस्सों में बिखर गया। पुलिस ने निमाज के राजकीय चिकित्सालय की मोर्चरी में ट्रैक्टर चालक का शव रखवाया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। वहीं ट्रैक्टर के हिस्से बिखरकर राजमार्ग पर फैल गए थे। इसके कारण राजमार्ग पर जाम पर लग गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर के बिखरे हिस्सों को हटाकर राजमार्ग खुलवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान हो सके। वहीं दूसरी तरफ पाली जिले के देसूरी थाना क्षेत्र गुड़ा पृथ्वीराज गांव में मासूम खेलते समय टेबल से नीचे गिर गई। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गुड़ा पृथ्वीराज गांव निवासी मासूम खुशाली (4) पुत्री प्रकाश दोपहर को अपने घर में खेल रही थी। इस दौरान वह टेबल पर चढ़ी और पैर फिसलने से सिर के बल नीचे गिर गई। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आई।

# गुजरात से माउंट आबू आकर जंगल में चिल कर रहा था प्रेमी जोड़ा

## कर दी रोंगटे खड़े करने वाली हरकत, दोनों की मौत

सिरोही, 27 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के सबसे मशहूर हिल स्टेशन माउंट आबू से है। वहां पर होटल में ठहरे एक कपल ने सुसाइड कर लिया। दोनों गुजरात से घूमने के लिए आए थे और उसके बाद किराये का स्कूटर लेकर जंगल की ओर घूमने गए थे। कुछ देर बाद उनमें से एक ने होटल में फोन किया और बचाने की गुहार लगाने लगे। होटल कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

माउंट आबू पुलिस ने बताया कि गुजरात का कपल दो दिन पहले माउंट आबू घूमने के लिए आया था। वे लोग होटल में ठहरे थे। होटल वालों से ही पूछताछ करने के बाद उन्होनें एक स्कूटर किराये पर लिया था और आबू के जंगलों की ओर घूमने के लिए चले गए थे। वे लोग होटल से निकले थे। शाम होते-होते गुरु शिखर से शूटिंग पॉइंट की ओर जा रहे थे।



कुछ देर के बाद ही होटल के एक कर्मचारी को मोबाइल फोन पर सूचना दी और बचाने की गुहार लगाई। बाद में पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर कुछ देर बाद युवती की मौत हो गई और उसके बाद युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों ने जहर खाया है। कारण सामने नहीं आ सके हैं। उनके बारे में गुजरात निवासी उनके परिवार के सदस्यों को सूचना दे दी गई है।

# बाड़मेर में मिला संदिग्ध कबूतर, पाकिस्तान से जासूसी के लिए आने का शक, पंखों पर लिखे थे नंबर

बाड़मेर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के बालोतरा क्षेत्र के गांव साथूनी में एक संदिग्ध कबूतर मिला। इसकी जानकारी पर पहुंची मंडली पुलिस ने इसे अपने कब्जे में लिया। सुरक्षा को लेकर इसे वन विभाग बालोतरा को सौंपा। सूत्रों के अनुसार संभवतः पाकिस्तान की ओर से जासूसी के लिए भारत में कबूतर छोड़ा गया था। सुरक्षा एजेंसियों के इसकी जांच करने पर ही सत्यता के बारे में जानकारी हो पाएगी।

**लोगों ने पकड़ा था कबूतर**

जानकारी अनुसार गांव साथूनी निवासी आमसिंह पुत्र हेम सिंह की छत पर सुबह करीब 11 बजे चुग्गा चुग रहे पक्षियों के साथ कबूतर दाना चुग रहा था। छत पर पहुंचे बालक को अलग रंग का कबूतर दिखाई देने पर उसने परिवार सदस्यों को इसकी जानकारी दी। इस पर इन्होंने कोशिश कर कबूतर को पकड़ा। वहीं मंडल पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस सूचना पर कुछ समय बाद मंडली थानाधिकारी महेश गोयल, सीआईडी बालोतरा प्रभारी राजेन्द्रसिंह उमरलाई पहुंचे। पुलिस ने कबूतर की जांच की।




जानकारी अनुसार पकड़े गए कबूतर के पैरों में गोल छल्ला लगे हुए थे, जिसके एक पैर के छल्ले पर 6129747 SHN 2016-30 लिखा हुआ था। दूसरे पैर पर लगे गोल छल्ले पर इरसान खान 03142141214-2024-045 1285 लिखा हुआ है। इसके पंखों पर स्याही की सील लगी हुई है, जिसमें JRPC 700 GPS व JRPC 504 GPS लिखा हुआ है। इस पर एक स्थान पर पंजाब लिखा हुआ है। इस पर संभावना जताई जा रही है कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से खुफिया जानकारी के लिए छोड़ा हुआ यह कबूतर है। जो भटकता हुआ यहां पर पहुंचा।

# साइबर ठगी के रैकेट का खुलासा, दुबई से जुडे तार

## 61 सिम के साथ पकड़े गए आरोपी ने उगले राज

जयपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। टीम ने जयपुर के वैशाली नगर इलाके में सिरसी रोड से यशवंत सिंह पंवार पुत्र गोपाल सिंह (21) निवासी गुर्जर बस्ती शास्त्री नगर को 61 एक्टिव सिम और दो मोबाइल के साथ पकड़ा है। आरोपी दुबई में बैठे साइबर ठगी गिरोह के सरगना के कहने पर अरुणाचल प्रदेश और असम से फर्जी सिम मंगवाता था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि विभिन्न आपराधिक गिरोह, गैंगस्टर, तस्करों, वांछित बदमाशों की तलाश और उनकी धरपकड़ के लिए पुलिस मुख्यालय की एजीटीएफ की अलग-अलग टीमों को विभिन्न जिलों में भेजा गया है। इसी के तहत एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन और इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल हेमंत कुमार शर्मा को एक गिरोह द्वारा जयपुर में असम से भारी मात्रा में एक्टिव सिम फ्लाइट द्वारा मंगवाए जाने की सूचना मिली थी। इस पर एक टीम पुष्टि के लिए रवाना की गई।

दिनेश एमएन ने बताया कि आसूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से खबर की तस्दीक होने पर वैशाली थाना पुलिस को सूचना देकर सिरसी रोड बुलाया गया। जहां कालरा पेट्रोल पम्प के सामने चाय की थड़ी पर बाइक लेकर खड़ा युवक पुलिस की गाड़ी और टीम को देखकर जाने लगा। बाइक रोक कर युवक को डिटेन किया गया। जिसकी पहचान शास्त्री नगर की गुर्जर बस्ती निवासी यशवंत सिंह के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास मिले एक लिफाफे से 61 सिम और जेब से मोबाइल बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपी युवक यशवंत ने बताया कि फर्जी और दूसरे लोगों के डॉक्यूमेंट लगाकर ली की गई ये सिम उसके साथी अभिषेक उर्फ अन्ना पुत्र महेश निवासी लालरपुरा गांधीपथ वैस्ट जयपुर ने असम से फ्लाइट द्वारा कोरियर से भिजवाई हैं। अभिषेक दुबई में रहकर ऑनलाइन गेम्स खेला सट्टे का काम करता है। फर्जी सिम इन्हें असम के अलावा अरुणाचल प्रदेश और अन्य शहरों से भी मिलती हैं।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि जयपुर में साइबर ठग गिरोह द्वारा ऑफिस बना रखा है, जहां पर उनके पास कई छोटे-छोटे सिम बॉक्स है। जिनमें यह एक साथ कई सिम लगाकर उन्हें एक्टिव करते है। सिम बॉक्स अलग-अलग कैटेगरी के हैं।

किसी में 30, किसी में 40 और उससे ज्यादा भी सिम लगती है। जयपुर के संचालित ऑफिस के बारे में जांच की जा रही है।

### हाईवे हो गया जाम

#### गाड़ियां थम गई, डर के मारे बाहर नहीं निकले लोग

धौलपुर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। धौलपुर जिले में बजरी के अवैध खनन को लेकर पुलिस और माफिया के बीच एक बार फिर टकराव देखने को मिला। एनएच.44 पर सागरपाड़ा चौकी के सामने पुलिसकर्मियों ने जब अवैध बजरी से भरे एक ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की, तो माफिया ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए हंगामा खड़ा कर दिया। देखते ही देखते हाईवे पर जाम लग गया और मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध रूप से खनन की गई बजरी को ट्रैक्टरों के जरिए राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर ले जाया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच.44 पर सागरपाड़ा चौकी के पास नाकाबंदी की। पुलिस ने जब एक संदिग्ध ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की, तो माफिया के लोगों ने हंगामा खड़ा कर दिया और विरोध जताने लगे।

# स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

## अब तक 17 को पकडा गया

अजमेर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ सातवीं बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अब तक कुल 17 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। यह अभियान पुलिस मुख्यालय, राजस्थान जयपुर द्वारा अवैध बांग्लादेशी और अन्य घुसपैठियों की पहचान और निष्कासन के आदेशों के तहत चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अजमेर शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करना और उन्हें निष्कासित करना है।

दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि अजमेर जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में यह विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जागिंड और वृत्ताधिकारी लक्ष्मण राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम ने दरगाह क्षेत्र के विभिन्न संभावित इलाकों में अवैध रूप से निवास करने वाले बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सघन अभियान चलाया। दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि पुलिस ने मुखबिरों से प्राप्त सूचना और तकनीकी साधनों का उपयोग करते हुए दरगाह क्षेत्र, जालियान कब्रिस्तान, अंदकोट, नई सड़क और अन्य क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान, 15-20 संदिग्ध व्यक्तियों को डिटेन किया गया और उनसे पूछताछ की गई।



इनमें से एक व्यक्ति, मोहम्मद आरिफ हुसैन, निवासी दारीरामपुर, जिला मयमेन सिंह, बांग्लादेश, को पकड़ा गया। मोहम्मद आरिफ ने अपनी पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में की और यह स्वीकार किया कि वह लगभग 10 साल पहले बांग्लादेश के बेनापोल बॉर्डर से भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर चुका था।

दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद आरिफ हुसैन ने पूछताछ में कहा- वह विभिन्न स्थानों पर रहने के बाद दरगाह क्षेत्र में आकर खानाबदोश के रूप में रहने लगा था। उसने यह भी बताया कि वह बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में घुसा था और यहां अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस ने इस व्यक्ति से गहन पूछताछ जारी रखी है और आगे की कार्रवाई के लिए उसे हिरासत में लिया है।

दरगाह थानाधिकारी दिनेश कुमार जीवनानी ने बताया कि यह कार्रवाई अजमेर पुलिस की निरंतर कोशिशों का हिस्सा है, जिसके तहत अवैध प्रवासियों की पहचान की जा रही है और उन्हें निष्कासित किया जा रहा है। पुलिस ने यह सुनिश्चित किया है कि इस तरह के अभियानों को नियमित रूप से चलाया जाए, ताकि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों की पहचान की जा सके और उन्हें कानून के अनुसार सजा दिलवाई जा सके।

# युवती की गला काटकर हत्या

## पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल

अजमेर, 27 फरवरी (एजेंसियां)। अजमेर जिले की किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बोराड़ा थाना के पांडरवाड़ा ग्राम निवासी छोटू बेरवा की 20 वर्षीय पुत्री रोशन की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। इसे लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने मृतका के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में विधायक इंदिरा मीणा, विधायक विनोद गोठवाल और विधायक रुपिंदर सिंह कुन्नर ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. विकास चौधरी शामिल रहे। सभी ने पांडरवाड़ा गांव परिजनों से घटनाक्रम की जानकारी ली और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। प्रतिनिधि मंडल ने दलित परिवार को आश्वासन दिया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।



साथ ही क्षेत्रीय विधायक विकास चौधरी ने दलित बेटी रोशन बेरवा की याद में विधायक कोष से सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर भी हमला बोला। विधायक इंदिरा मीणा ने कहा कि निकम्मी भाजपा सरकार के शासन में राजस्थान बदमाशों का गढ़ और अपराध में देश में नंबर-1 राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि एक साल में राजस्थान अपराध में नंबर-1 इसलिए बन गया क्योंकि अपराधियों को भाजपा सरकार से खुली छूट मिली हुई है। सरकार के मंत्रियों और भाजपा विधायकों से अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और मुख्यमंत्री की प्रदेश में कोई सुनता नहीं है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्या कर दी थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार भी कर लिया था।

वर्धमान (महिला) सहकारी शहरी बैंक की 58वीं आम सभा की बैठक आयोजित

# छोटे मूल्य के ऋणों की मात्रा में हुई पर्याप्त वृद्धि : चेयरमैन




हैदराबाद, 27 फरवरी(स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद स्थित वर्धमान (महिला) सहकारी शहरी बैंक लिमिटेड की 58वीं आम सभा की बैठक कच्छी भवन, रामकोटी में आयोजित हुई। जिसमें बैंक चेयरमैन शांतिलाल डागा ने कहा कि, बैंक ने कई प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों (डीएसए) को नियुक्त किया है, जिससे उधारकर्ताओं की संख्या और छोटे मूल्य के ऋणों की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. रवि कुमार ने बताया कि इस आम सभा की बैठक की अध्यक्षता शांतिलाल डागा ने की। जिसमें मंच पर उपस्थित अन्य निदेशकों में श्रीमती निर्मला डागा, श्रीमती राजकुमारी चोर्डिया, तुषार सावला और महेंद्र कुमार जैन गोलेचा शामिल हुए।

कार्यवाही की शुरुआत वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला डागा के भाषण से हुई। उन्होंने सदस्यों को 31 दिसंबर 2024 तक बैंक के कार्य प्रदर्शन तथा बैंक द्वारा आरबीआई के दिशानिर्देशों और नियामक प्रावधानों के सख्त अनुपालन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर शांतिलाल डागा ने कहा कि, बैंक को वित्तीय रूप से मजबूत और अच्छी तरह से प्रबंधित बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्होंने सदस्यों को बताया कि, बैंक ने मणिकोंडा और मार्रेडपल्ली में दो नई शाखाएँ खोली हैं और जल्द ही अत्तापुर में बैंक की तीसरी शाखा खोली जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि, बैंक ने आगामी वित्तीय वर्ष में करीमनगर में एक शाखा सहित तीन अतिरिक्त शाखाएँ खोलने के लिए आवेदन किया है। अध्यक्ष ने बताया कि सहकारी बैंकिंग क्षेत्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। गत दो दशकों में वित्तीय अस्थिरता और शासन चुनौतियों के कारण शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 हो गई है। परिणामस्वरूप, आरबीआई ने यूसीबी के लिए नए लाइसेंस जारी करना बंद कर दिया है। जिसमें अध्यक्ष ने आरबीआई द्वारा जारी नए दिशा- निर्देशों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि, बैंक ने कुल कारोबार 925 करोड़ रुपये से अधिक किया है। बैंक बोर्ड में दो अत्यधिक अनुभवी पेशेवर निदेशक शामिल हैं, प्रबंधन बोर्ड आरबीआई द्वारा अनुमोदित है औरइसमें निष्पक्ष और पारदर्शी बैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए तीन स्वतंत्र और दो आंतरिक सदस्य शामिल हैं। बैंक यूपीआई, एनईएफटी, आरटीजीएस,यूपीआई जैसे विभिन्न भुगतान चैनलों की डिलीवरी में सुधार के लिए आईटी उत्पादों पर भारी निवेश कर रहा है, ताकि ग्राहक अनुभव में सुधार हो सके। साथ ही चेयरमैन ने साइबर सुरक्षा पर बैंकों की प्राथमिकता और डेटा सुरक्षा के उच्चतम मानकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बैंकों की आईटी प्रणालियों का सर्ट-इन ऑडिटर द्वारा ऑडिट किया जाता है और सभी अनुशंसित उपायों को लागू किया गया है।

## केनरा बैंक अंचल कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण



हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक अनिर्बान कुमार विश्वास ने सिकंदराबाद स्थित केनरा बैंक, अंचल कार्यालय में राजभाषा में हो रहे प्रगति का निरीक्षण किया । इस अवसर पर बैंक के मुख्य महाप्रबंधक बी चंदशेखर सहित बैंक के उच्च अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान एक "राजभाषा' प्रदर्शिनी भी लगाई गई जिसका अवलोकन विश्वास ने किया। निरीक्षण के उपरांत एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ प्रबंधक रवि कुमार सिन्हा ने एक पी पी टी के माध्यम से बैंक में हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन पर एक प्रस्तुति दी । सभा को संबोधित करते हुए विश्वास ने कहा कि क्षेत्रीय भाषा में काम करने से ग्राहकों को आसानी होती है । उन्होंने राजभाषाटूल्स कंठस्थ की चर्चा करते हुए कहा कि इस अनुवाद टूल का प्रयोग सभी कर्मियों द्वारा किया जाना आवश्यक है। इसमें लगभग 4 करोड़ वाक्य जोड़े गए है जो की सटीक अनुवाद देता है।

इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक बी चंद्रशेखर ने कहा कि केनरा बैंक हमेशा से राजभाषा कार्यान्वयन में अग्रणी रहा है। हम आगे भी दिए गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे । प्रभारी कार्यपालक सहायक महाप्रबंधक सुप्रिय मैत्र ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक श्री रवि कुमार सिन्हा ने किया ।



इमलीवन के गौलीगुडा गौशाला में गायों की सेवा करते हुए माइनारिटी कमीशन बोइनपल्ली के सरकारी सलाहकार गौतम जैन,श्रीराम लोया,पी. राजेंद्र यादव, गजानन चौधरी, रघुनंदन गोप आदि।

# पावरग्रिड मुख्यालय सिकंदराबाद का राजभाषा निरीक्षण



हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अनिर्बान कुमार विश्वास, उप निदेशक (कार्यान्वयन-दक्षिण), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा, पावरग्रिड द.क्षे.-1 क्षेत्रीय मुख्यालय का राजभाषा निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर कार्यालय द्वारा राजभाषा संबंधी कार्यों को राजभाषा प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

उप निदेशक महोदय ने पावरग्रिड कार्यालय द्वारा राजभाषा प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों एवं गतिविधियों की प्रशंसा की। तत्पश्चात, उप निदेशक ने राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी की प्रगति हेतु किए जा रहे प्रयासों एवं अपने ज्ञानवर्धक विचारों को कार्यालय के सभी कार्मिकों के साथ सांझा किया । उक्त अवसर पर पावरग्रिड कार्यालय से श्री अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मा.स.), टी.वी.एस. प्रवीण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सं.प्र.), वरिष्ठ अधिकारीगण एवं नराकास हैदराबाद से डॉ. राजनारायण अवस्थी, सदस्य सचिव की गरिमामय उपस्थिति रही।



आगामी 2 मार्च को आयोजित महिला दिवस कार्यक्रम में पधारने विशाखा ग्रूप की सरोजा विवेकानंद, समाजसेवी प्रमोद गोयल, कच्छ कडवा पाटीदार हैदराबाद अध्यक्ष देवशीभाई पोकार, मंत्री शंकर पटेल, पाटीदार महिला मंडल सिकंदराबाद अध्यक्ष दिनाबेन छाभैया, मंत्री दिपाबेन छाभैया, जीएसएम घनश्याम पटेल, शीतल शाह, गोपाल गौशाला के तुलसीराम बंसल, बीजेएस मंत्री रंजना शाह, वि.वाय.ओ. ग्रूप के विनोद फडदु, विजय रबारी, डेनीश पटेल, आशीष पटेल आदि गणमान्य व्यक्तियों को, निमंत्रित करते हुए लव फार काऊ के जसमत पटेल, रिध्दीश जागीरदार, कमलेश महाराज, आर.के. जैन, जयंती पटेल, लक्ष जागीरदार एवं अन्य दिखाई दे रहे हैं।

## अखंड अष्टयाम का समापन



हैदराबाद, 2% फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शिव रात्रि पर तेलंगाना बिहार सहयोग समिति द्वारा अखंड अष्टयाम दुर्गा माता मंदिर इंदिरा नेहरु नगर मल्काजगिरी में बिनय कुमार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर प्रदिप राय बोलाराम योगेन्द्र बर्मा फिरजादी गोरा उपल परवेश यादव ने आकर भजन किए। इस मौके पर पूर्व विधायक शुधीर रेड्डी, कॉरपोरेटर श्रवण कुमार, सतीश गौड ,शिनु अना महेश एवं भारी मात्रा में लोगों ने आकर हरे राम हरे राम हरे कृष्णा हरे कृष्णा का भजन किए। जयनाथ सिंह, शम्भू नाथ भगत,दशरथ सिंह,कामेश्वर भगत, चंद्र देव सिंह, सुभाष यादव,राजनन्दन सिंह, गयानंद राय ,सूरेश यादव , सभी लोगों का भी स्वागत किया गया।



द्रौपदी गार्डन सीतारामबाग स्थित मंदिर में राजस्थानी देवासी समाज, हैदराबाद-सिकन्दराबाद द्वारा समाज बन्धुओं के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित जागरण संपन्न। अवसर पर सम्माननीय अतिथिगण विधायक टी. राजा सिंह, अध्यक्षः कुरमा संगम येगा मल्लेशम, भाजपा नेता आला पुरुषोत्तम, पार्षद गोशामल लाल सिंह व नागराज कुरमा, भोपाजी नवारामजी सभी भक्ता ने भाग लिया।

## मीणा समाज ग्रुप हैदराबाद महाशिवरात्रि महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कोम्पल्ली स्थित एएमआर गार्डन में श्री गौतम ऋषि महराज का विशाल जागरण व पांचवां वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। प्रेस विज्ञप्ति में महेंद्र मीणा लापोद ने बताया कि शिवरात्रि का महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्रतधारी भक्तों के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई। सुप्रसिद्ध भजन गायक संत मोहनलाल एण्ड पार्टी( राजस्थान) ने सर्व प्रथम गणेश वंदना से शुरू किया। भजनों में भूरिया बाबा के भजनों का गुण गान किया। इस अवसर पर वारंगल से पधारे रमेश, हिराराम, व बिरमगुड़ा गैर मंडली का सम्मान किया। महेंद्र मीणा लापोद,कैलाश , प्रकाश, रमेश अनौपुरा, मोनाराम, ,भरत,पारस,तुलसाराम, समाज बन्धु उपस्थित थे।



शवि मंदिर शमशेरगंज स्थित गौशाला में गौ सेवा करते हुए भक्त



सत्यम शिवम सुंदरम गगन पहाड़ स्थित गौशाला में गौ सेवा करते गौ भक्त

# भोलेनाथ बाबा का भव्य जागरण सम्पन्न



बालाजी नगर स्थित श्री नाथ समाज हैदराबाद-सिकंदराबाद समाज बन्धुओं के सानिध्य में महाशिवरात्रि के जागरण में भजन प्रस्तुत करते हुए दिनेश नाथ योगी (धनला)। अवसर पर पुजा-अर्चना, भजनोफ्फ़ व महाप्रसादी का लाभ लेते हुए अध्यक्ष राजु नाथ, उपाध्यक्ष सुरेश नाथ, चम्पा नाथ, कोषाध्यक्ष मोती नाथ, सचिव भवानी नाथ एवं पदम नाथ, प्रेम नाथ, मुकेश नाथ, मदनलाल रावल, समाज बन्धु व भक्तगण।



जाट समाज ट्रस्ट, हैदराबाद-सिकंदरबाद के तत्वावधान में अलमासगुड़ा, सीएन रेड्डी नगर, वनस्थलीपुरम स्थित प्रमेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्री महोत्सव व गणेश थाली का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ्। भजन कार्यक्रम में आज नरेन्द्र कुमावत एण्ड पार्टी जोधपुर ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अध्यक्ष दुदाराम बाबल, सरंक्षक सोहनलाल बांगड़ा, सचिव बाबूलाल पुनिया, कोषाध्यक्ष लिक्माराम खोखर, व सामज बन्धु उपस्थित थे।

## विश्व मंगल गौशाला में गौसेवा



हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आज अमावस्या पर विश्व मंगल गौशाला,सोमाराम विलेज, मेडचल में सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दिनेश नाथ योगी,सोहन नाथ एवं अमरनाथ ने दी। भोजन प्रसादी के लाभार्थी श्री आई माता सीरवी सेवा समिति रहे तथा हरी घास की व्यवस्था के लाभार्थी प्रभु राम सुथार एवं लक्ष्मी माजीसा फतेह नगर रहे। कार्यक्रम में लुंबाराम सीरवी, सांवल राम,नारायण राम,राजू राम बर्फ़ा,मांगीलाल,सेलाराम, प्रेमाराम, साराम, केनाराम, दलाराम, नारायण लाल, हकाराम, राजूराम प्रजापत एवं गौशाला के अध्यक्ष टीवी सुरेश, उदय भास्कर, वेंकट रेड्डी, शांतिलाल सुथार एवं अन्य गौ भक्त उपस्थित रहे।



पारसीगुटा स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज तेलंगाना समाज बन्धुओं के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित जागरण में भजन प्रस्तुत करते हुए नैनाराम परिहार। अवसर पर भोले बाबा की पुजा-अर्चना, अभिषेक, भजनोफ्फ़ व प्रसाद का लाभ लेते हुए अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सहसचिव हिराराम खंडाला, सलाहकार परसराम बर्फा, जसवन्त देवड़ा, मनोनित सदस्य रामलाल परिहार, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबुराम पंवार, सचिव चेलाराम भायल, खेल मंत्री हिमताराम हाम्बड़, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, उपाध्यक्षा अनिता सोयल, सचिव निर्मला देवड़ा, कोषाध्यक्षा नीलु लचेटा, सलाहकार गवरीदेवी परिहार व समाज बन्धु।

## पीएनबी द्वारा कृषि लोकसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन एक को

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक, हैदराबाद द्वारा कृषि विकास, रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समर्थन, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक मार्च को स्थानीय राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (निम्से), युसुफगुडा, हैदराबाद में कृषि लोकसंपर्क (आउटरीच) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कृषि लोकसंपर्क कार्यक्रम का उद्देश्य वित्तीय सहायता के माध्यम से किसान एवं कृषि व्यवस्था से जुड़े उद्यमियों को सशक्त बनाना है। इसका सूत्र वाक्य है - "कृषि को बढ़ाना : प्रगति एवं विकास का मार्ग प्रशस्त करना। कार्यक्रम में %0 से अधिक शाखाएं भाग लेंगी। अंचल प्रबंधक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक अपनी विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं के माध्यम से कृषि विकास, कृषि से संबंधित उत्पादों, मशीनरी खरीद आदि में सहयोग करता रहा है।

# महाशिवरात्रि का भव्य जागरण मनाया गया



बंडलागुडा विलेज स्थित श्री देवासी समाज संघ समाज बन्धुओं द्वारा दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव में भजन प्रस्तुत करते हुए भानारामजी देवासी नागौ। अवसर पर पुजा-अर्चना, भजनोफ्फ़ व महाप्रसादी का लाभ लेते हुए अध्यक्ष नेमाराम मादलिया, उपाध्यक्ष केसाराम बिराटिया, किशनलाल देवासी, मोहनलाल खताना, भरतराम, रामेश्वरलाल, शिवराम, मदनलाल, रामनिवास, महेन्द्र देवासी व समाज बन्धु।

# शतकों के महारिकॉर्ड पर विराट कोहली की नजर

## सचिन तेंदुलकर भी नहीं कर सके थे ये कारनामा

खेल डेस्क, 27 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की है. विराट कोहली वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं. अब उनकी नजर एक ऐसे रिकॉर्ड पर है जो क्रिकेट की दुनिया में अभी तक कोई भी बल्लेबाज नहीं बना सका है. इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को बनाने के लिए विराट कोहली को वनडे में एक और शतक की जरूरत है. ऐसे में विराट की नजर चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान ही इस रिकॉर्ड को अपने नाम करने पर रहने वाली है.

**शतकों के महारिकॉर्ड पर विराट की नजर**

विराट कोहली ने क्रिकेट जगत में अपनी शानदार बल्लेबाजी से एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करने के करीब पहुंच चुके हैं. वह वनडे क्रिकेट में 52 शतक लगाने से सिर्फ एक शतक दूर हैं, अगर विराट ऐसा करने में कामयाब रहते हैं तो, तो वह क्रिकेट के किसी भी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे. फिलहाल वह सचिन तेंदुलकर के साथ बराबरी पर हैं. सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट में 51 शतक लगाए थे. ऐसे में विराट को इस लिस्ट में सबसे आगे निकलने के लिए सिर्फ 1 शतक की ही जरूरत है.

विराट कोहली ने अपने वनडे करियर की शुरुआत 2008 में की थी, और तभी से वह बल्लेबाजों के बीच एक मजबूत स्थान बना चुके थे. कोहली ने शतक बनाने की शुरुआत 2010 में की थी और तब से लेकर अब तक वे कई बार इस मुकाम तक पहुंचे हैं. विराट ने इस फॉर्मेट में लगातार रन बनाए हैं, जो उन्हें वर्ल्ड क्रिकेट में सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक बनाता है. विराट कोहली के लिए वनडे क्रिकेट में शतक लगाने का सिलसिला लगातार जारी रहा है.



**पाकिस्तान के खिलाफ खेली यादगार पारी**

विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ 111 गेंदों पर नाबाद 100 रन की शानदार पारी खेली थी. इस दौरान उन्होंने 7 चौके लगाए थे.

बता दें, विराट कोहली ने पहली बार साल 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी खेली थी.

लेकिन ये पहला मौका था जब विराट ने इस टूर्नामेंट में शतक जड़ा. वहीं, इंटरनेशनल क्रिकेट में ये उनका 82वां शतक था.

वह इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. सचिन तेंदुलकर 100 शतक के साथ सबसे आगे हैं.

# चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने पर पाकिस्तान में हंगामा

## पीएम शहबाज संसद में मुद्दा उठाएंगे; 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली थी

रावलपिंडी, 27 फरवरी (एजेंसियां)। मेजबान पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी से एक भी मैच जीते बिना बाहर हो गया है। टीम के खराब प्रदर्शन से पाकिस्तान में बवाल मचा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस मामले की कैबिनेट और संसद में चर्चा करेंगे।

पीएम के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राना सनाउल्लाह ने जियो TV के कार्यक्रम जियो पाकिस्तान में यह जानकारी दी। चैनल ने दावा किया है कि यह मामला संसद में उठाया जाएगा।

गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ टीम का आखिरी मुकाबला रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हो गया है। पाकिस्तान को पहले मैच में न्यूजीलैंड और दूसरे में भारत ने हराया था।

पाकिस्तान को 29 साल बाद ICC टूर्नामेंट की मेजबानी मिली। इससे पहले 1996 में भारत के साथ मिलकर पाकिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी की थी।





इस टूर्नामेंट के लिए हमने 12 से 14 अरब रुपए खर्च किए, लेकिन टीम हार गई। मुझे इस बात का बहुत अफसोस हुआ। दुनिया क्रिकेट खेलेगी और हम तमाशाई बन गए हैं। जितनी तवज्जो स्टेडियम को दी गई। उतनी ही टीम को देनी चाहिए थी। इससे पूरा पाकिस्तान मायूस है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एक स्वतंत्र ऑर्गेनाइजेशन है। इसमें बेपनाह पैसा है, यहां पर अधिकारी पैसे के लिए टिके हुए हैं। लोग डेपुटेशन पर अपनी ड्यूटी लगवाते हैं, जिससे एक सिस्टम बन गया है। मेरा मानना है कि पीसीबी को सरकार नियंत्रित करे।

**एक भी मैच नहीं जीत सका पाकिस्तान, सिर्फ एक अंक मिला**

पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में एक भी जीत हासिल नहीं कर सकी है। ग्रुप ए की पॉइंट्स टेबल में टीम के पास महज एक अंक है। बांग्लादेश को भी एक अंक मिला है।

भारत और न्यूजीलैंड की टीमें 4-4 अंक लेकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।

**टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर**

पाकिस्तान की टीम लगातार तीसरे आईसीसी टूर्नामेंट के लीग राउंड से बाहर हो गई है। इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप और 2023 वनडे वर्ल्ड कप में भी पाकिस्तानी टीम टॉप-4 में नहीं पहुंच सकी थी। टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकबी को फटकारा गया था। वहीं, वनडे वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद कप्तान, कोच और पीसीबी चीफ को हटाया गया था।

# अर्जुन तेंदुलकर की जमकर धुनाई, 2 विकेट लिए लेकिन 7 छक्के लगाकर पांडे ने छीनी जीत

नवी मुंबई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के आगाज में अब एक महीना भी बाकी नहीं रह गया है और इसीलिए बड़े-बड़े घरेलू क्रिकेटर्स ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. कई बड़े खिलाड़ी टी20 टूर्नामेंट्स खेल रहे हैं और कुछ ऐसा ही अर्जुन तेंदुलकर ने भी किया है. अर्जुन तेंदुलकर डीवाई पाटिल टी20 लीग में हिस्सा ले रहे हैं. वो डीवाई पाटिल ब्लू टीम का हिस्सा हैं और हुए मुकाबले में उनकी टीम को करारी शिकस्त मिली. अर्जुन तेंदुलकर का भी इस मुकाबले में खराब प्रदर्शन रहा. उन्हें 2 विकेट तो मिले लेकिन बाएं हाथ का ये तेज गेंदबाज 4 ओवर में 37 रन लुटा बैठा. अंत में उनकी टीम 28 रनों से मैच हार गई.



**अर्जुन की धुनाई, पांडे ने लगाए 7 छक्के**

अर्जुन तेंदुलकर ने इस मुकाबले में प्रसिद्ध कृष्णा के साथ ओपन बॉलिंग की. जिसमें उन्होंने 9 डॉट गेंद फेंकी लेकिन वो अपने 4 ओवर में 5 चौके और एक छक्का भी लगवा बैठे. उनका इकॉनमी रेट 9.25 रन प्रति ओवर रहा. वैसे उनके अलावा चिराग जानी, कार्श कोठारी और परीक्षित वलसांगकर की भी जमकर धुनाई हुई और यही वजह है कि बीपीसीएल टीम 20 ओवर नहीं खेल सकी लेकिन इसके बावजूद उसने 181 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया.

**मनीष पांडे ने लगाए 7 छक्के**

बीपीसीएल के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन मनीष पांडे ने किया. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सिर्फ 37 गेंदों में 73 रन बनाए. इस खिलाड़ी ने अपनी पारी में 7 छक्के और 3 चौके लगाए. पांडे का स्ट्राइक रेट 197.30 रहा.

उनके अलावा अखिल हेरवाडकर ने 38 और एकनाथ केरकर ने 32 रन बनाए. जवाब में डीवाई पाटिल ब्लू की टीम फेल रही. यश ढुल 19 रन बना पाए. आयुष बढोनी 21 ही रन बना सके. अर्जुन तेंदुलकर को नंबर 4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और वो 11 गेंदों में 5 रन बनाकर आउट हो गए. डीवाई पाटिल ब्लू टीम में सिर्फ नेहाल वढेरा ने अर्धशतक लगाया.

वढेरा ने 37 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाए. बीपीसीएल की ओर से संदीप शर्मा ने सिर्फ 19 रन देकर 2 विकेट लिए. भव्य अतरे, श्रेयस गोपाल और सागर उडेशी ने भी 2-2 विकेट झटके.

# आईओसी को विश्व मुक्केबाजी से अस्थाई मान्यता मिली

लुसाने, 27 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने विश्व मुक्केबाजी को अस्थायी मान्यता दे दी जिससे अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) अब बेमानी हो गया।

इससे अब 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मुक्केबाजी के बरकरार रहने की उम्मीदें भी बढी है चूंकि अब इस खेल के कामकाज का संचालन विश्व मुक्केबाजी के हाथ में होगा।

आईबीए की मान्यता 2023 में रद्द कर दी गई थी। आईओसी ने एक बयान में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने आज एक बैठक के बाद अस्थायी तौर पर विश्व मुक्केबाजी को अंतरराष्ट्रीय महासंघ के तौर पर मान्यता दी है।'



# रोहित शर्मा बाहर हुए तो ओपनिंग कौन करेगा?

दुबई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। लेकिन अब न्यूजीलैंड मैच से पहले कप्तान रोहित शर्मा ने नेट सेशन में भाग नहीं लिया है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि रोहित शर्मा चोटिल हैं और शायद न्यूजीलैंड के खिलाफ ना खेलें।



दुबईः भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक शानदार रहा है। टीम ने अब तक खेले दोनों मुकाबले जीते हैं। भारत ने पहले मुकाबले में बांग्लादेश तो दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया है। इसी के साथ अब भारतीय टीम सेमीफाइनल में भी पहुंच गई है। हालांकि उससे पहले भारत को आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मार्च को खेलना है। लेकिन इससे पहले टीम इंडिया के लिए एक चिंता का विषय सामने आया है। रिपोर्ट्स हैं कि रोहित शर्मा ने बुधवार को कीवी टीम के खिलाफ मैच से पहले नेट सेशन में भाग नहीं लिया।

बता दें कि भारत-पाकिस्तान के मैच के दौरान उनको हैमस्ट्रिंग में परेशानी हुई थी। लेकिन मैच के बाद उन्होंने कहा था कि वह ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। लेकिन शर्मा जी का नेट सेशन स्किप करना अच्छा संकेत नहीं है। अब सवाल उठता है कि क्या रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेंगे या नहीं? और अगर नहीं खेलेंगे तो उनकी जगह ओपनिंग कौन करेगा। टीम इंडिया के पास 2 ऐसे खिलाड़ी हैं जो रोहित की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं।

अगर रोहित शर्मा रविवार तक पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं और न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला नहीं खेलते हैं तो उनकी जगह विराट कोहली या केएल राहुल में से कोई एक खिलाड़ी ओपनिंग कर सकता है। ज्यादा चांस केएल राहुल के लग रहे हैं। क्योंकि राहुल ने भारत के लिए वनडे में पारी का आगाज कई बार किया है।

विराट कोहली ने अब तक अपने वनडे करियर में 7 बार पारी का आगाज किया है, जिसमें उन्होंने 166 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 1 अर्धशतक भी देखने को मिला है। वहीं केएल राहुल ने 23 मैच बतौर ओपनर वनडे में खेले हैं, इस दौरान उन्होंने 3 सेंचुरी और 6 फिफ्टी के चलते 915 रन बनाए हैं।

# विजेंदर सिंह बीएफआई चुनाव लड़ने को तैयार



नई दिल्ली, 27 फरवरी (एजेंसियां)। ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने पीटीआई से कहा- जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी।

# टीम इंडिया में मॉर्ने मॉर्केल लौट आया

## न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से पहले अपने काम में जुटा

दुबई, 27 फरवरी (एजेंसियां)। 23 फरवरी को पाकिस्तान को हराने के बाद, टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले 26 फरवरी को अपनी पहली प्रैक्टिस की. इस प्रैक्टिस के दौरान 2-3 चीजें अलग दिखीं. एक तो शुभमन गिल प्रैक्टिस के लिए नहीं आए. और दूसरी बात ये कि टीम इंडिया में उस शख्स की एंट्री हुई, जिसे पाकिस्तान वाले मैच से पहले अचानक ही अपने घर लौटना पड़ा था. हम बात कर रहे हैं भारतीय टीम के बॉलिंग कोच मॉर्ने मॉर्केल की. खबरों के मुताबिक जिन्हें अपने पिता के निधन के चलते अपने देश लौटना पड़ा था.

मॉर्केल के अलावा ऋषभ पंत भी प्रैक्टिस ग्राउंड पर उतरे. पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले तबीयत खराब होने के चलते उन्होंने प्रैक्टिस नहीं की थी.



**मॉर्ने मॉर्केल की वापसी से हौसले बुलंद**

भारतीय टीम के नजरिए से मॉर्ने मॉर्केल की वापसी अच्छी खबर रही. मॉर्केल टीम इंडिया के सपोर्ट स्टाफ का अहम हिस्सा हैं. वो भारतीय टीम के बॉलिंग कोच हैं. पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया बिना अपने बॉलिंग कोच के ही मैदान पर उतरी थी.

मगर अब प्रैक्टिस सेशन में उन्हें देखकर साफ है कि टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी सेवाएं मिलती दिखेंगी.

**पंत भी प्रैक्टिस पर लौटे**

मॉर्केल के अलावा ऋषभ पंत भी प्रैक्टिस सेशन में नजर आए. बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज पंत टीम इंडिया का अहम हिस्सा हैं, मगर अभी तक उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है. टीम इंडिया केएल राहुल को ही फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर के तौर पर खिला रही है. पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले तबीयत खराब होने के चलते पंत ने प्रैक्टिस नहीं की थी.

भारत और न्यूजीलैंड का मैच दोनों टीमों के लिए ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच होगा. इससे पहले भारत-न्यूजीलैंड दोनों ने ही अपने-अपने सभी मैच टूर्नामेंट में अब तक जीते हैं.

# जिस गेंदबाज से खौफ खाते थे विराट कोहली, उसने रोनाल्डो से की तुलना

## बताया पाकिस्तान का रोल मॉडल

खेल डेस्क,, 27 फरवरी (एजेंसियां)। क्रिकेट में विराट कोहली का सिक्का चलता है. वो वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले क्रिकेटर हैं. इसके अलावा भी उनके नाम कई रिकॉर्ड तो दर्ज हैं ही, उन्हें हर बड़े मैच में प्रदर्शन करने के लिए भी जाना जाता है. शायद यही कारण कि कोहली को अपने करियर में जिस गेंदबाज से सबसे ज्यादा खौफ लगा, अब उसने ही उनकी तुलना दुनिया के बेस्ट फुटबॉलर माने जाने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो से कर दी है. हम बात कर रहे हैं मोहम्मद आमिर की. आमिर ने कोहली की जमकर तरीफ की है और उन्हें पाकिस्तान में सबसे बड़ा रोल मॉडल बताया है.

**आमिर ने क्या कोहली को लेकर क्या कहा?**

मोहम्मद आमिर का मानना है कि विराट कोहली ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रदर्शन के दम पर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में नाम कमाया है. वो हर मोर्चे पर बेस्ट हैं, इसलिए वो युवा क्रिकेटरों के सबसे बड़े रोल मॉडल हैं. आमिर ने कहा 'लोग रोनाल्डो से क्यों प्यार करते हैं? वे मेस्सी से क्यों प्यार करते हैं? अगर मैं रोनाल्डो के बारे में बात करूं, तो खास तौर पर उनके लाइफस्टाइल को देखिए. उनके चैरिटी का काम, उनका वर्क एथिक्स और उनकी फिटनेस देखिए. वो एक पूरा पैकेज हैं. इसी तरह, विराट कोहली भी एक कम्प्लीट पैकेज हैं. वह पाकिस्तान में भी रोल मॉडल हैं. देश मायने नहीं रखता. चाहे वह अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत या इंग्लैंड से हो, एक रोल मॉडल कहीं से भी हो सकता है. इस पीढ़ी के लिए विराट कोहली एक प्रेरणा हैं.'



आमिर ने आगे कहा कि 'विराट कोहली ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके लिए उम्र कोई मायने नहीं रखती. उनका वर्क एथिक्स उनके फॉर्म के आधार पर नहीं बदलता. वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले ट्रेनिंग के लिए 90 मिनट पहले आ गए थे. जो भी क्रिकेटर बनना चाहता है, जो बल्लेबाज बनना चाहता है, उसे विराट कोहली को जरूर फॉलो करना चाहिए.' बता दें आमिर वही गेंदबाज हैं, जिन्हें लेकर एकर इंटरव्यू में विराट ने कहा था कि इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका सामना करना उनके लिए सबसे मुश्किल रहा.

**विराट की सेंचुरी पर पाकिस्तान में सेलिब्रेशन**

मोहम्मद आमिर की बात बिल्कुल सच लगती है, क्योंकि विराट कोहली फॉर्म में नहीं थे. इसके बावजूद पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले में उन्होंने नाबाद शतक जड़ दिया. साथ ही टीम इंडिया को जीत दिलाई. कोहली ने 100 रनों की पारी एक ऐसे मौके पर खेली, जब रोहित शर्मा और शुभमन गिल आउट हो गए. इतना ही नहीं उनकी सेंचुरी पर पाकिस्तान में जश्न भी मनाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था.

# रियो में अज्ञात शख्स ने अर्जेंटीना के दो फैंस को गोली मारी

## रिकोपा सुदामेरिकाना मैच से पहले की घटना

रियो डी जेनेरियो, 27 फरवरी (एजेंसियां)। रिकोपा सुदामेरिकाना फाइनल के दूसरे चरण से पहले रियो डी जिनेरियो में अर्जेंटीना के दो फुटबॉल प्रशंसकों को गोली मार दी गई। यह मैच मेहमान टीम रेसिंग और स्थानीय बोटाफोगो के बीच खेला जाना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि दोनों प्रशंसक शहर के पश्चिमी हिस्से में बारा दा तिजुका के क्षेत्र में एक समुद्र तट पर थे जब उन्हें लूट लिया गया और एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें गोली मार दी।

रियो के स्वास्थ्य सचिवालय ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों में से एक का मिगुएल कोटो अस्पताल में ऑपरेशन किया जा रहा है और दूसरे की हालत स्थिर है जो लौरेंको जॉर्ज अस्पताल में है। टीवी फुटेज में दिखाया गया कि उनमें से एक को रियो अग्निशमन विभाग के हेलीकॉप्टर से अस्पताल ले जाया गया।



रियो पुलिस जांच कर रही है और कहा कि कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। रेकोपा सुदामेरिकाना खिताब कोपा लिबर्टाडोरेस (बोटाफोगो) और कोपा सुदामेरिकाना (रेसिंग) के विजेताओं के बीच खेला जाता है। पिछले सप्ताह अर्जेंटीना की टीम ने ब्यूनस आयर्स में बोटाफोगो को 2-0 से हराया था। दूसरा चरण गुरुवार को निल्टन सैंटोस स्टेडियम में होगा।

# तेलंगाना के विकास को कोई नहीं रोक सकता: रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने एचसीएल टेक केआरसी कैंपस का उद्घाटन किया




हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि तेलंगाना विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और तेलंगाना के विकास की गति को रोका नहीं जा सकता। उन्होंने गुरुवार को हैदराबाद में एचसीएल टेक केआरसी कैंपस का उद्घाटन किया। भाषण के दौरान, रेवंत रेड्डी ने उल्लेख किया कि राज्य सरकार बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर सक्रिय रूप से हस्ताक्षर कर रही है और पूरे साल इन समझौतों के अनुसार नई परियोजनाएं शुरू कर रही है, जिससे राज्य देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में से एक बन गया है। "यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि तेलंगाना ने सिर्फ एक साल के भीतर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों कंपनियों से उच्चतम स्तर का निवेश हासिल किया है और रोजगार सृजन में भी पहला स्थान हासिल किया है। राज्य ने सबसे कम मुद्रास्फीति दर को बनाए रखते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता में सबसे अधिक प्रगति का दावा किया है," रेवंत रेड्डी ने कहा। उन्होंने कहा, "कुछ लोग तेलंगाना को एक ट्रिलियन डॉलर जीडीपी वाला राज्य बनाने की मेरी महत्वाकांक्षा को लेकर संशय में थे, उनका दावा था कि यह अप्राप्य है। हालांकि, दावोस की दो यात्राओं के दौरान 41,000 करोड़ रुपये और 1.78 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हासिल करने के बाद, वे मेरे विजन के महत्व को पहचानने लगे हैं।" मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जब उन्होंने उल्लेख किया कि उनकी प्रतिस्पर्धा मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु या चेन्नई से नहीं है, तो कुछ लोगों ने इसे अवास्तविक आकांक्षा बताकर खारिज कर दिया। रेवंत रेड्डी ने कहा, "वर्तमान में, हम हैदराबाद को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने वाले अग्रणी शहर के रूप में स्थापित कर रहे हैं और राज्य को डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, जीवन विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, विनिर्माण और कृषि प्रसंस्करण के केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। लोग अब घोषणा कर रहे हैं कि हैदराबाद राइजिंग की गति को रोका नहीं जा सकता है और यह भावना वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त कर रही है। हालांकि हैदराबाद राइजिंग को लेकर कुछ संशय है, लेकिन अब दुनिया इस पर ध्यान दे रही है।" मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एचसीएल टेक, एक वैश्विक उद्यम के रूप में, भारत के लिए गर्व का स्रोत है, जो 220,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ 60 देशों में काम कर रहा है, और डिजिटल सेवाओं, इंजीनियरिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अत्याधुनिक तकनीक बनाने में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि एचसीएल कंपनी 2007 में हैदराबाद में आने के बाद से कदम दर कदम बढ़ी है और 3.2 लाख वर्ग फीट की इसकी नई विश्व स्तरीय सुविधा हैदराबाद में 5,000 नौकरियां प्रदान करेगी।

## राज्यपाल ने महिला शिक्षा के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कस्तूरबा गांधी डिग्री एवं पीजी कॉलेज फॉर विमेन, वेस्ट मारेडपल्ली, सिकंदराबाद ने 27 फरवरी, 2025 को अपना कॉलेज दिवस मनाया। इस अवसर पर राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा उपस्थित थे। उनका स्वागत अध्यक्ष पी. नरोत्तम रेड्डी और अन्य ओजीए सदस्यों ने किया। कॉलेज सचिव मोहम्मद फहीमुद्दीन ने कॉलेज की विरासत पर बात की, जिसके बाद प्रिंसिपल डॉ. राजश्री आर. ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने महिला शिक्षा के लिए अपना पूर्ण समर्थन देने का वादा किया। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि वे संस्थान द्वारा प्रदान की गई नींव पर काम करें और सीखते रहें, आगे बढ़ें और जो कुछ भी करें उसमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें। उन्होंने 51वें कॉलेज दिवस के उपलक्ष्य में पत्रिका का विमोचन किया। शैक्षणिक वर्ष 2023-2024 के लिए कॉलेज के शैक्षणिक, खेल और एनसीसी टॉपरों को भी पुरस्कार दिए गए।

# गैर-विद्युत उद्योगों ने सिंगरेणी से कोयले की कीमत कम करने का आग्रह किया

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गैर-विद्युत उद्योगों के प्रबंधन ने आज सिंगरेणी कॉरपोरेशन से अपील की कि यदि सीमेंट, स्पंज, लोहा, सिरेमिक और फार्मा जैसे कोयला आधारित उद्योगों को आज की कठिन बाजार स्थितियों में जीवित रहना है तो उसे अपने कोयले की कीमत कम करनी होगी। उन्होंने कहा, "खासकर हमारे उद्योगों के भविष्य और हम पर निर्भर हजारों स्थानीय छोटे कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए, कोयले को विदेश से या अन्य कोयला कंपनियों से कम कीमत पर आयात करना पड़ता है।" गुरुवार को सिंगरेनी भवन में कंपनी द्वारा आयोजित गैर-बिजली उपभोक्ता बैठक में पहली बार 60 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सभी क्षेत्रों के जीएम, गुणवत्ता जीएम और गुणवत्ता प्रभारियों के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए, कंपनी के सीएमडी एन बलराम ने जानना चाहा कि पिछले साल सिंगरेनी द्वारा उत्पादित 70 मिलियन टन कोयले में से नौ मिलियन टन गैर-बिजली उपभोक्ताओं द्वारा खरीदा गया था और इस साल केवल पांच मिलियन टन लेने का कारण क्या है। सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि वे दशकों से सिंगरेणी से जुड़े हुए हैं और उन्होंने कहा कि बिना किसी परिवहन समस्या के सिंगरेणी से कोयला लेने की संभावना भी है। "लेकिन, हम पहले से ही प्रतिस्पर्धी बाजार में कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं और चूंकि सिंगरेनी कोयले की कीमतें अधिक हैं, इसलिए हमें कोल इंडिया और विदेशी कोयले का रुख करना होगा जो कम कीमत पर उपलब्ध है। कोयला भले ही दूर-दराज के इलाकों से खरीदा जा रहा है, लेकिन यह सिंगरेनी मूल्य की तुलना में कम दर पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि कोयले की कीमत कम की जाती है तो हम सिंगरेनी से इसे स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। सीएमडी एन. बलराम ने कोयले की गुणवत्ता के मामले में उठाए गए मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के मामले में सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं और सिंगरेनी बाजार के हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपायों पर चर्चा की जाएगी और उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही एक और बैठक बुलाई जाएगी। निदेशक डी. सत्यनारायण राव (ईएंडएम), एलवी सूर्यनारायण (संचालन), कोल मूवमेंट के कार्यकारी एस.डी.एम. सुभानी, जीएम (मार्केटिंग) डी. रवि प्रसाद, जीएम (सीपीपी) मनोहर, ओएसडी (मार्केटिंग) एन.वी. राजशेखर राव, डीजीएम सुरेंद्र राजू, अतिरिक्त प्रबंधक महेंद्र रेड्डी और अन्य ने बैठक में भाग लिया। बैठक में नवभारत, आईटीसी, ओरिएंट सीमेंट, अल्ट्रा टेक सीमेंट, डिविस लैबोरेटरीज, हेटेरो फार्मा, सिरपुर पेपर मिल्स और अन्य कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मेट्रो रेल के खंभे से कार टकराने से 5 घायल

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को केपीएचबी में एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर मेट्रो रेल पिलर से टकराने से 5 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना का कारण तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाना माना जा रहा है। यह घटना उस समय घटी जब चालक सहित पांच यात्रियों को लेकर वाहन मियापुर से कुकटपल्ली की ओर जा रहा था।

जैसे ही वह केपीएचबी के पास पहुंचा, चालक ने स्टीयरिंग पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन मेट्रो पिलर से टकरा गया। उसी गति से कार ने आगे चल रही एक अन्य कार को भी टक्कर मारी और फिर रुक गई। इस घटना के कारण व्यस्त सड़क पर यातायात जाम हो गया। कार में सवार यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। केपीएचबी पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या घटना के समय कार चालक और यात्री नशे में थे।

# कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प से तनाव

मंचेरियल, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को नासपुर मंडल केंद्र में एमएलसी चुनाव के एक मतदान केंद्र पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सदस्यों पर कथित रूप से हमला करने पर कुछ समय के लिए तनाव व्याप्त हो गया।

भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र पर धरना दिया और स्थानीय सब-इंस्पेक्टर एन सुगुणाकर राव द्वारा भाजपा नेता कमलाकर राव पर कथित हमले का विरोध किया। घटना की जानकारी मिलने पर पार्टी के नेता वी रघुनाथ राव स्टेशन पहुंचे और प्रदर्शनकारियों में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी नेता के साथ हाथापाई करने के लिए सुगुणाकर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

इस बीच, कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और भाजपा के सदस्यों से बहस करने लगे। इसके बाद उन्होंने धरना देने वाले भाजपा के सदस्यों की पिटाई कर दी। भाजपा के सदस्यों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया, जिससे तनाव की स्थिति पैदा हो गई। इसके बावजूद मतदान बिना रुके जारी रहा। हालांकि, मतदान केंद्र पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों गुटों को शांत कराकर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया।

## कांग्रेस जिला प्रमुख और अन्य पर हमला करने का मामला

कुमराम भीम आसिफाबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) के अध्यक्ष के विश्वप्रसाद के खिलाफ कुछ महीने पहले कांग्रेस नेता ए श्याम नाइक पर हमला करने के आरोप में बुधवार को एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि नवंबर में आसिफाबाद कस्बे में आयोजित पार्टी की बैठक के दौरान नाइक और उनके समर्थकों की पिटाई करने के आरोप में विश्वप्रसाद और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह बैठक आसिफाबाद कस्बे में पिछड़ी जातियों की जनगणना के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए आयोजित की गई थी, जिससे पार्टी में अंदरूनी कलह उजागर हुई।

बैठक तब भी जारी रही जब नाइक अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल के पास सड़क पर धरना देकर विश्वप्रसाद को कांग्रेस से निलंबित करने की मांग कर रहे थे। उन्हें और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें आसिफाबाद पुलिस स्टेशन ले जाया गया। उन्होंने पार्टी के कार्यक्रमों के दौरान प्रोटोकॉल का पालन न करने के लिए पार्टी नेतृत्व के समक्ष विश्वप्रसाद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विश्वप्रसाद जहां लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हैं, वहीं नाइक 2023 में तेलंगाना विधानसभा चुनाव में सड़क परिवहन अधिकारी के पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने आसिफाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और 60,238 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे। वह खानपुर की पूर्व विधायक रेखा नाइक के पति हैं।

## पॉक्सो मामले में 10 साल जेल

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की एक स्थानीय अदालत ने 2019 में पहाड़ीशरीफ में दर्ज एक पोक्सो मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराया और 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस व्यक्ति पर 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, जबकि पीड़िता को 3 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। 2019 में जालपल्ली निवासी मोहम्मद इदरीस ने एक नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर सुनसान जगह पर ले जाकर उसका यौन शोषण किया था। बाद में लड़के ने अपने परिवार के बुजुर्गों को इस बारे में बताया, जिन्होंने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। पहाड़ीशरीफ पुलिस ने इदरीस के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। सुनवाई के बाद एलबी नगर की एक अदालत ने उसे दोषी पाया और उसे 10 साल की जेल की सजा सुनाई और उस पर 15,000 रुपये का जुर्माना लगाया। उसे सेंट्रल जेल चेरलापल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया।

## केटीआर ने सीएम रेवंत रेड्डी की आलोचना की

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री केटी रामा राव ने आज दावा किया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी अपनी अक्षमता और प्रशासनिक विफलता को छिपाने के लिए पिछली सरकार पर दोष मढ़ रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी सीएम के तौर पर अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रुकी हुई एसएलबीसी परियोजना को बिना एहतियाती उपाय किए और जीएसआई और इंजीनियरिंग विशेषज्ञों जैसी एजेंसियों से परामर्श किए बिना अवैध धन कमाने के लिए पुरानी मशीनों से शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी की धन की लालसा के कारण ही एसएलबीसी सुरंग ढहने की दुर्घटना में आठ श्रमिक फंस गए। उन्होंने कहा, "यह चिंता का विषय है कि वे जीवित हैं या नहीं। इसके लिए पूरी तरह से रेवंत रेड्डी जिम्मेदार हैं।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी ने दयनीय श्रमिकों की रक्षा करने के बजाय दोषारोपण का खेल शुरू कर दिया है। उन्होंने लोगों का भला करने के बजाय भगवान द्वारा दिए गए अवसर का उपयोग राजनीति में लिप्त होने के लिए करने के लिए सीएम की आलोचना की।

# जोगुलम्बा मंदिर के पुजारी मुश्किल में

## आलमपुर विधायक ने स्पीकर से की थी शिकायत
## चोरी-छुपे तस्वीरें और वीडियो बनाने का मामला

जोगुलम्बा गडवाल, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जोगुलम्बा आलमपुर मंदिर के वरिष्ठ पुजारी आनंद शर्मा आलमपुर के विधायक विजयुडू और उनके परिवार की उस समय तस्वीरें और वीडियो बनाने के कारण मुश्किल में फंस गए हैं, जब वे एक थिएटर में फिल्म देख रहे थे। दलित विधायक ने द्वितीय नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के अलावा स्पीकर जी प्रसाद कुमार से भी शिकायत की। इसके बाद स्पीकर ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिया कि वे जांच करें और पुजारी द्वारा विधायक और उनके परिवार की तस्वीरें और वीडियो बनाने के पीछे के मकसद की रिपोर्ट पेश करें।

यह घटना दो महीने पहले की है। विधायक विजयुडू अपने परिवार के साथ थिएटर में फिल्म देख रहे थे और संयोग से पुजारी भी थिएटर में मौजूद थे। पुजारी ने अपने चेहरे को रूमाल से ढककर विधायक और उनके परिवार के सदस्यों की तस्वीरें खींच लीं। पुजारी को देखते ही विधायक ने तुरंत उसे पकड़ लिया और उसका मोबाइल चेक किया। विधायक ने पुजारी से पूछा कि वह तस्वीरें और वीडियो क्यों बना रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, घटना से नाराज विधायक ने आईआई-टाउन पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और जांच जारी है।

विधायक ने इस घटना को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से शिकायत भी की है और उन्होंने जिला कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी है। जिला प्रशासन द्वारा एक-दो दिन में रिपोर्ट सौंपे जाने की उम्मीद है। इससे पहले भी विधायक ने मंदिर में अपने दौरे के दौरान पुजारी द्वारा प्रोटोकॉल का पालन न करने पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुजारी के खिलाफ कुछ अन्य शिकायतें भी थीं।

## सदाशिवपेट में महिला से बलात्कार के बाद हत्या

संगारेड्डी, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अज्ञात व्यक्तियों ने सदाशिवपेट शहर में एमपीडीओ कार्यालय के निकट एक सुनसान स्थान पर एक महिला के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोगों को गुरुवार सुबह शव मिला। उसकी पहचान नंदी कंडी की रहने वाली सारा लक्ष्मी (32) के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदाशिवपेट के सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। इस बीच, पुलिस बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। जांच जारी है।

## प्रो. वी. वेंकट रमण ने कार्यभार संभाला

हैदराबाद, 27 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता )। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) के प्रबंधन अध्ययन विद्यालय के प्रो. वी. वेंकट रमण को हैदराबाद विश्वविद्यालय में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) का प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) शिक्षकों/संकाय की क्षमता और प्रशिक्षण को बढ़ाने के लिए काम करता है। मिशन का उद्देश्य शिक्षण, शोध, प्रकाशन, पेटेंट और संस्थागत विकास में भारतीय मूल्यों और लोकाचार को एकीकृत करके उच्च शिक्षा को बदलना है। एमएमटीटीसी के कार्यों में नव नियुक्त कॉलेज/विश्वविद्यालय संकाय सदस्यों के लिए संकाय प्रेरण कार्यक्रम (एफआईपी) की योजना बनाना, आयोजन करना और उसे लागू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, एमएमटीटीसी कार्यरत शिक्षकों, शोधकर्ताओं, वरिष्ठ प्रशासकों, विभागाध्यक्षों, प्राचार्यों, अधिकारियों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों आदि के लिए लघु अवधि कार्यक्रम/संकाय विकास कार्यक्रम (एसटीपी/एफडीपी), पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (आरसी) इत्यादि का आयोजन करेगा और एनईपी उन्मुखीकरण और संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें एनईपी 2020 विषयों पर उन्मुख करेगा।









Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.